राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-239
लखनऊ, शुक्रवार 19 अप्रैल, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे दलों ने बनाया इंडी गठबंधन : केशव 03

एलएसजी के सामने चेन्नई के गेंदबाजों की कठिन चुनौती 12


# आम चुनाव : पहले चरण के 102 सीटों पर मतदान आज

**चुनाव का पर्व**

- निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध
- शुक्रवार सुबह सात बजे से मतदान
- उम्रदराज और दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध



एजेंसी, नई दिल्ली।

आम चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) में 102 संसदीय सीटों के लिए शुक्रवार (आज) सुबह सात बजे मतदान शुरू होगा। जिसके लिए, चुनाव अधिकारी मतदान केन्द्रों पर पहुंचा दिये गये हैं।

पहले चरण में लोक सभा के साथ साथ अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा कुल 92 सीटों के लिए भी मतदान कराये जाएंगे।चुनाव आयोग ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए, सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं और उम्रदराज और दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। लोक सभा के पहले चरण के चुनाव में 16.63 करोड़ मतदाता केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी, किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल सहित कुल आठ केन्द्रीय मंत्रियों, दो पूर्व मुख्यमंत्रियों और एक पूर्व राज्यपाल 1605 प्रत्याशी के चुनावी भविष्य का फैसला करेंगे। आयोग की ओर से गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार मतदान आज सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान कराया जाएगा। आयोग के अनुसार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के समय अलग-अलग भी हो सकते हैं। इसके लिए सभी मतदान केन्द्रों पर चुनाव कराने वाली अधिकारियों की टीमें ईवीएम मशीनों के साथ पहुंचा दी गयी हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने आम चुनाव-2024 के पहले चरण के मतदान दिवस की पूर्व संध्या पर देश के 97 करोड़ मतदाताओं के नाम संदेश में कहा कि आप अपना वोट डालें और 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' के उत्सव में भाग लें। निर्वाचन आयोग ने चुनाव को सहभागिता के साथ स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तथा प्रलोभन मुक्त रखने और इसके लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। आयोग इन चुनावों के लिए पिछले दो वर्षों से तैयारी कर रहा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुमार और निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और श्री सुखबीर सिंह संधू ने चुनाव की तैयारी को अंतिम रूप दिया। पहले चरण में मताधिकार प्राप्त 16.63 करोड़ मतदाताओं में 8.4 करोड़ पुरुष और 8.23 करोड़ महिला तथा 11,371 उभयलिंगी मतदाता हैं। पहली बार मतदान करने वाले 35.67 लाख मतदाता हैं और 20 से 29 वर्ष आयु वर्ग के 3.51 करोड़ युवा मतदाता हैं। पहले चरण में भाग्य अजमाने के लिए 625 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे है, जिनमें से 1491 पुरुष और 134 महिला उम्मीदवार हैं। मतदाताओं के लिए मतदान करने के लिए 1.87 लाख केंद्र बनाए गए हैं और स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए 18 लाख कर्मियों को तैनात किया गया है। कल होने वाले मदान में 102 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों (सामान्य- 73, एसटी- 11, एससी- 18) और अरुणाचल और सिक्किम में राज्य विधानसभा चुनावों में 92 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान शुरू होगा। पहले चरण में अन्य चरण की अपेक्षा निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या सबसे अधिक है। मतदान सुबह सात बजे शुरू होता है और शाम छह बजे समाप्त होता है। इसके अलावा मतदान और सुरक्षा कर्मियों को लाने-ले जाने के लिए 41 हेलीकॉप्टर, 84 विशेष ट्रेनें और लगभग एक लाख वाहन तैनात किए गए हैं।

## यूपी की आठ सीट पर पहले चरण के चुनाव के लिए मतदान आज

उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के मतदान के लिए प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं । इन सीटों पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए मतदाता भी तैयार हैं । पहले चरण में 19 अप्रैल को जिन सीटों पर मतदान होना है उनमें राज्य के पश्चिमी क्षेत्र की सहारनपुर, बिजनौर, कैराना, मुजफ्फरनगर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत लोकसभा सीट शामिल हैं। इन सीटों पर चुनाव प्रचार में सभी पार्टियों ने अपनी पूरी ताकत लगायी। लगभग सभी सीटों पर भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन, विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस ('इंडिया') और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। पुलिस महानिदेशक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रदेश के नौ जनपदों सहारनपुर, शामली, मेरठ, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत में स्थित आठ लोकसभा क्षेत्रों के 7,689 मतदान केंद्रों के 14,849 मतदेय स्थलों पर मतदान होना है। प्रथम चरण के मतदान से संबंधित नौ जनपदों में 248 नाके स्थापित किये गये हैं जहां वाहनों एवं संदिग्ध लोगों की सघन जांच जारी है। इनमें पीलीभीत के अंतरराष्ट्रीय सीमा प्रभावित क्षेत्र में 11 नाके बनाये गये हैं। डीजीपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, प्रथम चरण के मतदान को सकुशल संपन्न कराने हेतु 6018 निरीक्षक,उप निरीक्षक, 35750 मुख्य आरक्षी,आरक्षी, 24992 होमगार्डस, 60 कंपनी पीएसी बल तथा 220 कंपनी अर्ध सैनिक बल की व्यवस्था की गई है।

## आयोग ने शांतिपूर्ण और सुचारु रूप से चुनाव कराने के लिए कई निर्णायक कदम उठाए

आयोग ने शांतिपूर्ण और सुचारु रूप से चुनाव कराने के लिए कई निर्णायक कदम उठाए हैं। मतदान प्रक्रिया को सुरक्षित करने के लिए मतदान केंद्रों पर पर्याप्त रूप से केंद्रीय बलों को तैनात किया गया है। सभी मतदान केंद्रों पर माइक्रो पर्यवेक्षकों की तैनाती के साथ-साथ 50 प्रतिशत से अधिक मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की जाएगी। मतदान से कुछ दिन पहले ही 361 पर्यवेक्षक (127 सामान्य पर्यवेक्षक, 67 पुलिस पर्यवेक्षक, 167 व्यय पर्यवेक्षक) अपने निर्वाचन क्षेत्रों में पहुंच चुके हैं। इसके अतिरिक्त, कुछ राज्यों में विशेष पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया है। वीडियो निगरानी टीमें और 1255 वीडियो देखने वाली टीमें मतदाताओं को शामिल करने के किसी भी प्रकार से सख्ती से और तेजी से निपटने के लिए चौबीसों घंटे निगरानी रख रही हैं।

## स्वदेशी क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण

**उपलब्धि**

- मिसाइल बेहतर और विश्वसनीय प्रदर्शन उन्नत एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से भी लैस



एजेंसी, नई दिल्ली।

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज, दीपुर से गुरुवार को स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल (आईटीसीएम) का सफल उड़ान परीक्षण किया।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार परीक्षण के दौरान मिसाइल की सभी उप-प्रणालियों ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया। परीक्षण रेंज पर विभिन्न स्थानों पर तैनात रडार, इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम और टेलीमेट्री जैसे कई सेंसर द्वारा मिसाइल परीक्षण की निगरानी की गई थी। वायु सेना के सुखोई विमान से भी मिसाइल की उड़ान पर नजर रखी गई। इस सफल उड़ान परीक्षण के माध्यम से गैस टर्बाइन अनुसंधान प्रतिष्ठान (जीटीआरई), बेंगलुरु द्वारा विकसित स्वदेशी प्रणोदन प्रणाली को भी कसौटी पर परखा गया। यह मिसाइल बेहतर और विश्वसनीय प्रदर्शन उन्नत एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से भी लैस है। मिसाइल को अन्य प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के योगदान के साथ बेंगलुरु स्थित डीआरडीओ प्रयोगशाला वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान (एडीई) द्वारा विकसित किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईटीसीएम के सफल उड़ान-परीक्षण के लिए डीआरडीओ को बधाई दी है और कहा है कि स्वदेशी प्रणोदन द्वारा संचालित लंबी दूरी की स्वदेशी सबसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल विकास भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास के लिए एक मील का पत्थर है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने आईटीसीएम की सफल उड़ान परीक्षण पर डीआरडीओ की पूरी टीम को बधाई दी।

## संक्षिप्त समाचार

### मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 अप्रैल तक बढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को शराब नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 अप्रैल तक बढ़ा दी। न्यायिक हिरासत समाप्त होने पर सिसोदिया को राउज एवेन्यू कोर्ट जज कावेरी बावेजा के समक्ष पेश किया गया। कोर्ट ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी।

### सड़क दुर्घटना में कार सवार दो बच्चों समेत चार लोगों की मौत

एटा। एटा जनपद के थाना पिलुआ क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार को एक कार डिवाइडर से जा टकराई। इस भीषण दुर्घटना में दो दिन बाद होने वाली शादी का दूल्हा और दो बच्चों समेत चार लोगों की मृत्यु हो गई। दुर्घटना में पांच अन्य लोग घायल हुए हैं। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। सभी मृतक और घायल मैनपुरी जिले के रहने वाले हैं। यह दुर्घटना चालक को नींद की झपकी आने से होने की बात से आ रही है। इस दुर्घटना में मैनपुरी जिले के थ्योती कला थाना एलाऊ निवासी गुलशन तथा गांव साधनी दलीलपुर के रहने वाले कुलदीप के साथ एक वर्ष की नित्या और पांच वर्षीय आराध्या की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

### गेहूं की खड़ी में आग लगने से वृद्ध की जुलसने से मौत

देवरिया। देवरिया जिल के सदर तहसील क्षेत्र में गुरुवार को गेंहूँ की खड़ी फसल में आग लगने से एक बुजुर्ग किसान की झुलस कर मौत हो गई। सदर क्षेत्राधिकारी रुद्री ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम बलियवां में लगी आग तेज पछुआ हवा के बीच ग्राम गौरा तक पहुँच गई। आग से झुलस कर गौरी शुक्ला (70) की मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि मृतक बुजुर्ग तेज हवा में आग के बीच घिर गये थे तथा वे अपनी अवस्था के कारण भाग नहीं सके थे। आग से कई बीघे गेहूँ की फसल जल गई।

### सूदखोरी से परेशान भाइयों ने मारी थी रालोद नेता को गोली, गिरफ्तार

गाजियाबाद। राष्ट्रीय लोकदल के नेता को गोली मारने के मामले में दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार दोनों आरोपितों ने बताया कि आरएलडी नेता ने एक आरोपित को डेढ़ लाख रुपये ब्याज पर दिया था। उसने काफी रुपये वापस कर दिए थे लेकिन वह पांच लाख रुपये का तकादा करता था और आए दिन उसके साथ बदसलूकी करता था। इससे परेशान होकर उसने अपने भाई के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी सरकार पर लगाया पांच लाख का जुर्माना

**नाराजगी**

- मध्यस्थता अवार्ड को सीपीसी की धारा 47 के तहत चुनौती देना सही नहीं

प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।

इलाहाबाद हाईकोर्ट से यूपी सरकार को तगड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने मध्यस्थता एवं सुलह समझौता अधिनियम की धारा 36 के तहत हुए निस्तारित मामले को सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 47 के तहत चुनौती देने पर यूपी सरकार पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

कोर्ट ने कहा कि मध्यस्थता एवं सुलह समझौते के तहत हुए अवार्ड को सीपीसी की धारा 47 के तहत चुनौती नहीं दी जा सकती है। यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी. सर्राफ ने यूपी सरकार की ओर से बिजनौर के राजबीर सिंह के खिलाफ दाखिल अपील को खारिज करते हुए दिया है।

कोर्ट ने मामले में यूपी सरकार की ओर से मामले में अपनाई गई रणनीति पर नाराजगी भी जाहिर की। कहा कि यह सरकार की विलम्ब और बाधा पैदा करने वाली व्यवहार की विशेषता है।

कोर्ट ने कहा कि विलम्ब की रणनीति पक्षकारों को उनके उचित अधिकारों से वंचित करके अन्याय को कायम करने का काम करती है।

## दंगा, कर्फ्यू जमाने की बात, अब है विकास का साम्राज्य : योगी

बुलंदशहर, समृद्धि न्यूज।



**संबोधन**

- राम-राम और माफिया-अपराधियों के लिए राम नाम सत्य की यात्रा के रास्ते खुले रहेंगे

सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के शासनकाल में दंगा और कर्फ्यू आम बात थी जबकि उनकी सरकार में सदृढ़ कानून व्यवस्था के चलते विकास का साम्राज्य है।

सिकंदराबाद में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुये श्री योगी ने कहा कि आस्था, सुरक्षा व समृद्धि के लिए भाजपा आवश्यक है। सपा-बसपा व कांग्रेस के लोग कर्फ्यू वाले हैं। इनके राज में महीनों कर्फ्यू लगा रहता था पर आज प्रदेश में कर्फ्यू नहीं है। दंगा कराकर यह लोग प्रदेश को अस्त-व्यस्त करते थे। यह दंगा पॉलिसी चलाते थे, हम विकास की पॉलिसी चलाते है। हमारी सरकार में सामान्य प्रदेशवासियों को राम-राम और माफिया-अपराधियों के लिए राम नाम सत्य की यात्रा के रास्ते खुले रहेंगे। उन्होंने कहा कि आज हम सभी नए भारत में हैं। 2014 के चुनाव के साक्षी लोग जानते हैं कि उस समय कैसा भारत था। वे वर्तमान पीढ़ी और नवोदित मतदाताओं को बताएं कि उसके पहले लोगों में आक्रोश, अविश्वास था।

### भारत 80 करोड़ लोगों को दे रहा राशन

मेरठ। सीएम योगी ने कहा कि भारत और पाकिस्तान एक साथ ब्रिटिश हुकूमत से आजाद हुए मगर आज पाकिस्तान भूखों मर रहा है और भारत में 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की आबादी 22 करोड़ है, बंटवारे के समय उनके हिस्से ज्यादा भूमि गई, बावजूद इसके आज पाकिस्तान की जनता भूखों मर रही है। वहीं पाकिस्तान की आबादी से भी अधिक लोग भारत में पिछले 10 साल में गरीबी रेखा से ऊपर आ चुके हैं। योगी मेरठ के किठौर में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल के पक्ष में मतदान की अपील की। सीएम ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि रामनवमी के अगले दिन ही मेरा यहां आना हुआ है। जब अरुण गोविल रामायण सीरियल में भगवान राम का रोल अदा कर रहे थे और उसके माध्यम से कलियुग में भगवान राम के जीवन को चित्रित कर रहे थे, उस समय उन्हें भी नहीं पता कि एक दिन भगवान श्रीराम अपनी जन्मभूमि पर अपना जन्मदिन मनाएंगे। जिस साल मेरठ से अरुण गोविल प्रत्याशी बने, उसी साल 500 वर्षों के इंतजार के बाद श्रीराम अपना जन्मोत्सव मना रहे हैं। आपने देखा होगा कि सूर्यवंशी राम का तिलक सूर्य की किरणों से हुआ। ये देख पूरी दुनिया अभिभूत हुई है।

## अदालत ने बृजभूषण के खिलाफ आरोप तय करने पर आदेश किया स्थगित



एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा के सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ छह महिला पहलवानों द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न के मामले में उनके खिलाफ आरोप तय करने को लेकर 26 अप्रैल को अपना फैसला सुना सकती है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत ने मामले पर सुनवाई स्थगित कर दी है। सिंह ने मामले में जांच का अनुरोध करते हुए अदालत में एक याचिका दायर की है।

## ईरान से भारत पहुंची एमएससी एरीज की चालक दल की सदस्य



एजेंसी, नई दिल्ली। ईरानी सुरक्षा बलों की हिरासत में कंटेनर जहाज एमएससी एरीज के चालक दल के सदस्यों में शामिल भारतीय महिला सदस्य सुश्री एन टेसा जोसेफ सुरक्षित रिहाई के बाद गुरुवार को स्वदेश पहुंच गयीं। विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी कि तेहरान स्थित भारतीय मिशन और ईरानी सरकार के ठोस प्रयासों के फलस्वरूप, केरल के त्रिशूर से भारतीय डेक कैडेट सुश्री एन टेसा जोसेफ, जो कंटेनर जहाज एमएससी एरीज़ के भारतीय चालक दल के सदस्यों में से थीं, आज दोपहर अपने गृहनगर कोच्चि पहुंच गयीं।

## शिल्पा शेट्टी व राज कुंद्रा पर ईडी का शिकंजा

एजेंसी, मुंबई।



**98 करोड़ की संपति जब्त**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति रिपु सूदन कुंद्रा उर्फ राज कुंद्रा की संपत्ति कुर्क कर ली। ईडी ने एक बयान में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत रिपु सूदन कुंद्रा, जिन्हें राज कुंद्रा के नाम से भी जाना जाता है, से संबंधित अचल और चल संपत्तियों को अस्थायी रूप से संलग्न करने के अपने फैसले की घोषणा की। और चल संपत्तियों को अस्थायी रूप से संलग्न किया है। संलग्न संपत्तियों में वर्तमान में जुहू में स्थित आवासीय फ्लैट शामिल है। श्रीमती शिल्पा शेट्टी के नाम पर, पुणे में स्थित एक आवासीय बंगला और राज कुंद्रा के नाम पर इक्विटी शेयर भी जब्त किये गये हैं। श्री कुंद्रा को मुंबई पुलिस ने जुलाई 2021 में 11 अन्य लोगों के साथ कथित तौर पर अश्लील फिल्में बनाने और उन्हें प्रचलन के लिए कुछ ऐप्स पर अपलोड करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। दो महीने जेल में बिताने के बाद, कुंद्रा को सितंबर 2021 में मामले में जमानत मिल गई। उन्होंने हालांकि, कहा कि वह निर्दोष हैं और उन्हें झूठे मामले में फंसाया जा रहा है। बाद में मई 2022 में, ईडी ने इस मामले में कदम रखा और इस सनसनीखेज मामले में मनी लॉन्ड्रिंग एंगल की जांच के लिए कुंद्रा और अन्य के खिलाफ पीएमएलए मामला दर्ज किया। ईडी ने दावा किया कि फरवरी 2019 में, कुंद्रा ने एक कंपनी, आर्म्स प्राइम मीडिया लिमिटेड लॉन्च की थी, और एक ऐप 'हॉटशॉट्स' विकसित किया था, जिसे बाद में ब्रिटेन में स्थित केनरिन को बेच दिया गया था, और इसको चला प्रदीप बख्शी रहे थे जो कुंद्रा के बहनोई हैं।

बयान में कहा गया कि ईडी, मुंबई ने पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत रिपु सूदन कुंद्रा उर्फ राज कुंद्रा की 97.79 करोड़ रुपये की अचल

## मायावती ने झांसी-ललितपुर सीट पर नौ दिन पहले घोषित प्रत्याशी को पार्टी से निकाला



झांसी, समृद्धि न्यूज। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने नौ दिन पहले घोषित झांसी-ललितपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी राकेश कुशवाहा को पार्टी से बुधवार देर रात निष्कासित कर दिया। कुशवाहा पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता का आरोप है। इतना ही नहीं, मायावती ने झांसी के जिलाध्यक्ष जयपाल अहिरवार को भी हटा दिया है। उनके स्थान पर बीके गौतम को नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। बसपा के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष गौतम ने बताया कि जल्द ही इस सीट पर प्रत्याशी घोषित किया जाएगा।

## पेपर लीक मामला : एसटीएफ ने दो और को किया गिरफ्तार

मेरठ, समृद्धि न्यूज।




मेरठ में एसटीएफ को बड़ी सफलता मिली है। एसटीएफ की टीम ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी पूछताछ में गहरे राज खोलेंगे। यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में बृजस्पतिवार को मेरठ एसटीएफ ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के पास 17 और 18 फरवरी को हुई परीक्षा के दो प्रश्न-पत्र और एक प्रश्न पत्र की उत्तरकुंजी और एक स्कार्पियो बरामद हुई है। दोनों आरोपी विभिन्न प्रदेशों में तमाम परीक्षाओं के पेपर आउट करा चुके हैं। एसटीएफ दोनों से पूछताछ कर रही है। एसटीएफ के एएसपी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी अजीत कुमार उर्फ अजीत चौहान पुत्र राजदेव चौहान निवासी दुहावर बिदोरी थाना नवहिया जौनपुर और अजय कुमार चौहान पुत्र त्रिवेणी चौहान निवासी दुहावर बिदोरी, थाना नवहिया जौनपुर को बृहस्पतिवार शाम को पल्लवपुरम थाना क्षेत्र में मोदीपुरम फ्लाईओवर के पास से गिरफ्तार किया गया है।

## लोस चुनाव : चौथे चरण की अधिसूचना जारी

एजेंसी, नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी।




इस चरण में नौ राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश की 96 लोकसभा सीटों के लिए 13 मई को मतदान होगा। अधिसूचना के अनुसार उम्मीदवार 25 अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। इस बीच, लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का शुक्रवार को अंतिम दिन होगा। इस चरण में 7 मई को 10 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 94 संसदीय सीटों पर मतदान होगा। आयोग के अनुसार शुक्रवार को पहले चरण के मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी हो गयी हैं। पहले चरण में 17 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर मतदान होगा। निर्वाचन आयोग के अनुसार इस चरण में 1,625 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इस चरण के लिए प्रचार अभियान बुधवार शाम को समाप्त हो गया। पहले चरण में अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, पुडुचेरी, उत्तराखंड और तमिलनाडु की सभी संसदीय क्षेत्रों में चुनाव होगा। इसके साथ ही राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की आठ , मध्य प्रदेश की छह, असम और महाराष्ट्र की पांच-पांच, बिहार की चार , पश्चिम बंगाल की तीन , मणिपुर की दो और छत्तीसगढ़, त्रिपुरा तथा जम्मू-कश्मीर की एक-एक सीट पर भी मतदान होगा।

## मेडिकल बेल पाने के लिए रोजाना आम, आलू पुरी और मिठाइयां खा रहे केजरीवाल : ईडी

एजेंसी, नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को अदालत को बताया कि मधुमेह से पीड़ित दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने रक्त शर्करा के स्तर को बढ़ाने और चिकित्सा जमानत के लिए आधार बनाने के लिए रोजाना आम, आलू पुरी और मिठाइयां खा रहे हैं। ईडी ने यह दावा तब किया जब अदालत केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिन्हें दिल्ली शराब नीति मामले में गिरफ्तार किया गया है और उन्होंने डॉक्टर से परामर्श मांगा है। अदालत ने तिहाड़ जेल अधिकारियों से अरविंद केजरीवाल द्वारा खाए जा रहे आहार की रिपोर्ट पेश करने को कहा। अदालत ने केजरीवाल के वकील से टाइप 2 मधुमेह से पीड़ित आप सुप्रीमो को निर्धारित आहार का विवरण प्रस्तुत करने को भी कहा।

**आदेश** — चुनावी प्रक्रियाओं और कार्यप्रणालियों से संबंधित तमाम आशंकाओं को दूर करने के निर्देश

## ईवीएम-वीवीपैट पर सुनवाई पूरी, सुप्रीम कोर्ट का फैसला सुरक्षित

एजेंसी, नई दिल्ली।

**निर्देश**

- चुनाव आयोग ईवीएम-वीवीपैट संबंधी आशंकाएं दूर करें




नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) की पर्चियों की 100 फीसदी गिनती या फिर मतपत्रों से चुनाव कराने की पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। पीठ ने सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग से ईवीएम और वीवीपैट की वर्तमान व्यवस्था में उम्मीदवारों के प्रतिनिधि के शामिल होने, छेड़छाड़ रोकने सहित तमाम चुनावी प्रक्रियाओं और कार्यप्रणालियों से संबंधित तमाम आशंकाओं को दूर करने को कहा।

याचिकाएं एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और अन्य की ओर से दायर की गई थीं। उन याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान पीठ ने उप चुनाव आयुक्त नितेश व्यास से पूछा कि आप हमें पूरी प्रक्रिया बताएं कि उम्मीदवारों के प्रतिनिधि कैसे शामिल होते हैं और छेड़छाड़ कैसे रोकी जाती है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट की चुनावी प्रक्रिया और कार्यप्रणाली से संबंधित कोई भी आशंका नहीं रहनी चाहिए। पीठ ने कहा कि हम चाहते हैं कि या तो आपको या किसी अन्य अधिकारी को अदालत कक्ष के अंदर या बाहर के लोगों की सभी आशंकाओं को दूर करना चाहिए... यह एक चुनावी प्रक्रिया है। इसमें पवित्रता होनी चाहिए। किसी को भी यह आशंका नहीं होनी चाहिए कि कुछ ऐसा किया जा रहा है, जिसकी अपेक्षा नहीं की जाती है।

शीर्ष अदालत के समक्ष चुनाव अधिकारी ने ईवीएम, इसकी नियंत्रण इकाई, मतपत्र इकाई और वीवीपैट की प्रक्रिया को समझाया। शीर्ष अदालत ने यह भी जानना चाहा कि वीवीपैट और ईवीएम के बीच कोई विसंगति तो नहीं है? पीठ ने पूछा कि अगर किसी मतदाता को यह (वीवीपैट) पर्ची थमा दी जाए कि उसने अपना वोट डाल दिया है तो इसमें क्या नुकसान है? इस पर चुनाव अधिकारी ने कहा कि ऐसा करने से इससे वोटों की गोपनीयता प्रभावित होने के साथ ही जानबूझकर शरारत की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

# आग से बाइक, गाय व नकदी जली



तीस हजार की नकदी समेत बाइक गाय जली

अचानक लगी आग में उमाशंकर के घर में रखे 30,000 रुपये नकद जल गए वही सत्यनारायन के घर मे खड़ी बाइक जलकर आग का गोला बन गई। यही नहीं इस अग्निकांड में सालिक राम के घर के बाहर बँधी एक गाय की जलकर दर्दनाक मौत हो गई। इस दौरान आग की लपटों ने चंद पलों में लोगों के घरों में रखी लाखों की गृहस्थी जलाकर सभी को खुले आसमान के नीचे रहने के लिए विवश कर दिया। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे लेखपाल व नायब कानूनगो ने पीड़ितों के नुकसान का आंकलन कर जल्द ही सरकारी मदद दिलवाने का आश्वासन दिया है।

**ईसानगर/धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

धौरहरा तहसील क्षेत्र के ईसानगर थाना क्षेत्र के मिदनिया गांव में गुरुवार को अज्ञात कारणों से लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर चंद मिनटों में ही डेढ़ दर्जन घरों को आग के गोले में तब्दील कर दिया। इस बीच लोग अपने परिवार के सदस्यों को ही किसी तरह घरों से निकालकर दूर ले जा पाए तबतक घरों में रखा आनाज, नकदी जेवर समेत लाखों की गृहस्थी जलकर राख के ढेर में बदल गई। इस दौरान एक गाय की जलकर दर्दनाक मौत हो गई वही एक बाइक भी जलकर नष्ट हो गई। जिसकी सूचना पाकर घंटो बाद मौके पर पहुचीं फायर ब्रिगेड ने आग के ढेरों को बुझाया वही लेखपाल ने पीड़ितों के हुए नुकसान का आंकलन कर जल्द सरकारी मदद उपलब्ध करवाने का अस्वासन दिया है।

गुरुवार को चल रही तेज लू के बीच मिदनिया गांव में उत्तम के घर के पास अचानक आग लग गई जो चंद पलों में ही विकराल रूप धारण कर देखते ही देखते उत्तम,फूलमती, रामदयाल,कोमल, रामनाथ, उमाशंकर, सुंदरलाल, श्यामबिहारी, कमलेश, मायादेवी,सत्यनारायण, सालिकराम रामखेलावन आदि के घरों को जलाकर राख का ढेर बना दिया। इस दौरान लोग किसी तरह स्वयं को ही बचाने में कामयाब रहे। वही सूचना मिलने के घंटों बाद भी फायर ब्रिगेड मौके पर नहीं पहुच सकी जिसको लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त की है।



## उपभोक्ताओं को मिलेगी निःशुल्क जांच की सुविधा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने एलपीजी उपभोक्ताओ को गैस उपकरणों की निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध कराई है। इसी क्रम में गुरुवार को हैदरगढ़ पहुंचे इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के सेल्स मैनेजर लवनीश यादव ने कनेक्शन धारकों के घरों में पहुंचकर उन्हें गैस सिलेंडर से होने वाली दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक किया। श्री यादव ने बताया गैस पाइप खराब या एक्सपायरी मिला तो किफायती दर पर बदला जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी तक पांच वर्ष में एक बार सुरक्षा जांच निर्धारित शुल्क देकर करानी होती थी लेकिन उपभोक्ताओ की सुरक्षा के लिए सभी जांचे निशुल्क होगी। हैदरगढ़ गैस सर्विस के मालिक अनिल सैनी ने कहा 10 अप्रैल से तीन अक्टूबर तक चलाए जा रहे अभियान में निशुल्क जांच होगी।

# खून से लथपथ मिला युवक का शव, मची सनसनी

**मोहम्मदी /अमीरनगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



धान के खेत में 40 वर्षीय व्यक्ति का खून से लथपथ शव बरामद होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मूड़ानिजाम पुलिस चौकी के अंतर्गत गाँव मकुंदपुर में धान के खेत में जसवंत कुशवाहा सिंह पुत्र बहादुर उम्र लगभग 40 वर्ष का शव बरामद हुआ।

मृतक जनपद पीलीभीत के थाना के पूरनपुर क्षेत्र के मनहरिया गांव का निवासी बताया जा रहा है वह लगभग 3 माह से श्री साईं बिक्री फील्ड पर मजदूरी पर कोयल का कार्य करता था। मृतक की पत्नी ममता देवी, लड़की शिल्पी की शादी हो चुकी हैं अमन कुमार उम्र लगभग 12, कामिनी उम्र लगभग 10 वर्ष, लक्ष्मी उम्र लगभग 8 वर्ष,भाई सतीश,रंजीत कुमार,अरुण कुमार परिजनों ने हत्या की बात कर रहें हैं पुलिस जांच में जुटी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे मूड़ानिजाम चौकी इंचार्ज हिमांशु आनंद व रेहरिया पुलिस चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र व क्षेत्राधिकार अरुण कुमार सिंह,थाना प्रभारी चंद्र शेखर सिंह मौके पर मौजूद वहीं क्षेत्र में फैली सनसनी।व शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा दिया हैं।

## आग से एक घर का सारा सामान जल कर हुआ राख



**मितौली खीरी।** हैदर नगर गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग से तीन छप्परों समेत ग्रहस्ती का सामान जल गया। आग लगने की सूचना पर पहुंची अग्नि समन की गाड़ी। तब तक गांव के नागरिकों ने कड़ी मशक्कत से आग बुझाई।

विदित हो कि घर के परिजन दिल्ली काम करने के लिए बाहर गए थे वही मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने आग बुझाने का काम किया। हैदरनगर निवासी मनोज कुमार गौतम पुत्र छोटे लाल अपने परिवार के साथ तीन महीने से दिल्ली मजदूरी करने गए थे। अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। आग फैलते देख ग्रामीणों के शोर मचाने पर पहुंचे ग्रामीण तेज हवाओं के चलते आग बुझाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। तेज हवाओं से देखते देखते आग से तीन छप्परों को अपने आगोश में ले लिया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत से आग बुझाने में कामयाब हुए। आग लगने से मनोज गौतम के तीन छप्पर, तख्त, चारपाई, व ग्रहस्ती का सामान जल गया। सूचना के बाद बहुत देर से पहुंची मितौली दमकल विभाग की गाड़ी ने औपचारिक नाम पता नोट कर वापिस मितौली चली गयी।

# गैस सिलेंडर लीक होने पर घर मे लगी आग, लाखों का नुकसान

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड निघासन ग्राम पंचायत मुड़ा बुजुर्ग के मजरे निषाद नगर में गैस सिलेंडर लीक होने पर लगी आग जिसमें लाखों का हुआ नुकसान हुआ। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनोज कुमार द्वारा बताया गया की प्रसाद पुत्र श्रीकांत निवासी निषादनगर ग्राम पंचायत मुड़ा बुजुर्ग में उनकी लड़की की बारात मैलानी से आनी थी जिसको लेकर सारा इंतजाम चल रहा था। खाने पानी से लेकर सारी व्यवस्थाएं की जा रही थी पर अचानक गैस सिलेंडर के लीकेज के कारण घर में आग लग गई जिससे शादी में बन रहा सारा भोजन तो खराब हुआ ही था पर वही रखा लड़की की विदाई के दौरान दिया जाने वाला सामान भी जलकर खाक हो गया। माँ बाप का रो रोकर बुरा हाल



हो रहा है। किसी प्रकार से कड़ी मशक्कत के बाद कुछ समान बचाया गया। वही सूचना पाते ही झंडी चौकी इंचार्ज दुर्गेश शर्मा सहित कांस्टेबल अतुल कुमार, सुरेंद्र कुमार, हेड कॉन्स्टेबल राजकुमार सिंह सहित समस्त टीम ने परिवार की आर्थिक व शारीरिक मदद की। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि द्वारा आर्थिक मदद कर किसी प्रकार शादी की व्यवस्था बनाई गई। खबर लिखने तक लाखों का नुकसान बताया जा रहा है।

## अज्ञात कारणों से खेत में लगी आग कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर पाया काबू

**उचौलिया खीरी।** उचौलिया थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर में बृहस्पतिवार की दोपहर लगभग 12:00 बजे अज्ञात कारणों के चलते खेत में खड़ी गेहूं की नरई में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

खेत से आग की लपटें देख ग्रामीणों ने शोर मचाया। तेज हवा चलने के कारण शोले में बदली आग ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों के मुताबिक आग पड़ोस के गांव किरियारा से लगी जो देखते ही देखे काफी क्षेत्र में फैल गई। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि 2 से 3 दिन पहले ही गेहूं की फसल काटी गई थी वरना सैकड़ो एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो सकती थी।

## स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत हुई प्रतियोगिता

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** सीतादेवी महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदान के प्रति जागरूकता विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता हुई, जिसमें प्रत्येक विभाग के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता के शुभारंभ में छात्रों के अंदर उत्साह उत्पन्न करने का कार्य महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अर्चना त्रिपाठी के निर्देशन में सांकृतिक क्लब के सदस्यों द्वारा यह नारा देकर किया गया गूज उठा यह नारा है, मतदान हमारा है। उनके स्वर से वातावरण गूंजायमान हो गया। छात्रों ने भी प्रत्युत्तर में अपना नारा दिया। हम भी हैं जोश में मतदान देंगे होश में। महाविद्यालय में कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने में समस्त विभागों के प्राध्यापकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी को महाविद्यालय परिवार की ओर से साधुवाद। सफल प्रतिभागी को पुरस्कार देकर शीघ्र ही सम्मानित किया जाएगा।।

## खबरें एक नजर में

### पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने की पिटाई

**पसगवॉ खीरी।** बुधवार की शाम लगभग 3:00 बजे पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने गाली गलौज करते हुए की मारपीट। जिसके चलते कई लोग घायल हुए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। गंगा देवी निवासी कोयला जार थाना पसगवॉ ने तहरीर देते हुए बताया है कि घटना 17 अप्रैल 2024 की शाम लगभग 3:00 बजे की है पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही नन्हे पुत्र नेवाराम अनिल प्रमोद कुलदीप पुत्र नन्हे मेरे दरवाजे पर आए और गंदी गंदी गालियां देने लगे जब हमने गाली देने से मना किया तो वह लोग लाठी डंडों से पीटने लगे बचाने आए मेरे पुत्रों धर्मवीर, पंकज, बहु मोनिका, प्रियंका को भी उक्त लोगों ने लाठी डंडों से मारा जिससे हम लोगों को काफी चोटें आई। शोर गुल सुनकर मोहल्ले वाले आ गए इतने में सभी लोग जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। मामले में पुलिस ने चार आरोपियों पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

### घर के सामने से जा रहे युवक की पिटाई

**पसगवॉ खीरी।** पसगवॉ थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव गदनापुर निवासी अनुराग पुत्र राज बहादुर पासी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है की घटना 17 अप्रैल 2024 की शाम लगभग 7:30 बजे की है मैं, रामदेव पुत्र लक्ष्मण, कलेक्टर, सत्यपाल, भवन पुत्र मैकू के घर के सामने से जा रहा था। तभी उपरोक्त लोगों ने एक राय होकर रोक लिया और लाठी डंडों के पीटने लगे जिससे मेरे शरीर में काफी चोट आई है। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग आ गए इतने में ही उपरोक्त लोग जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। मामले में पुलिस ने सभी चार आरोपियों पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

### कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**जैदपुर, बाराबंकी।** दस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ मुखबिर की सूचना पर जैदपुर पुलिस ने एक आरोपी को घेराबंदी कर दबोच लिया।जिसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कार्यवाही की गयी।जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए गए अभियान के अन्तर्गत जैदपुर पुलिस टीम द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने हेतु लगातार कोशिशों में आज पुलिस टीम मुखबिर के सूचना कमरांवा के पास घेराबंदी कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया।जिसके पास दस लीटर कच्ची शराब बरामद कर आरोपी राहुल वर्मा पुत्र भगौती प्रसाद निवासी पाटमऊ थाना जैदपुर के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गयी।

### 25 ग्राम मारफीन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जैदपुर, बाराबंकी।** मुखबिर की सूचना पर 25 ग्राम अवैध मार्फीन के साथ जैदपुर पुलिस द्वारा एक आरोपी को घेर कर गिरफ्तार किया गया?।जिसके विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया। मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के गुलहरिया जाने वाले मार्ग के पास का है जहां एक अभियुक्त को 25 ग्राम अवैध मार्फीन के साथ मुखबिर की सूचना के आधार पुलिस द्वारा घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम सैफुद्दीन पुत्र फरीदुददीन निवासी कटरा नगर कोतवाली बाराबंकी बताया है।आरोपी के विरुद्ध जैदपुर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।

# चतुर्थ चरण: पहले दिन दो प्रत्याशियों ने भरा नामांकन पत्र

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 जून को मतदान होना है। 28 खीरी और 29 धौरहरा लोकसभा क्षेत्र में 18 अप्रैल से अधिसूचना जारी हो गई। नामांकन जमा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई। नामांकन प्रक्रिया को देखते हुए कलेक्ट्रेट में सुबह से ही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

पहले दिन 28 खीरी संसदीय क्षेत्र के लिए भाजपा से उम्मीदवार अजय कुमार, निर्दलीय नरेश सिंह भदौरिया ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वही 08 अभ्यर्थियों ने 14 सेट नामांकन सेट प्राप्त किया। धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए कोई भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ। वही नौ व्यक्तियों ने 20 सेट नामांकन पत्र प्राप्त किए।

बताते चले कि नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट में भारी पुलिस बल तैनात रहा।

सुबह 11 बजे से तीन बजे तक प्रक्रिया चली। निर्वाचन आयोग ने नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए 25 हजार रुपये और अनुसूचित जाति, जनजाति के प्रत्याशी के लिए साढ़े 12 हजार रुपये जमानत राशि रखी है। नामांकन पत्र प्राप्त करने और नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के न्यायालय कक्ष में जमा करने का समय प्रत्येक कार्य दिवस में 11 बजे से 03 तक किया जा सकता है। नामांकन का अंतिम दिनांक 25 अप्रैल 2024 आयोग द्वारा निर्धारित है।

# बीडीओ ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता द्वारा गुरुवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय गोतौना का निरीक्षण किया। सुबह 11 बजे सबसे पहले कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पहुंचे खंड विकास अधिकारी ने शिक्षा विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया के तहत छात्राओं की सुविधा के लिए खरीदे गए रजाई गद्दों एवं चद्दरो का भौतिक सत्यापन किया। इस अवसर पर छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए श्री गुप्ता ने निरीक्षण के दौरान मौजूद सचिव पवन कुमार एवं प्रधान निलेश पाल को चहरदिवारी के ऊपर बाढ़ फेंसिंग लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण क दौरान प्रधानाध्यापिका कंचन सिंह द्वारा बताया गया कि कक्षा 6 में 28 छात्राओं के सापेक्ष अब तक 21 छात्राओं का नामांकन हो चुका है और नामांकन कार्य प्रगति पर है। निरीक्षण के दौरान छात्राओं को गर्मी से बेहाल देख खंड विकास अधिकारी ने जहाँ स्वयं एक कूलर की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया वही मौजूद सचिव से भी दो कूलरों की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। श्री गुप्ता ने बताया कि विद्यालय में कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाओं के संचालन के लिए भवन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है परंतु अभी तक भवन शिक्षा विभाग को हैंडोवर नहीं हो सका है जिसके कारण अभी इन कक्षाओं में अभी नामांकन प्रक्रिया चालू नहीं हो सकी है।

इसके उपरांत श्री गुप्ता प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण पर पहुंचे जहां पर कायाकल्प योजना के तहत किए गए कार्यों के लिए सचिव एवं प्रधान की तारीफ की। इस अवसर पर उन्होंने मतदान के दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए वहां खराब पड़े इंडिया मार का हैंड पंप की री बोरिंग के निर्देश दिए।

### और जब शिक्षक की भूमिका में नजर आए खंड विकास अधिकारी

निरीक्षण के दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में श्री गुप्ता एक शिक्षक की भूमिका में भी नजर आए इस दौरान उन्होंने लगभग आधा घंटा तक कक्षा 8 की छात्राओं को गणित विषय पढ़ाया। उन्होंने शिक्षिकाओ का आह्वान किया कि वह छात्राओं को इतना बेहतर ज्ञान दे कि वह भविष्य के विकसित भारत के सपने को साकार करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।

# तराई की हरियाली नहीं रोक पा रहा प्रचंड गर्मी का कहर

**बिजुआ,लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मौसम के तेवर तराई क्षेत्र में भी प्रतिदिन तल्ख होते जा रहे हैं। पारा 39 डिग्री के पार पहुंच चुका है। कड़ी धूप और भीषण गर्मी ने अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं तेज रफ्तार गर्म हवा के थपेड़ों से लोग झुलस रहे हैं। ब्लाक बिजुआ समेत लखीमपुर के कई क्षेत्रों में गुरुवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस वही हवा की रफ्तार 37 किलोमीटर प्रति घंटा रिकॉर्ड किया गया जो अब तक का सबसे अधिक तापमान है। दिन भर चली तेज रफ्तार हवा ने लोगो का बाहर निकलना मुश्किल कर दिया न्यूनतम तापमान में भी लगातार बढ़ोतरी होने से दिक्कतें और अधिक बढ़ गई है अब रात में भी



गर्मी बढ़ रही है ,गर्मी का आलम यह है की अब बिना पंखा चलाए लोग सो नही पा रहे हैं।

दिन में आसमान से आग बरस रही है तो घर और दफ्तर भट्ठी बनकर रह गए हैं। ऐसे में लोगों को ना बाहर चैन मिल रहा है और ना ही घर के अंदर चैन मिल रहा है। एका एक बढ़ी गर्मी के कारण लोग गर्मी जनित बीमारियों से पीड़ित हो रहे हैं। अस्पतालों में मरीजों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। बिजली की खपत बढ़ने के साथ ही पानी की खपत भी बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश तालाब सूखने लगे हैं।अगर यू ही तापमान बढ़ता रहा तो खेतों में सिंचाई के लिए लगी बोरिंग में भी पानी निकलना कम हो जायेगा। जिससे किसानों को फसलें सिंचाई करने में डीजल पर अधिक व्यय होगा।

लखीमपुर खीरी में हीट वेव चलना शुरू हो गई है जिससे न सिर्फ जवान बूढ़े बल्कि स्कूली बच्चों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिले के अधिकतर स्कूल सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक है। ऐसे में जब बच्चों की छुट्टी दोपहर 2:00 बजे होती है तो नन्हे मुन्ने बच्चों को घर तक पहुंचने में हीट वेव के प्रकोप को झेलना पड़ता है इससे अभिभावकों में बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता का विषय बना हुआ है।

## चिंगारी से लगी आग, गेहूं की फसल जलकर खाक

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** लोनी कटरा थाना क्षेत्र के बेहटा मजरे मंझार गांव में गुरुवार दोपहर बिजली की चिंगारी से लगी आग में एक बीघा से अधिक गेहूं की फसल जलकर राख हो गई आज की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में गांव वासियों ने मौके पर पहुंच कर कड़ी मशक्कत के बाद आज पर काबू पाया जिससे किसानों के होने वाले बड़े नुकसान को बचाया जा सका। उक्त गांव निवासी ठाकुर दीन रावत के खेत में आज दोपहर बिजली से निकली चिंगारी से आग लग गई जिससे यह हादसा हुआ है। राजस्व लेखपाल को घटना की सूचना दी गई है शाम तक रिपोर्ट तहसील प्रशासन को सौंप दी जाएगी।

# महिला मतदान करके अपनी भागीदारी सुनिश्चत करें : सीडीओ

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

जनपद में मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप कार्यक्रम) के तहत लोकसभागार में बाल विकास विभाग एवं किंग जार्ज मेडिकल युनिवर्सिटी लखनऊ के समन्वय से भोजन के लिए स्वस्थ दांत जरूरी, लोकतंत्र की मजबूती को मतदान जरूरी विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अ0 सुदन, जिला विद्यालय निरीक्षक ओ पी त्रिपाठी,जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेंद्र डूबे, किंग जार्ज मेडिकल युनिवर्सिटी के दन्त विभाग की प्रोफेसर डॉ. प्रोमिला वर्मा एवं डॉ. रिदिमा इत्यादि अधिकारी व कर्मचारी उपस्थिति रहें। कार्यक्रम में उपस्थित आंगनबाडी कार्यकत्रियों सहायिकाओं व लाभार्थियों को किंग जार्ज मेडिकल युनिवर्सिटी के दन्त विभाग की प्रोफेसर डॉ. प्रोमिला वर्मा एवं डॉ. रिदिमा द्वारा स्वस्थ्य शरीर के लिए दांतो का स्वस्थ होना जरूरी है विषय पर विस्तृत वर्णन करते हुए स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अनिवार्य रूप से मतदान किया जाना भी जरूरी है तथ्य पर प्रकाश डालते हुए 20 मई को होने वाले मतदान में अनिवार्य रूप से मतदान किये जाने हेतु प्रेरित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी अ सुदन द्वारा आंगनबाडी कार्यकत्रियों से गर्मियों में लू से बचाव के बारे में उपाय बताते हुए उन्हें मतदाताओं को अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु जागरूक करने की बात कही गयी।

# भाजपा का झूठ, जनता के सामने आया: पीएल पुनिया

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

भाजपा सरकार की झूठ फरेब की कहानी जनता के सामने आ गयी है देश की जनता को विश्वास हो गया है कि भाजपा विकास की नहीं बदले की राजनीति करती है भाई से भाई के बीच नफरत की दीवार खड़ी करने वालों को सत्ता में बने रहने का कोई हक नही है पिछले दस वर्षो से भाजपा सबका साथ सबका विकास का राग अलाप रही है लेकिन हकीकत में दस सालों मे भाजपा ने अपने पूंजीपति मित्रों को ही लाभ पहुंचाया है और किसानों, नौजवानों मजदूरों सभी के अरमानों का गला घोटने का काम किया है गांव गरीब खलिहान की खुशहाली के लिये इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज



पुनिया को हाथ के पंजे के निशान का बटन दबाकर भारी बहुमत से कामयाब बनायें।

उक्त उद्गार केन्द्रीय चुनाव समिति के सदस्य स्टार प्रचारक पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया आज इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन मे विधान सभा क्षेत्र कुर्सी की न्याय पंचायत के खिंझना के अकम्बाघाट चौराहा तथा विकासखण्ड देवां के ग्राम सिपहिया मे स्व. श्री राम यादव स्मारक हाईस्कूल के प्रांगण में आयोजित जनसभा में व्यक्त किये जनसभा के दौरान सदर विधायक धर्मराज यादव उर्फ सुरेश यादव, पूर्व विधायक श्रीमति राज लक्ष्मी वर्मा पूर्व विधायक स्व. हरदेव रावत की पत्नी कुसुमलता रावत पूर्व ब्लाक प्रमुख हरख सुरेन्द्र वर्मा विशेष रूप से मौजूद थे।

# रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध अवस्था में मिला प्रेमी युगल के शव

**ग्रामीणों ने जतायी ऑनर किलिंग की आशंका**

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम पहलीपार के निकट रेलवे लाइन पर संदिग्ध अवस्था मे 22 वर्षीय युवक व 25 वर्षीय युवती के शव मिलने से हड़कंप मच गया। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की तो दोनों अयोध्या जिले के निवासी निकले।

युवती मुस्लिम है तो वही युवक हिंदू धर्म का है। परिजनों के अनुसार युवक की 18 अप्रैल को वरीक्षा थी जबकि युवती की कुछ साल पहले शादी हो चुकी है, और करीब दस दिन पहले ही वो ससुराल से अपने मायके आयी थी।

शवो से करीब 50 मीटर दूरी पर एक होन्डा बाइक ज़मीन पर पड़ी थी। ट्रैक के बीच पड़े युवक का चेहरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त था जबकि बाकी पूरा शरीर सुरक्षित था। नकाब ओढ़े युवती का शव भी कमोबेश इसी अवस्था मे ट्रैक के बीचोबीच औंधा पड़ा था।

स्टेशन मास्टर से घटना की सूचना पाकर मसौली पुलिस व जीआरपी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों शव ट्रैक के अंदर पड़े होने के कारण जीआरपी पुलिस ने शवों को कब्ज़े में लेकर छानबीन शुरू की। युवक के पास से मिले आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस के आधार पर उसकी पहचान अयोध्या जिले के मवई थाना क्षेत्र के पकरिया गांव निवासी शैलेंद्र कुमार दुबे के रूप में हुई। पुलिस द्वारा घटना की सूचना दिए जाने के बाद मौके पर पहुंचे मृतक युवक के चाचा हरिनारायण ने युवती की शिनाख़्त पकरिया गांव के ही निवासी इबरार की 26 वर्षीय पुत्री माहे निगार के रूप में की। मृतक युवक के चाचा हरिशरण दुबे ने बताया कि युवती का विवाह कुछ साल पहले अमेठी जिले के शुक्लबाज़ार थाना अंतर्गत मोहम्मदीपुर गांव निवासी महबूब के साथ हो चुका है और वर्तमान में उसका पति सऊदी अरब में है। जबकि शैलेंद्र का हाल ही में विवाह तय हुआ था और आज उसकी वरीक्षा होनी थी। युवती दस दिन पहले ही मायके आयी थी और दोनो दवा लेने के बहाने बुधवार की शाम गांव से निकले थे। जीआरपी पुलिस जहाँ प्रेम प्रसंग की बात कहते हुए संभावना जता रही है कि जुदा होने के डर से दोनों ने आत्महत्या कर मौत को गले लगाया है।

### सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत, एक घायल

**बाराबंकी।** कोतवाली नगर क्षेत्र के शुक्लाई गांव के पास लखनऊ अयोध्या हाइवे पर एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई वहीं एक व्यक्ति से घायल हो गया है। यह सभी लोग बलरामपुर से सऊदी अरब जाने के लिए अमौसी एअरपोर्ट जा रहे थे कि तेज रफ्तार स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और कार में सवार चार लोगों में से तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक शख्स मामूली रूप से घायल हो गया। किसी राहगीर द्वारा सूचना दिए जाने के बाद मौके पर पहुंचे डायल 112 के पुलिसकर्मियों ने कार में फंसे शवो को बाहर निकाला व घायल को एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल भेजा। पुलिस ने 108 एम्बुलेंस के कर्मचारियों की मदद से कार में फसे तीनों मृतकों के शवो को बाहर निकाला और घायल जमशेद को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मौके पर पहुंची नगर कोतवाली पुलिस ने तीनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे दलों ने बनाया इंडी गठबंधन : केशव

▸ जनता सपा-कांग्रेस का साफकर देगी सूपड़ा



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को हरदोई के गांधी मैदान में हरदोई भाजपा प्रत्याशी जय प्रकाश रावत, मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी अशोक रावत तथा सम्भल से भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के नामांकन के अवसर पर आयोजित जनसभा में कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे दलों ने इंडी गठबंधन बना लिया, लेकिन यूपी में इनका खाता भी नहीं खुलेगा। दोनों ही लड़के यूपी में जीरो पर आउट होने वाले हैं क्योंकि जनता ने कमल खिलाने का मन एक बार फिर से बना लिया है।उन्होंने कहा कि हरदोई भगवान नृसिंह, वामन और प्रहलाद की धरती है और यहां की हुंकार पूरे देश में जाती है।

कहा कि यह चुनाव साधारण नहीं है। पीढ़ियों की मजबूती इसी चुनाव से तय होगी। उन्होंने कहा कि चार सौ पार का नारा सुनते ही विपक्षी दलों की जमीन खिसकने लगती है। 2017 यूपी के दो लड़कों ने जोड़ी बनाई थी जो पूरी तरह फ्लॉप रही।

2019 के लोकसभा चुनाव में सपा बसपा का गठबंधन था और तब गठबंधन वालों के दावे के उलट जनता ने मोदी जी को ही अपना आशीष प्रदान किया। अबकी बार फिर से फ्लॉप जोड़ी मैदान मे हैं। जनता सपा-कांग्रेस का सूपड़ा साफकर देगी क्योंकि जनता ने फिर से कमल खिलाने का मन बनाया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर प्रधानमंत्री पर आरोप लगाने वाले राहुल गांधी के पिता राजीव गांधी ने संसद में कहा था कि वे एक रुपया भेजते हैं तो लाभार्थी तक 15 पैसे पहुंचते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 34 लाख करोड़ रुपये लाभार्थियों के खातों में भेजे और एक एक रूपया सीधे गरीब के खाते से पहुंचा। देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है, लेकिन सपा-बसपा वाले राशन बेचकर अपनी तिजोरियां भर लेते थे। इन्होंने जनता के हक पर केवल डकैती डालने का काम किया है। मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने देश के विकास के लिए, तय किए गये अपने संकल्पों को पूरा करने का काम किया है। मोदी की गारंटी गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के कल्याण लिए है, देश के विकास के लिए है, भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा करने के लिए है।केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए जनता से पुनः भाजपा प्रत्याशियों को जिताकर मोदी को प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

# मुस्लिम वोटों के लालच में किसी भी हद तक गिर सकती है समाजवादी पार्टी : नन्दी

▸ सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव के बयान पर मंत्री नन्दी का पलटवार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण एवं रामलला रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली रामनवमी पर समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद प्रोफेसर रामगोपाल यादव द्वारा राम मंदिर को लेकर दिए गए बयान पर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने करारा प्रहार किया है।

रामगोपाल यादव के बयान पर मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रोफेसर होकर इस प्रकार की नफरती और विभाजनकारी भाषा का प्रयोग रामगोपाल यादव की डिग्री पर सवालिया निशान है। इसी विकृत सोच ने सैकड़ों निर्दोष रामभक्तों पर गोलियां चलवाने का महापाप किया था। सनातन आस्था के प्राण पुरुष प्रभु श्रीराम के बारे में ऐसा ओछा बयान इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि समाजवादी पार्टी मुस्लिम वोटों के लालच में किसी भी हद तक गिर सकती है। वोट बैंक को पोषित करने के लिए हिन्दू आस्था व श्रद्धा को पाखंड कहना समाजवादी पार्टी की निकृष्टता और पतन की पराकाष्ठा है। जनता इस चुनाव में इन हिन्दू विरोधी शक्तियों को जमींदोज कर देगी। रामद्रोही समाजवादी पार्टी का नामोनिशान ढूंढे से भी नहीं मिलेगा। उत्तर प्रदेश की 80 सीटों पर सपा का सूपड़ा साफ होना सुनिश्चित है।

## खबरें एक नजर में

### हैरतअंगेज कारनामा : डॉक्टर एक और तनख्वाह दो

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** स्वास्थ्य विभाग से एक रिटायर डॉक्टर का बेटा दो अस्पतालों में नौकरी करते पकड़ा गया। सीएमओ के अधीन अस्पताल व कैंसर संस्थान से आरोपी डॉक्टर तनख्वाह ले रहा था। फर्जीवाड़े का खुलासा कैंसर संस्थान प्रशासन ने किया। स्वास्थ्य विभाग में खलबली मच गई। जांच के बाद स्वास्थ्य विभाग ने शासन को रिपोर्ट सौंप दी है। रिटायर डॉक्टर का बेटा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर हुसैनाबाद में भी बतौर डॉक्टर तैनात था और इसके साथ कैंसर संस्थान में जूनियर रेजिडेंट के पद कार्यरत था।दो जगह काम करने की भनक संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवाशीष शुक्ला को हुई। डॉ. देवाशीष शुक्ला ने रेजिडेंट डॉक्टर के खिलाफजांच कराई। फिर स्वास्थ्य विभाग को मामले की जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग ने अपने स्तर से जांच कराई. जांच में गड़बड़झाले का खुलासा हुआ। स्वास्थ्य विभाग ने कैंसर संस्थान में नौकरी से जुड़े सभी दस्तावेज तलब किए। सीएमओ कार्यालय ने पूरे मामले की रिपोर्ट जिलाधिकारी कार्यालय को भेजी है जिसके बाद आरोपी डॉक्टर ने कैंसर संस्थान से मिला वेतन कोषागार में जमा किया है।

### एसी में शॉर्ट सर्किट से अपार्टमेंट में लगी आग

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** राजधानी में गुरुवार को ठाकुरगंज के सरफराज गंज इलाके में पांच मंजिला अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल पर एसी में शार्ट सर्किट से आग लग गई। मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने पहुंच कर आग पर काबू पाया। हादसे में घरेलू सामान जला है। सीएफओ मंगेश कुमार ने बताया कि थाना ठाकुरगंज के सरफराजगंज के अपार्टमेंट से आग लगने की सूचना प्राप्त हुई, जहां मौके पर दमकल की चार गाड़ियों को रवाना किया गया। दमकल कर्मियों ने तत्काल राहत और बचाव काम शुरू किया। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों की तत्परता से आग को फैलने और विकराल रूप लेने से रोक लिया गया। दमकलकर्मियों के द्वारा सर्च करने पर मौके पर पाया गया कि तीन लोग अपार्टमेंट में फंसे हुए थे, जिन्हें सकुशल बाहर निकालने के बाद आग पर काबू पा लिया गया। मौके पर मौजूद क्षेत्रीय लोगों का कहना था कि अचानक अपार्टमेंट से धुआं उठता हुआ नजर आया। धीरे-धीरे जब धुंआ ज्यादा बढ़ने लगा तो यह एहसास हुआ कि अपार्टमेंट आग में आग लग गई है। तत्काल क्षेत्रीय पुलिस को सूचना दी गई। क्षेत्रीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दमकल कर्मियों को इसकी सूचना दी। इसके बाद आग पर पूरी तरीके से काबू पा लिया गया।

### उड़नदस्तों ने जब्त की अवैध शराब व नकदी

**समृद्धि न्यूज**, लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 17 अप्रैल तक 16024.97 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 2838.12 लाख रुपये नकद, 3929.60 लाख शराब, 5941.95 लाख की ड्रग, 2156.05 लाख रुपये की बहुमूल्य धातुएं एवं 1159.26 लाख की अन्य सामग्री जब्त की गयी।आबकारी, आयकर, पुलिस ,नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 17 अप्रैल को 297.37 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 83.38 लाख रुपये नकद धनराशि, 104.69 लाख रुपये कीमत की 36949.70 लीटर शराब एवं 109.29 लाख रुपये कीमत की 78341 ग्राम ड्रग जब्त की गयी।17 अप्रैल को प्रमुख जब्ती में बुलन्दशहर की बुलन्दशहर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 3.31 लाख रुपये नकद एवं 15.21 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 5734.80 लीटर शराब बुलन्दशहर की डिबाई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 14.70 लाख रुपये नकद एवं 1.14 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 437 लीटर शराब तथा जनपद बुलन्दशहर की खुर्जा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 14.34 लाख रुपये नकद एवं 3.31 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 888 लीटर शराब जब्त की गई। बरेली की फरीदपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 53 लाख रुपये की 1015 ग्राम ड्रग, सोनभद्र की घोरावल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 31.8 लाख रुपये कीमत की 159 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।


### युवक का फंदे से लटका मिला शव, हत्या का आरोप

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नवीनगर में युवक का शव रस्सी के सहारे लटकता मिला। मृतक के पिता ने प्रेम प्रसंग में हत्या कर शव फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। गांव के चार लोगो ने मिलकर पहले उसे मारा, फिर उसे फंदे से लटका दिया। पुलिस ने पिता की तहरीर पर चार लोगों पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक रवि के पिता सुरेश पीआरडी जवान है। घटना के समय ड्यूटी कर रहे थे। तभी देर रात उनकी पत्नी ने उन्हें फोन से जानकारी दी। गांव के ही अवधेश यादव, आकाश यादव, गौरव (शशी), सौरव ने मिलकर उनके बेटे को मार दिया और उसके बाद उसे पास में ही बने खाली मकान में रस्सी के सहारे लटका दिया। ताकि लोग ये समझे रवि ने आत्महत्या की है। आरोपी आकाश यादव की बहन से मेरे बेटे से प्रेम प्रसंग काफी समय से चल रहा। इसको लेकर कई बार झगड़ा हो चुका है। इससे पहले भी रवि को जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। मृतक की मां ने बताया कि मेरे बेटे को मारकर लटकाया गया। उसके साथ पहले भी मारपीट की गई थी। उसके पैर जमीन से लगे हुए थे और न ही जीभ बाहर थी। हत्यारों ने हत्या को आत्महत्या दिखाने के लिए ये सब किया। गुरुवार दोपहर में रवि का शव उसके गांव पहुंचा। परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद शव का अंतिम संस्कार करने की बात कही। इसको लेकर काफी देर तक पुलिस और परिजनों के बीच बहस हुई। पुलिस के 24 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार करने के आश्वासन पर परिजन माने। इसके बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया।

# डबल इंजन की सरकार में गुंडों, दंगाइयों, माफियाओं को प्रश्रय नहीं : ब्रजेश

▸ प्रदेश में कानून का राज
▸ पीएम मोदी ने गांव-गांव घर-घर पेयजल पहुंचाने का काम किया

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बदायूं क्लब में गुरुवार को भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी दुर्विजय शाक्य एवं फतेहपुर सीकरी भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर की नामांकन सभा को प्रतापपुर चौराहे पर जनसभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा ही चुनाव लड़ रही है, उसके नेता जनता के बीच हैं और यूपी के दोनों लड़कों के मन में हार का डर ऐसा भर गया है कि वे मैदान से नहीं प्रेस कांफ्रेंस से प्रचार कर रहे हैं। उनका डर स्वाभाविक है जनता जर्नादन के आशीर्वाद से भाजपा भ्रष्टाचारी और अराजक गठबंधन को 2014 से लगातार पराजित करती आ रही है। जो 2014 में गए थे 2024 में भी उनकी वापसी नहीं होने वाली है। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार में गुंडों, दंगाइयों और माफियाओं को प्रश्रय नहीं है। प्रदेश में कानून का राज है। पुलवामा में अटैक हुआ तो मोदी ने ही आतंकवादियों के कैम्प को पाकिस्तान में घुसकर तबाह किया। आपको याद होगा जब पायलट अभिनंदन पाकिस्तान में फंसे थे तो मोदी जी ही उन्हें वापस लेकर आए।

आज देश में गरीब को पक्का मकान मिला है। पहले पीने के पानी के लिए संघर्ष होते थे, पानी की ट्रेन चलानी पड़ती थी। मोदी ने गांव-गांव घर-घर पेयजल पहुंचाने का काम किया है। गैस कनेक्शन केवल बड़े आदमी के पास होता था, जबकि अब उज्वला योजना के तहत हर घर तक रसोई गैस की पहुंच आसान हुई है। सबको अंधेरे में रखकर अपना घर रोशन करने वाले क्या जानेंगे कि बिना बिजली के जीवन कितना कठिन होता है।

मोदी ने हर घर को बिजली कनेक्शन देकर देश और प्रदेशवासियों के जीवन में उजाला फैलाने का काम किया है। 2017 में प्रदेश में सरकार बनी तो सरकारी स्कूलों में बच्चों को ड्रेस दी गई, किताबें दी गई। इसी वजह से आज स्कूलों में बच्चों का ग्राफबढ़ा है। आज बिजली 24 घंटे मिल रही है। 2.72 लाख किलोमीटर सड़कें बनाई गई हैं। जब भी विपक्ष की सरकारें रही हैं, भाई-भतीजावाद हुआ है। आज गुंडे गले में तख्ती डालकर घूमते हैं कि आज हम सब्जी बेच लेंगे लेकिन गुंडई नहीं करेंगे। 2004 से 2014 तक कांग्रेस के गठबंधन से सरकार चल रही थी।

कांग्रेस में कोयला घोटाला हुआ। सबसे बड़ी चुनौती कामनवेल्थ गेम्स में घोटाला हुआ। मोदी जी की सरकार पर एक भी दाग नहीं है वे दिन रात अहर्निश सेवा में लगे हैं। जनता का आशीर्वाद मोदी पर कायम है वे एक बार फिर तीसरी बार भारत के प्रधान सेवक बनने जा रहे हैं।नामांकन सभा में जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, एमएलसी वागीश पाठक, सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्या, पूर्व चेयरमैन दीपमाला गोयल, विश्वजीत गुप्ता, सुधीर श्रीवास्तव, अंकित मौर्य, आशीष शाक्य आदि मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव में गर्मी का प्रकोप रहने की संभावना, हीट वेब से करें बचाव

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

प्रदेश में गर्मी दस्तक दे चुकी है। मार्च के अन्तिम सप्ताह में पिछले वर्ष के सापेक्ष 02 से 03 डिग्री तापमान अधिक रहा है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार माह अप्रैल से जून के मध्य सामान्य से अधिक तापमान रहने की आशंका है। देश में सात चरणों में हो रहे आम चुनाव के दौरान गर्मी का प्रकोप रहेगा।

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ले. जनरल योगेन्द्र डिमरी ने बताया कि प्राधिकरण की ओर से माह मार्च में ही उ.प्र. स्टेट हीटवेव एक्शन प्लान-2024 तैयार कर समस्त विभागों एवं जनपदों को उपलब्ध करा दिया गया है, जिसमें लू से बचाव हेतु विभागवार जिम्मेदारियां निर्धारित की गई है। उप्र के समस्त जनपदों में जिला हीटवेव एक्शन प्लान तैयार कर लिया गया है और जनपद स्तर पर हीटवेव से बचाव के लिए निरंतर एडवाइजरी जारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण द्वारा हीटवेव से बचाव के लिए विभिन्न प्रकार के पोस्टर मण्डल, तहसील, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर तक वितरण हेतु उपलब्ध कराये गये हैं। उपाध्यक्ष ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि कड़ी धूप में, विशेषकर 12 बजे से तीन बजे तक अनावश्यक बाहर न निकलें, प्यास न लगने पर भी बार-बार पानी पियें, हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा का इस्तेमाल करें। यात्रा के दौरान साथ में पानी अवश्य रखें, यदि बाहर जाना आवश्यक है तो गीले कपड़े को अपने सिर और गर्दन पर रखें,घर में बना पेय पदार्थ जैसे-लस्सी, नमक-चीनी का घोल, नीबू का पानी, छाछ इत्यादि का प्रयोग करें, खाना बनाते समय खिड़कियां खुली रखें।

# सौ साल से ऊपर के मतदाताओं के लिये विशेष इंतजाम

▸ सेवा में रहेंगे ई रिक्शा और एनएसएस के वालंटियर
▸ गोंडा संसदीय क्षेत्र में 606 मतदाता प्राइड वोटर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के गोंडा में 45 हजार से अधिक युवा पहली बार वोट डालने वाले हैं। 606 मतदाता 100 साल से ज्यादा उम्र के हैं, इनके लिए निर्वाचन आयोग ने विशेष प्रबंध किए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम नेहा शर्मा ने बताया कि जनपद में 600 से ज्यादा प्राउड वोटर हैं, जिनके वोटिंग के लिए बूथों पर लगी लाइनों में एनएसएस के वालंटियर उनकी हेल्प करने वाले हैं। जनपद में खासकर जो 100 प्लस के वोटर हैं, अगर वे होम वोटिंग का ऑप्शन नहीं चुनते हैं, तो उनके बूथ पर आने के लिए ई-रिक्शा मिलेगी। ये सभी वोटर वो हैं जिन्होंने देश में हुए पहले चुनाव में अपने मतों का प्रयोग किया था। ये लोग 2024 के लोकतंत्र के इस महा उत्सव में भी अपना वोट डालकर अपने मनपसंद जनप्रतिनिधियों को चुनेंगे। अब इनमें से कई डीप डिमेंशिया का शिकार हो चुके हैं, याददाश्त खो चुके हैं, कई बोलने और सुनने में असमर्थ हैं, उनको कुछ भी समझ नहीं आता है लेकिन वे प्राउड वोटर हैं और अपने मत का प्रयोग करने वाले हैं।101 साल की करमा देवी अभी भी डंडे के सहारे पूरे गांव में टहलती हैं। करमा देवी को ज्यादा कुछ याद नहीं रहता है लेकिन अभी भी एक्टिव हैं। इनका कहना है कि अभी भी हमारा बहुत पौवा है, हमने सबका भला किया है।हमें केवल 2 जून का खाना और 2 धोती ही चाहिए।जब-जब वोट पड़ा है हमने वोट दिया है। इस बार भी करमा देवी वोट डालने वाली हैं। गोंडा के मेहनौन विधानसभा छेत्र के खरगूपुर के नौशहरा की रहने वाली 101 साल की राजपति का भी यही हाल है।

गोंडा में पांचवें चरण का चुनाव 20 मई को होना है। गोंडा में 25.30 लाख पंजीकृत मतदाता हैं, जिनमें 13.50 लाख पुरुष, 11.82 लाख महिलाएं और 94 ट्रांसजेंडर वोटर हैं। डीएम नेहा शर्मा की मानें तो गोंडा जिले में जहां 80 साल से ऊपर के मतदाताओं की संख्या 18 हजार से ज्यादा है तो वहीं 100 साल से ऊपर के मतदाताओं की संख्या 595 है। 120 साल के ऊपर के वोटरों की संख्या 11 है।

# गरीबों, वंचितों की बहुजन-हितैषी सरकार चुनें : मायावती

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

▸ मतदाता अपने वोट के बहुमूल्य संवैधानिक अधिकार का निर्भय होकर करें इस्तेमाल



लोकसभा चुनाव के लिए यूपी में कल यानी 19 अप्रैल को आठ लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। इससे पहले बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने अपील की है कि पहले मतदान, फिर जलपान के संकल्प के साथ मतदाता अपने वोट के बहुमूल्य संवैधानिक अधिकार का निर्भय होकर इस्तेमाल करें एवं देश में गरीबों, मेहनतकशों, वंचितों की बहुजन-हितैषी सरकार चुनें। सोशल मीडिया मंच एक्स पर मायावती ने एक पोस्ट में लिखा, देश में 18वीं लोकसभा हेतु सात चरणों में हो रहे आमचुनाव में कल मतदान के पहले चरण से ही, 'पहले मतदान, फिर जलपान' के संकल्प के साथ अपने वोट के बहुमूल्य संवैधानिक अधिकार का निर्भय होकर इस्तेमाल करके देश में गरीबों, मेहनतकशों, वंचितों की बहुजन-हितैषी सरकार चुनें, यही पुरजोर अपील। मायावती ने लिखा, परमपूज्य बाबासाहेब डा भीमराव अम्बेडकर के अनुपम संविधान के तहत बिना किसी भेदभाव के एक वोट का मिला अधिकार ऐसी लोकतांत्रिक शक्ति है जिसके जरिए सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करके गरीब, कमजोर व उपेक्षित लोग अपना उद्धार खुद करने योग्य बनकर अपनी गरीबी व लाचारी का जीवन दूर कर सकते हैं। मायावती ने कहा, इसीलिए वोट के अधिकार की रक्षा पूरे जी-जान से करनी है। सावधान रहें आपका कोई वोट खरीदा न जा सके। लूटा न जा सके। कोई वोट पड़ने से न रह जाए तथा धनबल, मन्दिर-मस्जिद आदि के नाम पर आपके वोट का गलत इस्तेमाल न हो। वोट जरूर डालें। यही सबसे बड़ा कर्तव्य व बाबा साहेब को श्रद्धांजलि। बसपा सुप्रीमो ने आगे कहा, निर्वाचन आयोग ने यह लोकसभा चुनाव 'स्वतंत्र, निष्पक्ष, सहभागी, सुगम, समावेशी, पारदर्शी व शांतिपूर्ण तरीके से संचालन के लिए तैयारियों' का आश्वासन देश को दिया है, जिस पर खरा उतरने के लिए खासकर सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग व रूलिंग पार्टी द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन रोकना जरूरी।

# यूपी मदरसा बोर्ड 15-मई तक घोषित कर सकता है रिजल्ट

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद की वार्षिक बोर्ड परीक्षा 13 फरवरी 2024 से लेकर 21 फरवरी 2024 के बीच सम्पन्न हो चुकी है। अब सभी को मदरसा बोर्ड के रिजल्ट का इन्तजार है। रिजल्ट के संबंध में जानकारी हुए यूपी मदरसा शिक्षा परिषद की रजिस्ट्रार डॉक्टर प्रियंका अवस्थी ने बताया कि मदरसा बोर्ड की पूरी कोशिश है कि 15 मई तक रिजल्ट घोषित कर दिया जाए। डॉक्टर प्रियंका अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि मूल्यांकन का काम लगातार जारी है।

जल्द से जल्द इसको पूरा करके अपलोडिंग का शुरू दिया जाएगा। मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी फारसी एवं अरबी), आलिम (सीनियर सेकेन्डरी फारसी एवं अरबी), कामिल एवं फाजिल की वार्षिक परीक्षा में कुल 1,41,115 परीक्षार्थियों ने रेजिस्ट्रेशन करवाया था।

डॉक्टर प्रियंका अवस्थी ने बताया कि मुंशी/मौलवी के 82,020, आलिम के 21,632, कामिल के 27,964 एवं फाजिल के 9,499 कि छात्र,छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया था, जिसमें कुछ छात्रों ने परीक्षा छोड़ दिया था। प्रियंका अवस्थी ने कहा कि बोर्ड का पूरा प्रयास रहेगा कि समय से रिजल्ट घोषित कर दिया जाए, ताकि जो छात्र कॉलेज और यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेना चाहते है उनको किसी समस्या का सामना न करना पड़े। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 22 मार्च को फैसले दिया था जिस में ये कहा था कि मदरसा बोर्ड संविधान के धर्म निरपेक्ष सिद्धांत का उल्लंघन करता है।

कोर्ट ने मदरसा कानून को असंवैधानिक मानते हुए उसे खत्म करने का आदेश दे दिया था। 5 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए कहा था कि मदरसा बोर्ड संविधान के धर्म निरपेक्ष सिद्धांत का उल्लंघन करताष् ये कहना ठीक नहीं है और साथ ही 17 लाख छात्रों और 10 हजार अध्यापकों को अन्य स्कूलों में समायोजित करने की प्रक्रिया पर भी रोक लगा दिया था।

### फ्री मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग कारगर, 20 छात्र यूपीएससी परीक्षा में सफल

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** उ.प्र. सरकार सिविल सेवा की तैयारी के लिए मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना चला रही है। इस बार की सिविल सेवा परीक्षा में इस कोचिंग में पढ़ने वाले 20 छात्रों ने अपनी जगह बनाई है। राज्य सेवाओं, रक्षा सेवाओं के अलावा मेडिकल, इंजीनियरिंग के छात्रों को मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग के तहत कोंचिग की सुविधा दी जाती है। इसका उद्देश्य मेधावी छात्रों को कोचिंग सुविधा देकर उनका भविष्य संवारना है। ये योजना सीएम योगी के निर्देश पर 2021 में शुरू की गई थी। उ.प्र. के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने बताया मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग के 20 अभ्यर्थियों ने सिविल सेवा परीक्षा 2023 में सफलता का झंडा लहराया है।

**समस्या** — निजी स्कूलों में दाखिला दिला चुके अभिभावक, शिक्षकों को ढूंढे नहीं मिल रहे बच्चे

# एक हुक्म ने घटा दी सरकारी स्कूलों में छात्र संख्या

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।


प्राइमरी स्कूलों में दाखिले की उम्र बढ़ाने से छात्र-छात्राओं की संख्या कम हो गई है। एक अप्रैल को छह वर्ष की उम्र पूरी करने वाले बच्चों का ही कक्षा-एक में दाखिले के आदेश से बीते साल के मुकाबले इस साल औसतन 50 फीसदी बच्चे घट गए हैं। बच्चों की संख्या लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में घट गई है।

कुछ स्कूलों ने छह साल के भीतर वाले बच्चों के दाखिले ले लिये हैं। उनके दाखिले फंस गए हैं। बेसिक शिक्षक विभाग के स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों के नामांकन बढ़ाने के सारे जतन असफल हैं।

शिक्षक घर-घर जाकर बच्चे खोज रहे हैं, छह साल की उम्र पूरी करने वाले बच्चे खोजे नहीं मिल रहे हैं।

अभिभावकों ने बच्चों को घर में बैठाने के बजाए इनके दाखिले निजी स्कूलों में करा दिये है।लखनऊ में संचालित 1619 प्राइमरी स्कूलों में बीते वर्ष बच्चों की संख्या दो लाख के ऊपर थी जबकि इस साल बच्चों की संख्या घटकर दो लाख के भीतर आ गई है।

16 अप्रैल तक स्कूलों में नामांकित बच्चों की संख्या औसतन एक लाख 75 हजार है। बीते साल की तुलना में छात्र संख्या 25 हजार कम हो गई है। सबसे ज्यादा बच्चे कक्षा एक में घटे हैं। अभी तक कक्षा-एक में बच्चों के नामांकन का आंकड़ा 10 हजार पार नहीं कर पाया है। अधिकारियों का कहना है कि एक से आठवीं कक्षा में अभी दाखिले चल रहे हैं। संख्या बढ़ जाएगी। प्राइमरी स्कूलों में बच्चों के दाखिले न होने पर अभिभावकों ने निजी स्कूलों में दाखिला करा दिया है। कोई भी अभिभावक बच्चे को घर में नहीं





बैठाना चाहता है। कई निजी स्कूल दो बच्चों के दाखिले पर एक बच्चे की फीस माफकर दी है। ऐसे में शिक्षकों के सामने बच्चों के नामांकन बढ़ाने का लक्ष्य पूरा करना मुश्किल हो रहा है।

शिक्षकों का कहना है कि इस तरह से स्कूलों में छात्र संख्या घटती जाएगी। इसका असर दूसरी कक्षाओं पर पड़ेगा। 25 अप्रैल 2023 को तत्कालीन अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने न्यूनतम छह साल की उम्र वाले बच्चों का प्राइमरी स्कूलों की कक्षा-एक में दाखिले का निर्देश जारी किया था। आदेश में कहा था कि एक अप्रैल से 31 जुलाई के बीच छह वर्ष की आयु पूरी करने के कारण दाखिले से वंचित बच्चों को दाखिले लेने का छूट दी थी जिसके चलते शिक्षकों ने जुलाई में छह साल की उम्र पूरी करने वाले बच्चों के दाखिले ले तीन माह पहले अप्रैल में ही ले लिये थे।बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने नौ अप्रैल को जारी आदेश में सख्त निर्देश दिये कि कक्षा-एक में दाखिले के लिए छात्र-छात्राओं की उम्र एक अप्रैल को छह वर्ष पूरी होनी चाहिए। इससे कम आयु के बच्चों का नामांकन न किया जाय।

छह वर्ष से कम आयु के बच्चों का नामांकन बालवाटिका में कराये। वर्ष 2023 में छात्र संख्या कसमण्डी कला-एक मलिहाबाद 5 13 ,प्राइमरी स्कूल गडरियन का पुरवा, चिनहट 5 12,प्राथमिक विद्यालय लालताखेड़ा, काकोरी 4 10,प्राइमरी स्कूल मकदूमपुर, चिनहट 8 15 ,कम्पोजिट स्कूल, अशरफनगर सरोजीनगर 2 4,प्राथमिक विद्यालयसमदाखेडा 6 12 ,प्राथमिक विद्यालय बिजनौर-दो 10 19 प्राथमिक विद्यालय तिरवा 7 11, प्राथमिक विद्यालय लालताखेड़ा 4 10 रही।प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के प्रान्तीय अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने बताया कि एक अप्रैल को 6 वर्ष पूर्व होने पर प्राइमरी स्कूलों में प्रवेश लेने का नियम बहुत घातक सिद्ध होगा।

विभाग छात्र संख्या बढ़ाने की बात करता है। यह संख्या और कम हो जाएगी। निजी स्कूलों में चार वर्ष में ही केजी और नर्सरी में प्रवेश दिया जा रहा है। विभाग को नियम पर विचार करना चाहिए।

# सिविल सेवा परीक्षा 2023 में चयनित भानू प्रताप ने किया नगर, जिले व परिवार का नाम रोशन

▸ अपनी सफलता का श्रेय भानू ने अपने परिवार और शिक्षकों को दिया

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



बीते मंगलवार को घोषित सिविल सेवा परीक्षा 2023 के परिणाम में 727 वां स्थान प्राप्त कर जानकीपुरम लखनऊ निवासी भानू प्रताप सिंह ने परिवार, नगर एवं अपने शैक्षणिक संस्थान को गौरवांवित किया है। भारतीय पुलिस सेवा से सेवानिवत्त अधिकारी भारत सिंह यादव के तीन संतानों में सबसे छोटे भानू का बचपन से ही प्रशासनिक सेवा के माध्यम से जनसेवा के लिए रूझान था।

एचबीटीआई कानपुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर भानू ने तकनीकी क्षेत्र में कार्य करते हुए सिविल सेवा के लक्ष्य प्राप्ति के लिए गहन अध्ययन किया। आईपीएस पिता भारत सिंह एवं कम्प्यूटर इंजीनियर बड़े भाई प्रज्जवल सिंह यादव के अनुभवों एवं सटीक मार्ग दर्शन के चलते भानू को इस वर्ष सिविल सेवा परीक्षा में सफलता प्राप्त हुई। इस सफलता का श्रेय भानू अपने परिवार और शिक्षकों को देते हैं। वर्तमान में भानू स्पोर्ट्स ऑथारिटी ऑफ इंडिया एस.ए.आई. में असिस्टेंट डायरेक्टर के पद पर जम्मू में तैनात है तथा खेलो इंडिया मिशन के जम्मू एवं कश्मीर राज्य के लिए प्रभारी अधिकारी है। शाहजहांपुर के मूलनिवासी भारत सिंह यादव पुलिस मुख्यालय उप्र से डीआईजी के पद से सेवानिवृत्त है तथा वर्तमान में लखनऊ में रहते है। भानू की मां राजकुमारी कुशल गृहणी है। बड़े पुत्र प्रज्जवल सिंह यादव पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर है तथा एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में उच्च पद पर कार्यरत है। अपनी सफलता का श्रेय भानू अपने परिवार एवं शिक्षकों को देते है।

# तिलक कार्यक्रम से पूर्व पिता ने खाया जहर, भर्ती

**धन की कमी के चलते उठाया कदम, गुरुवार को है तिलक, 26 अप्रैल को होनी है शादी**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद के ललुही गांव निवासी एक ग्रामीण ने मजबूरी में जान देने के लिए, जहर खा लिया। गंभीर हालत में उसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। ग्रामीण ने यह जानलेवा कदम बेटी के तिलक कार्यक्रम से कुछ दिन पहले उठाया।

परिवार के मुताबिक तिलक कार्यक्रम में दहेज देने के लिए कई लोगों से सहयोग मांगा, लेकिन सफलता नहीं मिली। जिस पर उसने आत्महत्या की कोशिश की।

खैरीघाट थाने के ललुही पथार के मजरे पथार कलां निवासी 45 वर्षीय दलित सिपाही लाल पुत्र बाबूराम मजदूरी करके परिवार की आजीविका चलाता है। एक बेटी व एक बेटे की शादी कर चुका है। बेटे के एक छह माह का बेटा है। उसके तीन बेटे व चार बेटियां है। दूसरी बेटी की भी

**ससुरालियों ने मांगा दहेज, लेकिन कुछ देना है जरूरी**

जिला अस्पताल में भर्ती सिपाही लाल की पत्नी राधा देवी ने बताया कि बेटी की ससुराल के लोग अच्छे हैं। कोई मांग नहीं की है। लेकिन बेटी की शादी में कुछ दहेज मिल जाए, इसके लिए पति ने सभी से सहयोग मांगा। जब किसी के द्वारा सहयोग नहीं मिला तो उन्होंने निराश होकर आत्महत्या के लिए कदम उठा लिया।

उसने नवाबगंज इलाके के एक गांव में शादी तय की है। गुरुवार को तिलक जाना है।

जबकि 26 अप्रैल को शादी होनी है। धन की कमी होने की वजह से उसने कई जगह उधार मांगा। उसे हर जगह इंकार ही मिला। मंगलवार दोपहर में वह बेटी की ननिहाल में शादी का पहला कार्ड देने की रस्म अदायगी को निकला था। ननिहाल महसी इलाके के नकवा गांव में है। वह नकवा गांव नहीं पहुंचा। मंगलवार शाम वह बंजरिया में रास्ते में सड़क पर पड़ा था। उसके मुंह से फेना व झाग निकल रहे थे। लोगों ने उसे पहचान उसके परिजनों को जानकारी दी। परिजन आनन फानन में वहां पहुंचे। उसे निजी क्लीनिक ले जाया गया।

बुधवार सुबह हालत काफी बिगड़ने पर उसे मेडिकल कालेज लाए, जाने पर डा. मनोज चौधरी, फार्मेसिस्ट श्याम बाबू ने उसे तत्काल भर्ती कर उसका इलाज शुरू कर दिया। हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है।

# युवक का नदी में मिला शव, हत्या की आशंका

**सिर को पूरी तरह से ईंट से कूचा, पास में मिला जुगाड़ गाड़ी**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

कैसरगंज थाना क्षेत्र के गण्डारा से पैनाघाट जाने वाले मार्ग पर सरयू नदी के किनारे एक युवक का शव बरामद हुआ है। युवक के सिर पर व शरीर पर गम्भीर चोटों के निशान हैं।पास में ही स्कूटर लगी ठेलिया भी खड़ी मिली है।घटना की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे सीओ रूपेंद्र गौड़ व प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया तथा आसपास के ग्रामीणों से घटना के सम्बन्ध में पूछताछ की। प्राप्त जानकारी के अनुसार नत्थू उम्र 35 वर्ष निवासी अतर सईया चौकी चचरी थाना कर्नलगंज जिला गोंडा का गुरुवार की सुबह गण्डारा चौकी के अंतर्गत पैना घाट के निकट सरयू नदी के किनारे शव बरामद हुआ है।

शव का सिर कुचला हुआ था तथा सिर पर गंभीर चोट के निशान हैं। ग्रामीणों को जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने इसकी सूचना गंण्डारा चौकी पर दी। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी ने इसकी सूचना प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह को दी। दलबल के साथ पहुंचे राजनाथ सिंह ने घटना की गहनता से जांच की।प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सीओ भूपेंद्र गौड़ ने बताया कि शव की स्थिति देखकर देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि युवक की मार्ग दुर्घटना हुई है, जबकि मृतक नत्थू के पुत्र रोहित ने अपने पिता की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। पुलिस घटना की गहनता से जांच कर रही है।

# स्कूल में बच्चों की संख्या बढ़ाने को लेकर शिक्षक ने डोर-टू-डोर किया संपर्क



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

परिषदीय विद्यालयों में नए सत्र का शुभारंभ हो गया है। लेकिन स्कूलों में बच्चों की संख्या नहीं बढ़ रही है। इसको देखते हुए शिक्षक अभिभावकों के घर घर दस्तक देकर उन्हें घर का काम बाद में, पहले बच्चों को शिक्षा के लिए स्कूल भेजने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

गर्मी और फसल कटाई में छात्रों की विद्यालय में उपस्थिति चुनौती बन गई है। खंड शिक्षा अधिकारी फखरपुर अनुराग कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में फखरपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय ढोगाही बटुरहा के शैक्षिक स्टाफ द्वारा प्राथमिक विद्यालय ढोगाही के साथ समन्वय स्थापित करते हुए विद्यालयों में अध्ययन रत बच्चों के घर जाकर डोर टू डोर संपर्क किया गया। सहायक अध्यापक एसके चौबे ने अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने बच्चों का सरकारी विद्यालयों मे नामांकन कराने का अनुरोध किया।

अधिकतर बच्चे फसल की कटाई मड़ाई घर पर छोटे बच्चों की देखभाल मे व्यस्त थे। शिक्षक एसके चौबे ने उनके अभिभावकों से शिक्षा के महत्व पर चर्चा करते हुए बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने का निवेदन किया। कहा कि गेहूं कटाई बाद में पहले शिक्षा के लिए बच्चों को स्कूल भेजे। इस अवसर पर परवीन अख्तर, विवेक सिंह, सत्य पाल यादव, प्रीतांशी सिंह सहित विद्यालय की टीम मौजूद रही।



# मधुमक्खियों के झुंड ने किसान पर बोला हमला, मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के इंटहा गांव निवासी किसान बृहस्पतिवार सुबह खेत में गेहूं कटाई करने गया था। खेत में किसान पर मधुमक्खियों के झुंड ने काटना शुरू कर दिया। कुछ देर में ही युवक की मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली नानपारा क्षेत्र के ग्राम पंचायत इंटहा में बृहस्पतिवार को सुबह जैस कुमार पुत्र पृथ्वीराज उम्र लगभग 45 वर्ष खेत में गेहूं कटाई करने के लिए गया हुआ था तभी मधुमक्खियों के झुंड ने आक्रमण कर उसे जमकर काटा। आसपास के लोगों ने देखा तो किसी तरह बचाकर वहां से इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे, तभी उसने दम तोड़ दिया। मृतक जैस कुमार की तीन लड़कियां हैं और पत्नी दोनों आंखों से दृष्टिहीन है। जैस कुमार के मरने की खबर सुनकर पूरे परिवार में कोहराम बच गया। जैस कुमार खेती किसानी कर पूरे परिवार का जीवन यापन करता था। कोतवाली में घटना की जानकारी दी गई है।

# राम भक्तों व विरोधियों के बीच है लोकसभा चुनाव: धर्मपाल सिंह

**जो काम संगठन ने दिया है उसमे जी जान से सभी लोग जुट जाएं**




**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में गुरुवार को आयोजित भाजपा के बूथ अध्यक्ष के सम्मेलन में शामिल होने आए प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने विपक्ष पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि देश की 87 प्रतिशत जनता मोदी के साथ है और ये चुनाव राम भक्तो व राम विरोधियों के बीच हो रहा है। शहर के बन सरिता रिजॉर्ट में भाजपा की ओर से बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन हुआ।

गुरुवार को आयोजित सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह रहे। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हम प्रथम चरण में होने वाले मतदान में सभी सीट जीत रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये चुनाव दो विचारधाराओं के बीच है जिसमे एक तरफ राम भक्त, देश भक्त व राष्ट्र भक्त हैं तो वही दूसरी तरफ राम। देश व राष्ट्र का विरोध करने वाले हैं और जनता राम व देश भक्तों के साथ है। उन्होंने अमेठी व रायबरेली से राहुल व प्रियंका गांधी के चुनाव लडने के सवाल पर कहा कि ये दोनो चाहे जहा से लड़े इनकी हार होगी। सम्मेलन में उपस्थित कार्यकर्ताओं से बात करते हुए उन्होंने कहा कि जो काम संगठन ने दिया है उसमे जी जान से सभी लोग जुट जाएं।

समेल्लन के दौरान सदर विधायक अनुपमा जायसवाल पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी , लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी आनंद गौड, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे, मीडिया प्रभारी देवेंद्र मिश्र समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### खेत में काम करते रहे परिवार के लोग, महिला ने की आत्महत्या

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** मोतीपुर थाना क्षेत्र निवासी महिला ने बुधवार शाम को घर में फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुड़वा निवासी पिंकी देवी (23) पुत्र पंकज कुमार के परिवार के लोग बुधवार शाम को खेत में काम कर रहे थे। घर महिला और उसका तीन वर्ष का बेटा मौजूद था। तभी महिला ने घर के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। देर शाम को परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और कमरे में देखा तो महिला फंदे से लटक रही थी। इस पर सभी रोने लगे। महिला के मायके खैरीघाट थाना क्षेत्र के बदरखा गांव में सूचना दी गई। मायके के लोग मौके पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि मृतक के परिवार की तहरीर पर पति, सास और ससुर समेत तीन लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या का केस दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### बृजेश सिंह को करणी सेना ने बनाया आईटी सेल प्रभारी

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज़।** समृद्धि देश के सबसे बड़े राजपूत संगठन श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना में पत्रकार बृजेश सिंह को जिला आईटी सेल प्रभारी गोंडा उत्तर प्रदेश के पद पर नियुक्ति किया इस अवसर पर क्षत्रिय समाज़ के लोगों ने करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवन्शी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अमर शहीद सुख देव सिंह गोगामेडी को शुद्ध मन से श्रद्धांजलि अर्पित की तथा श्री मती शीला सुख देव सिंह गोगामेडी को धन्यवाद किया।

### इन्दिरा स्टेडियम में 19 अप्रैल को आयोजित होगा ''मतदाता जागृति महोत्सव''

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम अन्तर्गत अन्तर्गत 19 अप्रैल 2024 को इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम बहराइच में ''मतदाता जागृति महोत्सव'' मनाया जायेगा। मतदान में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अभिनव पहल पर महोत्सव में ट्रांसजेण्डर समूह तथा थारू जनजाति की बालिकाओं के समूह द्वारा मटका दौड़ मुख्य आकर्षण रहेगा। मटका दौड़ लोगों को इस बात के लिए प्रेरित करेगा कि पात्र चाहे जितना ही विशाल क्यों न हो अथक परिश्रम व लगन से बूंद-बूंद एकत्र कर उसे भरा जा सकता है। यही बात जिले के मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए काफी है कि लोकतन्त्र के महापर्व में सभी मतदाता सजग होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर बहराइच को मतदान प्रतिशत में चैम्पियन बनाने का संकल्प लें। मतदाता जागृति महोत्सव के लिए निर्धारित कार्यक्रमों की बात की जाय तो इन्दिरा गांधी स्टेडियम में प्रातः 07:00 बजे से पूर्वान्ह 10:00 बजे तक जिला स्तरीय पुरूष/महिला वर्ग के लिए 100, 200 व 400 मीटर दौड़, शॉटपुट, जैवलिन व डिस्कस थ्रो तथा पूर्वान्ह 10:00 बजे से क्रिकेट एवं बैडमिन्टन प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसके अलावा जिले के राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में अध्यनरत थारू जनजाति छात्राओं व बालिका समूह द्वारा अपरान्ह 02:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक रंगोली व मेंहदी प्रतियोगिता तथा था परिधान में मतदाता जागरूकता पर आधारित नृत्य एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे।

# डीएम ने चस्पा किये मतदाता जागरूकता स्टीकर

**डिलीवरी वाहनों को किया रवाना**

**रसोई तक पहुंचेगा मतदाता जागरूकता का सन्देश, सन्देश वाहक बनेंगे गैस सिलेण्डर**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम अन्तर्गत जिलाधिकारी मोनिका रानी ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरूगन व अन्य अधिकारियों के साथ गैस सिलेण्डर पर मतदाता जागरूकता स्टीकर चस्पा किये तथा लोक निर्माण विभाग निरीक्षण भवन से आभार बालाजी इण्डेन सर्विस बहराइच, बहराइच गैस सर्विस, अंशुमान इण्डेन गैस सर्विस बहराइच, बालार्क इण्डेन सर्विस बहराइच, मुख्तार गैस सर्विस बहराइच, परसौरा भारत गैस बहराइच, दीपिका एचपी गैस बहराइच, मंगलम भारत गैस बहराइच, बहराइच भारत गैस बहराइच, प्रगति एचपी गैस बहराइच इत्यादि एजेन्सियों के गैस सिलेण्डर डिलीवरी वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।



डीएम मोनिका रानी ने गैस एजेन्सियों के प्रबन्धकों एवं हॉकरों का आहवान्ह किया कि मतदाता जागरूकता के सन्देश को घर-घर तक पहॅुचाये जाने में सहयोग प्रदान करें साथ ही 13 मई 2024 को परिवार के सभी अर्ह व्यक्तियों के साथ मतदान अवश्य करें।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्वत, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, व्यय प्रेक्षक के लाईज़निग आफिसर जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, प्रेक्षक व्यवस्था के प्रभारी एआईजी स्टाम्प शीलभद्र चन्द्रा, जिला आबकारी अधिकारी सुधांशु सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी व अन्य अधिकारी तथा सम्बन्धित गैस एजेंसियों के प्रबन्धक/प्रोप्राईटर मौजूद रहें।



# बालक को बनाया गया श्रीराम, केक काटकर लुटाया उपहार

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** नगर पंचायत जरवल में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्मोत्सव बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। जरवल के खाकी दास मंदिर में प्रबंधक अध्यक्ष सहित मंदिर समिति के सभी पदाधिकारी व भक्तजन उपस्थित रहे। और भगवान श्री राम का जन्मोत्सव मनाया गया। उससे पूर्व रामचरितमानस का पाठ आयोजित किया गया। इसी कड़ी में संगत मंदिर में भी श्री राम जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ गीत भजन गाकर व बधाई गीत गाकर भगवान श्री राम का जन्मोत्सव मनाया गया।बाबा नारायण दास मंदिर,श्री राम जानकी खाटू श्याम मंदिर में भी एक छोटे से बालक को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का रूप सजाया गया और जन्मोत्सव मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम रामचरितमानस का पाठ किया गया। उसके बाद जन्मोत्सव हुआ फिर श्री राम के रूप में उसे छोटे से बच्चों के द्वारा मंदिर समिति के अध्यक्ष कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने केक कटवाया व फूलों की बरसात की व भव्य तरीके से मंदिर की सजावट करवाई।

# आर्टिफिशियल ज्वेलरी शोरूम का हुआ उद्घाटन

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

गुरुवार को शहर के दुखहरण नाथ मंदिर के सामने अग्रवाल श्रृंगार शो रूम का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन परिवार की मुखिया और भाजपा नगर अध्यक्ष की माता सुशीला अग्रवाल ने फीता काट कर शोरूम का उद्धघाटन किया। देवीपाटन मण्डल का पहला फैशन ज्वेलरी का शोरूम अब गोण्डा में खोला गया है शोरूम के प्रॉपराटर कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि गोल्ड की बढ़ती हुई कीमत और गोल्ड के साथ होने वाले रिस्क को देखते हुए आर्टिफिशल ज्वेलरी अब समय की मांग बन चुकी है, और हमारा मानना है कि ऑनलाइन से इनकी कीमत आधी है। हमारे पास आर्टिफिशियल ज्वेलरी की सभी रेंज उपलब्ध है जैसे 1 ग्राम गोल्ड ज्वेलरी ,जयपुरी बीड्स ज्वेलरी, फैशन ज्वैलरी, ए डी ज्वेलरी, दुल्हन ज्वेलरी सहित कई अन्य प्रकार की ज्वैलरी उपलब्ध है और हमारे यहां पर ज्वेलरी किराए पर भी देने की व्यवस्था दी जायेगी। इस दौरान जगत राम अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल,विशाल अग्रवाल, कन्हैया अग्रवाल, राहुल अग्रवाल,संजय अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल,विजय गोयल, श्याम सुंदर नेवटिया, प्रकाश गुप्ता,अंजना अग्रवाल,शशि लता अग्रवाल,दीक्षा अग्रवाल,कृतिका अग्रवाल, वैशाली अग्रवाल, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## गोंडा से सऊदी जा रहे 3 लोगों की सड़क हादसे में मौत



**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** रोजी रोटी की तलाश में घर से सऊदी जा रहे लोगों की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में 3 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक सादुल्ला नगर क्षेत्र से चार लोग सऊदी अरब कमाने जा रहे थे। इसी बीच अयोध्या-लखनऊ हाइवे पर कार पेड़ से टकराकर दुर्घटना ग्रस्त हो गई । सड़क दुर्घटना में विशुनपुर खरहना सादुल्लानगर जनपद बलरामपुर निवासी जुनैद, मोइन व वाहन चालक अब्दुल खालिक की मौत हो गई तथा जमशेद गंभीर रूप से घायल हो गए।

# पत्रकार के परिजनों पर जानलेवा हमला, सिर में लगी चोट

**तरबगंज /गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

जिले के तरबगंज थाना क्षेत्र में एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार के परिजनों पर दबंगों द्वारा पुरानी रंजिश व मामूली कहासुनी को लेकर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया ,जिससे उसके छोटी बहन के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के संबंध में पीड़ित परिजन की तहरीर पर पुलिस ने मामूली धाराओं में मामला दर्ज करके खानापूर्ति कर ली गई। वहीं पुलिस आरोपियों पर मेहरबान दिख रही है। आपको बता दें कि एक ओर जहां पुलिस प्रशासन व पूरा महकमा चुनाव की तैयारी में है तो वहीं दूसरी और अपराधियों का हौसला सातवें आसमान पर है, तरबगंज थाना क्षेत्र के मजरा



शुक्लनपुरवा बकियापुर में बुधवार को कुछ इस प्रकार घटना को अंजाम दिया गया कि पत्रकार का पूरा परिवार सहम गया। मोहित तिवारी पुत्र अनिल तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बुधवार को करीब 4 बजे हमारे खेत में लगी मक्के की फसल को विपक्षी रमन शुक्ला पुत्र अशोक शुक्ला की भैंस चर रही थी और विपक्षी चरती हुई भैस को नजरअंदाज करके लकड़ी काट रहा था। जब उसकी बहन मोहिनी तिवारी पुत्री अनिल तिवारी ने कहा कि हमारे खेत से भैंस हटा लो नुकसान कर रही है, इतने में विपक्षी ने आव देखा ना ताव और उसकी बहन पर बांका से सिर पर हमला कर दिया जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं और बेहोश होकर गिर पड़ी। जब घर वाले दौड़े तो उनके ऊपर विपक्षी ईंट और पत्थर फेंककर मारने लगा। मामले में पीड़ित परिजन की तहरीर पर पुलिस ने धारदार हथियार से सिर पर जानलेवा हमले के सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज ना कर मामूली धाराओं में मामला दर्ज करके खानापूर्ति कर ली गई। जब इस प्रकरण पर थानाध्यक्ष तरबगंज से वार्ता करने पर उन्होंने बताया मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर धाराएं लगाई गई है।

## शोभा यात्रा में जगह जगह हुई पुष्प वर्षा

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** शहर में राम नवमी के मौके पर शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में महंत रवि गिरी महाराज और अन्य झांकी पर लोगों ने पुष्प वर्षा की। रामनवमी के अवसर पर भगवान श्री राम की शोभा यात्रा शहर में बड़ी धूम धाम से निकाली गई। शोभा यात्रा में भगवान राम और महा मंडलेश्वर रवि गिरी महराज के रथ का पूजा अर्चना किया गया। पूरे शहर में रथ का भ्रमण कराया गया। शहर में भारत विकास परिषद के सभी सदस्यों के द्वारा पुष्प वर्षा करके शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। जिसमे परिषद के अध्यक्ष अशोक गुप्ता, सचिव सत्येन्द्र निगम, कोषाध्यक्ष प्रखर मित्तल, रूचि कश्यप सभी उपस्थित रहे।

# जामुन के पेड़ों पर चल रहा आरा, जिम्मेदार अनजान

**मनकापुर /गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**

रेहरा वन क्षेत्र के अंतर्गत उपाध्यापुर ग्रन्ट में नदी के किनारे सोरिहवा के रहने वाले कल्लू पांडेय का लगभग 30 एकड़ में हजारों जामुन के पेड़ों पर 10 दिनों से लगातार आरे चल रहे है जबकि सरकार के नजर में जामुन का पेड़ पूरी तरीके से प्रतिबंधित है उसके बावजूद हरियाली पर 10 दिनों से लगातार आर चलाया जा रहा है इसके संबंध में वन क्षेत्र अधिकारी रेहरा रेंज आर के पांडेय से बात करने पर पहले वो जवाब देने से कतराए उसके बाद उन्होंने बताया कि मामला हमारे संज्ञान में है।

उस पर जांच कर कार्यवाही की जाएगी जबकि इतने भारी संख्या में कट रहे जामुन के पेड़ की कोई परमिट भी नहीं है उसके बाद इस तरीके से खुलेआम बिना परमिट पेड़ का कटना यह स्पष्ट करता है की जिम्मेदार अधिकारियों का हरियाली पर आरे चलाने वाले ठेकेदारों को न तो कोई डर और न ही कोई संचय एक तरफ सरकार पर्यावरण पर सालाना करोड़ों रुपए खर्च करती है



वही दूसरी तरफ भ्रष्ट जिम्मेदारों अधिकारियों के सह पर ठेकेदार सरकार के जीरो टॉलरेंस की नीति को गांधी छाप रंगीन कागजों के दम पर ठेंगा दिखाकर चिढ़ा रहे है वही अगर जंगल में कोई एक पेड़ भी काट ले जाए तो उसको वन विभाग की टीम बरामद करके उस पर कार्यवाही भी सुनिश्चित कर देती है लेकिन यहां पर इस तरीके से हजारों पेड़ पर आरे चलाकर पर्यावरण को नष्ट किया जा रहा है और जिम्मेदार अधिकारियों के जानकारी में होने के बाउजूद कुंभकर्णीय निंद्रा में लीन है अब देखना ये होगा की उच्च अधिकारियों के संज्ञान में जाने के बाद इस मामले में कोई कार्यवाही सुनिश्चित होती है या नहीं।

# अवैध टैक्सी स्टैंड पर जीआरपी कर रही वसूली

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

आदर्श रेलवे स्टेशन का हाल भी विचित्र है। यहां दो-दो वाहन स्टैंड हैं। सूत्र बता रहे है कि एक वैध तो दूसरा अवैध। दोनों स्टैंड स्टेशन के मुख्य द्वार के सामने परिसर में अबैध टैक्सी स्टैंड चल रहा है जो यात्रियों की दुश्वारियां बढ़ा रहा है। जीआरपी का कहना है कि परिसर कोतवाली क्षेत्र में आता है जबकि विभागीय अधिकारियों का निरीक्षण होने पर गेट तक सुरक्षा कर्मी तैनात होते हैं, तब इन वाहनों का दूर तक पता नहीं चलता। सूत्रों की मानें तो रेल प्रशासन ने स्टेशन के उत्तर तरफ टैक्सी स्टैंड स्थापित किया ताकि आदर्श रेलवे स्टेशन की सुंदरता बनी रहे और यात्रियों को असुविधा न हो।स्टेशन



साफ-सुथरा दिखाई दे।इसके विपरीत परिसर में खड़े वाहन विभाग को मुंह चिढ़ा रहे हैं। वही यह वसूली का काम करते हैं। वसूली कर्ता मोहसिन को हर महीने समय पर पैसा देना पड़ता है और वह पैसा मोहसिन जीआरपी को हर महीने देते हैं। क्योंकि मोहसिन से ही जीआरपी की सेटिंग है। और जो व्यक्ति पैसा नहीं दे पता है उसको वहां पर खड़े नहीं होने दिया जाता है।सूत्र बताते हैं ऐसे ही ई-रिक्शा वाहन चालक को भी साहब को नजराना देते हैं। जब साहब की जेब गर्म हो तो आम यात्रियों से उन्हें क्या लेना-देना है।ई-रिक्शा चालक जहां चाहें शौक से अपने वाहन खड़ा करें।यहां तो सब कुछ साहब के रहमो करम पर चलता है।साहब को यात्रियों से कोई मतलब ही नहीं है। वह तो सब सिविल पुलिस जाने की रेलवे स्टेशन के बाहर क्या हो रहा है। अगर कोई घटना घटती है तो क्या इसकी जिम्मेदारी सिविल पुलिस लेगी यह जनता सवाल पूछ रही है।

## मजदूरी करने आया युवक लड़की को लेकर फरार

**कर्नलगंज/गोण्डा।** तहसील के परसपुर थाना क्षेत्र में छह माह पहले एक गाव में मजदूरी करने आया युवक एक नाबालिग लड़की को अपने प्रेमजाल में फंसाकर उसे लेकर फरार हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक परसपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि युवक लगभग छह महीना से गांव में मजदूरी करता था। सोमवार की रात उसकी 17 वर्षीय बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। लड़की को ले जाने के बाद से अपना मोबाइल भी बंद कर लिया है। नाबालिग के पिता द्वारा आरोपी का मोबाइल नंबर भी दिया गया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने रोहित कुमार उर्फ छोटू पुत्र मुटुरु ग्राम रुपन पुरवा पोस्ट भीरा तहसील पलिया कला लखीमपुर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लड़की के बरामदगी के लिए एक टीम गठित की गई है।

# प्रथम मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण में पांच कर्मी रहे अनुपस्थित

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु प्रथम मतदान कार्मिक के चतुर्थ प्रशिक्षण फिरोज गांधी महाविद्यालय, रायबरेली में दो पालियों में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कुल 1387 मतदान अधिकारियों को ईवीएम व वीवीपैट का सैद्धान्तिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें से कुल 5 मतदान कार्मिक अनुपस्थित पाये गये। प्रथम पाली में 02 और द्वितीय पाली में 03 अनुपस्थित रहे। जिला विकास अधिकारी ने बताया कि 15 अप्रैल से 18 अप्रैल तक कुल 25 मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहें। जिला विकास अधिकारी ने सभी 25 अनुपस्थित कार्मिकों को उनके कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से निर्देशित किया है कि वह 19 अप्रैल को द्वितीय पाली में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करें। अनुपस्थित कार्मिकों द्वारा 19 अप्रैल को आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त न करने की दशा में सम्बन्धित कार्मिकों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के अन्तर्गत संज्ञेय अपराध मानते हुए विधि सम्मत कार्यवाही की जायेगी।



- 15 से 18 अप्रैल तक कुल 25 प्रथम मतदान कार्मिक रहे अनुपस्थित
- अनुपस्थित मतदान कार्मिक 19 को प्रशिक्षण प्राप्त करें, अन्यथा होगी कार्यवाहीः डीडीओ

# भीषण गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया अलर्ट

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

गर्मी की शुरुआत में ही जहां पारा 40 डिग्री पार कर गया वहीं जिले की सड़कों में सन्नाटा फैलने के साथ ही अस्पतालों में भी मरीजों की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य महात्मा अलर्ट मोड में आ गया मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि जिस तरह से शुरुआत में भीषण गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है उससे हीट वेव का खतरा और बढ़ गया है, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक अगर बहुत जरूरी हो तभी घर से बाहर निकले अगर ज्यादा जरूरी ना हो घर पर ही रहे, जिला अस्पताल में मरीजों के लिए



कोल्ड वार्ड बनाए गए हैं ताकि गर्मी से बीमार लोगों को इसी वार्ड में ही रखा जाएगा, उन्होंने कहा अगर किसी जरूरी काम से लोगों को बाहर निकालना पड़ता है तो पूरी बांह की शर्ट पहने, सर पर टोपी या गमछा रखने के साथ ही आंखों पर चश्मा लगाकर निकले और हर घंटे पास ओ आर एस या नमक चीनी का घोल पीते रहे, इन्हीं सब उपायों से हीटवेव से बचा जा सकता है।

# दहेज न देने पर दबंगों ने परिवार पर किया हमला

**लालगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

दहेज न देने पर दबंगों ने पीड़ित परिवार पर धारदार हथियार से किया जानलेवा हमला मामला थाना लालगंज के घसियारी मंडी का है जहां दहेज न देने पर दबंगों ने पीड़ित परिवार पर धारदार हथियार से हमला बोल दिया।

हमला मे एक ही परिवार के तीन लोगों की हालत गंभीर हो गई। किसी तरह पड़ोसियों की मदद से परिवार की जान बचाई जा सकी। किसी तरह इसकी सूचना नजदीकी थाना और एंबुलेंस को दी गई मौके में पहुंची एम्बुलेंस ने घायलों को सीएससी लालगंज पहुंचाया।

जहां हालत गंभीर होने पर घायलों को रायबरेली के जिला अस्पताल रेफर किया गया।वही पीड़ित परिजनों



की माने तो अब तक मेडिकल रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई और ना ही परिजनों को मेडिकल रिपोर्ट दी गई।वहीं दूसरी तरफ हल्की-फुल्की धारा लगाकर लालगंज थाना इंचार्ज ने पूरे मामले पर इति श्री कर लिया। फिलहाल जब पीड़ित परिवार को थाने से न्याय नहीं मिला तो थकहार कर पीड़ित परिवार पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा जहां उनकी मुलाकात रायबरेली के पुलिस अधीक्षक से हुई जहां उन्होंने पीड़ित परिवार को आश्वासन देकर उचित न्याय दिलाने की बात कही। फिलहाल अब देखना है कि पीड़ित परिवार को न्याय मिलता है या नहीं।

# मामूली कहासुनी पर हथियार से किया जानलेवा हमला

**बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत मामूली कहासुनी को लेकर बेखौफ दबंगों ने पिता पुत्र पर धारदार हथियार से किया जानलेवा हमला, हमले में पिता पुत्र गंभीर रूप से हुए घायल जानकारी के अनुसार आपको बताते थे कि पूरा मामला बछरावां थाना क्षेत्र की थुलेडी चौकी के अंतर्गत हरदोई गांव का है, जहां परिजनों की मानी जाए तो उनका कहना है कि खेत से भूसा ढोने के दौरान हुई।

मामूली कहासुनी को लेकर शत्रोघ्न ने अपने दो बेटों के साथ मिलकर रामविलास व उनके पुत्र अभिषेक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया, हमले में पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए



स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां लाया गया। जहां पिता रामअभिलाष की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रेफर कर दिया गया इस बाबत कोतवाली प्रभारी बृजेंद्र शर्मा ने बताया कि घटना की तहरीर प्राप्त हुई है, तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# ईवीएम वीवीपैट गोदाम के पीछे जंगल में लगी आग

**समय रहते आग पर काबू पा लिया गया नही तो घट सकती थी बड़ी घटना**

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

गुरुवार दोपहर कलेक्ट्रेट परिसर के अंदर जंगल में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने की घटना से हड़कंप मच गया। कलेक्ट्रेट परिसर में आग लगने की सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने किसी तरह से आग पर काबू पा सकी।

घटना स्थल के पास ही वीवीवैट गोदाम भी है गनीमत रही कि आग ने विकराल रूप नही किया और समय से दमकल कर्मियों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया नही तो बड़ी घटना हो सकती थी।

कलेक्ट्रेट परिसर में ईवीएम व वीवीपैट का गोदाम है जहां पर चौबीस घण्टे पुलिस का पहरा है। गोदाम के पीछे जंगल है। आज इसी में आग लग गई। आग लगने की



घटना से हड़कंप मच गया। अचानक आग लगने की घटना से अधिकारियों में हड़कंप मचा रहा। अधिकारियों की सूचना पर पहुंची दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग को काबू करने में सफल हो सके। मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुनील सिंह ने बताया कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया नही तो बड़ी घटना घट सकती थी।

## मोबाइल शॉप में लगी आग लाखों का सामान जला

**रायबरेली।** शहर कोतवाली के घंटाघर के पास बंदूक गली में संदिग्ध परिस्थितियों में एक मोबाइल शॉप पर आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रुप अख्तियार कर लिया और पूरी दुकान को अपनी आगोश में ले लिया। आग लर जब तक काबू पाया जाता तब तक दुकान में रखे लाखो रुपए का सामान जलकर नष्ट हो गया। गुरुवार सुबह शहर कोतवाली के अंतर्गत बंदूक गली में स्थित मोबाइल शॉप में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग लगने की घटना से स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा किसी तरह से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड कर्मी गंगाधर मिश्रा ने बताया कि आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया लिया गया है, घटना में लाखों रुपए के मोबाइल व अन्य सामान जल गए हैं।



# अरबी कैलेण्डर आठ शव्वाल पर विरोध प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** नगर के दुर्गापुरी स्थित मौलाना गुलाम अस्करी हाल में हर साल की तरह इस साल भी अरबी कैलेण्डर के अनुसार 8 शव्वाल जो 18 अप्रैल 2024 को विरोध प्रर्दशन के रूप में मनाया गया। जिसमें जन्नतुल बक़ी के पुर्निमाण हेतु शहर बाराबंकी में जुमा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना मोहम्मद रज़ा की अध्यक्षता में शिया समुदाय एवं अन्य धर्मां के साथ मिलकर शहीद स्मारक पर जन्नतुल बक़ी में रसूल ए इस्लाम हज़रत मोहम्मद मुस्तफा स.अ.व.स. की चहेती बेटी शहज़ादी जनाबे फात्मा ज़हरा स.अ. तथा अन्य इमामों की धर्मस्थलों (रौज़ों) को ध्वस्त किये जाने पर विरोध प्रर्दशन हुआ। जिसमे कहा गया कि 1925 में 08 शव्वाल को सउदी हुकूमत द्वारा क़ब्रों (समाधिस्थल) का ध्वस्तीकरण कराया गया था, जिसके पश्चात प्रत्येक अरबी कैलेडर के अनुसार 08 शव्वाल को पूरी दुनिया में विरोध प्रर्दशन करते हैं, और हिन्दुस्तान की सरकार द्वारा ज्ञापन देकर सउदी अरब की हुकूमत से मांग उठाते हैं कि जन्नतुल बक़ी के क़ब्रों का पुनर्निमाण कार्य कराने की अनुमति दी जाये। मंज़र अब्बास रिज़्वी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि चूंकि चुनाव का दौर चल रहा है, और आदर्श आचार संहिता के साथ-साथ धारा 144 भी लगी है इन समस्त बातों का ध्यान रखते हुए हमें अपने कार्यक्रम को शांतिपूर्वक ढ़ंग से सम्पन्न कराना और ज्ञापन को ऊपर तक पहुँचाना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है।

## खबरें एक नजर में

### अवैध गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**बछरावां,रायबरेली।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अंतर्गत थाना बछरावां पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त सत्यकांत द्विवेदी पुत्र सुरेश कुमार द्विवेदी निवासी ग्राम दखिना शेखपुर थाना निगोहा जनपद लखनऊ को 140 ग्राम अवैध गांजा के साथ थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिनके विरुद्ध थाना स्थानीय पर विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना बछरावां की पुलिस टीम मौजूद रही।

### बिशुनपुर उपकेंद्र पर आज 11 घंटे बाधित रहेगी बिजली

**बछरावां,रायबरेली।** क्षेत्र के विशुनपुर विद्युत उपकेंद्र की क्षमता बढ़ाते हुए आज 10 एमवीए की क्षमता का ट्रांसफार्मर रखा जाएगा। इस दौरान क्षेत्र के समोधा, बन्नावां, विशुनपुर, चुरुवा ,अघौरा, राजामऊ ,सुदौली सहित लगभग 50 गांव की विद्युत आपूर्ति शुक्रवार की सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक बाधित रहेगी। यह जानकारी एसडीओ अजय कुशवाहा ने दी।

### जिलाधिकारी ने मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**बाराबंकी।** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने मुख्य विकास अधिकारी अ0 सुदन , अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारियों के साथ गुरुवार की दोपहर जीआईसी ऑडिटोरियम और जीजीआईसी पहुंचकर कल 19 अप्रैल 2024 से शुरू होने वाले मतदान कार्मिक के प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने कहा कि प्रशिक्षण स्थल ऑडिटोरियम व जीजीआईसी में प्रशिक्षण से सम्बंधित स्टेशनरी किट सहित सभी समुचित व्यवस्थाएं प्राथमिकता के तहत आज शाम तक ही पूरी कर ली जाए। गर्मी से बचाव के लिये कूलर, पंखे व पर्दे आदि पर्याप्त संख्या में लगाये जाए। पीने का पानी, साफ सफाई, मेडिकल टीम आदि का समुचित प्रबंधन पहले से ही कर लिया जाए। जिससे प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले मतदान कार्मिकों को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाए।

## बाइक की टक्कर से छात्र व अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**डलमऊ, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

स्कूल से पढ़कर साइकिल से वापस अपने घर जा रही छात्र को सामने से आ रहे तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार में छात्र को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई वही मोटरसाइकिल सवार को पीछे से आ रही एक अज्ञात चार पहिया वाहन में जोरदार टक्कर मार दी जिसके चलते बाइक सवार भी गंभीर रूप से घायल हो गया आसपास मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ पहुंचा जहां पर बाइक सवार की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के मूर्ति का पुरवा गांव निवासी पूजा पाल 14 वर्ष पुत्री रवि किशन पाल मुराई बाग कस्बा स्थित आदर्श शिक्षा निकेतन मैं पढ़ती है स्कूल में छुट्टी होने के बाद वह साइकिल से अपने घर जा रही थी।

जैसे ही वह कंधरपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंची तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार संदीप कुमार 40 वर्ष पुत्र कृष्ण कुमार निवासी कुरौली दमा ने छात्र की साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी जिससे छात्र गंभीर रूप से घायल हो गई वहीं पीछे से आ रही अज्ञात चार पहिया वाहन मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे मोटरसाइकिल सवार भी गंभीर रूप से घायल हो गया घायल की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को डलमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां पर मोटरसाइकिल सवार संदीप कुमार की हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सको ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# आखिर कब रुकेगा घरेलू रसोई गैस का कामर्शियल उपयोग

- कहीं धमाके का कारण ना बने रेहड़ी पर उपयोग होने वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर

**महराजगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

एक तरफ गर्मी का पारा लगातार चढ़ रहा है वहीं शासन की नाक के नीचे स्थानीय तहसील गेट सामने लगने वाले ठेलों पर घरेलू रसोई गैस का उपयोग धड़ल्ले से हो रहा है जिसमें प्रथम द्रष्टया प्रमोद पूड़ी सब्जी और भटूरे बना कर घरेलू रसोई गैस सिलेंडर का उपयोग करता पाया गया इस बाबत संचालक ने बात बात में



बताया कि यहाँ लगभग सभी लोग जो भट्ठी का उपयोग करते हैं वे घरेलू रसोई गैस सिलेंडर का ही उपयोग करते हैं कारण कि यह आसानी से उपलब्ध है और सस्ती भी पड़ती है अब देखना यह है कि इस भृष्टाचार को शासन कब रोक पाता है या कालाबाजारी करने वाले यूँ ही मलाई काटते रहेंगे।

## आग लगने से गेहूं व भूसा जलकर हुआ राख

**रायबरेली।** मिल एरिया थाने के अंतर्गत घूराड़ीह से सटी सीमा के पास ग्राम पंचायत समरहदा के मजरे पूरे नंदा सिंह में लगी भीषण आग मौके पर दमकल की टीम व पुलिस डायल 112 पहुंच कर आग पर काबू पाया जिसमें खेतों में जानवरों के खिलाने के लिए परली वा भूसा डंप थे वह जलकर हुए रखा भूसा की मात्रा 25 से 30कुंतल बताई जा रही है और2 विश्वा गेहूं वा भूसा में 5बोरी गेहूं किसान शिवबकश सिंह परिहार वृद्ध होने के कारण रात में घर नहीं ले गया उसी भूसा में छुपा दिया थाऔर खेत में गिरी बालियो का नुकसान बताया जा रहा है।

# छात्र-छात्राओं के सांस्कृतिक गीतों पर नृत्य देख मुग्ध हुए दर्शक




**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

छोटी काशी ऐतिहासिक मेला चैती के कार्यक्रम शुभारंभ मुख्य अतिथि राजकुमारी पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि रजनीश गुप्ता ,कार्यक्रम अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल रिंकू ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

कार्यक्रम की शुरूआत लिटल होपर्स एकेडमी के किंजल यादव, सिदरा बानो, मिस्ठी वर्मा, आद्यश्री अवस्थी, काव्या वर्मा, अनमिता भारती, सगुन पटेल, आख्या वर्मा, आद्या जायसवाल, अनाविया, अमोलिका राजपूत, उन्नति वर्मा, अदिति पटेल ने रंगीलो मारो ढ़ोलना-ढ़ोलना पर अपनी शानदार प्रस्तुति देकर किया। इंडियन हेरिटेज एकेडमी की रितिका श्रीवास्तव, मन्नत शर्मा, रिया पाडे, सायफा बानो, अवनि गुप्ता, निधि सिंह, आरोही गुप्ता, राखी शंखवार, कीर्ति, अचिर्तत मिश्रा, शशांक शुक्ला, आदर्श शर्मा, सौरभ दिवाकर, नितिन कुमार ने रक्तबीज संहार पर दृष्य प्रस्तुत किया। मां सरस्वती शिक्षा मंदिर की आराध्या वर्मा, कोमल, सुरभि, नित्या, श्रुति, साक्षी ने बड़ा नीक लागे सांग पर और धानी आशी आद्या, मानवी, समद्धि,लक्ष्मी, आरजा, अंशू ने आना होगा कान्हा जब जब राधा तुम्हे बुलाएगी पर प्रस्तुति दी। सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्वी पटेल, कुशाग्र मिश्र, अथर्व गिरि, दर्श, शीतल बाजपेई, दिव्या वर्मा, नीतिका प्रजापपति, प्रिंसी शर्मा, रूपाली कनौजिया, आरोही बाजपेयी, हिमाली वर्मा, अनमोल वर्मा, अवनी गुप्ता ने बजाओ ढोल स्वागत में मेरे घर राम आए हैं पर तथा लक्ष्मी जोशी, किंजल पटेल, सृष्टि वर्मा, श्रेयांशी वर्मा, अनुश्का वर्मा, काव्या श्रीवास्तव, प्रिया प्रजापति, आराधना जायसवाल, अनन्या श्रीवास्तव ने रितु आ गई रितु छा गई। शारदे ज्ञान मंदिर पब्लिक स्कूल की जानवी राज, पंखुड़ी तिवारी, आराध्या मिश्रा, माही अवस्थी, ज्योति गौतम, समर श्रीवासतव, मयंक शर्मा, बैभव सिंह कश्यप ने दही का दान दे दे पर प्रस्तुतीकरण दिया। आदर्श दुर्गा बाल विद्या मंदिर के सबनम गौतम,रूपा देवी, नैसी चौहान, पूजा देवी, अंकित ने जलबा जलबा, और सबनम गौतम,रूपा देवी, नैसी चौहान, पूजा देवी ने *पानी छलके पर। इस अवसर पर सभासद शोभित सिंह, इजरान अहमद अंसारी, धर्मेंद्र जायसवाल, धर्मेंद्र कुमार बाल्मीकि, हर्ष अवस्थी, धर्मेंद्र कुमार तिवारी, सौरभ तिवारी, शाहिद अंसारी, आनन्दकिशोर गिरि भोली, शब्बन खां, हरिओम वर्मा, अनिल कुमार गुप्ता, रियाजुद्दीन, सुशील कुमार कश्यप, नानकचंद्र वर्मा, रज्जन खान, राजेष कुमार वर्मा, राजेश अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## हजरत वली शहीद के कुल के मौके पर मांगी अमन चैन की दुआएं

**जैदपुर, बाराबंकी।** नगर पंचायत जैदपुर के हज़रत वली शहीद र.अ. के कुल के मौके पर लगे मेले में कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रो के लोगो की आमद से देर रात तक भारी भीड़ रही।कुल के दौरान भारी संख्या में मौजूद लोगों ने देश दुनियां में अमन चैन कायम रहने की दुआ मांगी। बताते चले कि कस्बे मोहल्ला छोटी बाजार स्थित हज़रत वली शहीद र.अ. के कुल शरीफ के मौके पर सुबह से देर रात तक लोगो की आमद रही।इस छोटी सी जगह पर लगे मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानें सजायी गयी। शीरीनी के साथ हल्वा पराठा, मैकअप सहित तमाम दुकानों पर भीड़ लगी रही। ज्ञात हो कि ये मेला कंडैल के मेले के नाम से क्षेत्र में जाना जाता है।

# नर तेंदुओं के शव मिलने से फैली सनसनी

**धौरहरा खीरी। समृद्धि न्यूज**

बुधवार को उत्तर खीरी वन रेंज धौरहरा क्षेत्र की गनापुर बीट में कैरातीपुरवा के पास खेतो में दो तेंदुओं के शव मिलने से सनसनी फैल गई।

जिसकी जानकारी पाकर मौके पर पहुचे वन क्षेत्रधिकारी समेत अन्य वन कर्मियों ने दोनों तेंदुओं के शवो को कब्जे में लेकर डाक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम करवाने की प्रक्रिया करवाकर जांच शुरू कर दी है। उत्तर खीरी वन रेंज धौरहरा के गनापुर बीट में बुधवार को गांव टांडा मजरा कैरातीपुरवा के पास खेतों में दो तेंदुओं के शव अलग अलग स्थानों पर पड़े मिले जिनको देख क्षेत्र में सनसनी फैल गई। तेंदुओं के शवों की सूचना पाकर तत्काल मौके पर पहुचे वन क्षेत्राधिकारी एनके चतुर्वेदी अपने दलबल के साथ पहुचकर दोनों तेंदुओं के शवों को कब्जे में लेकर रेंज लाकर एफडी दुधवा व विशेषज्ञ डाक्टरों की देखरेख में पोस्टमार्टम करवाने की प्रक्रिया शुरू करवाने के साथ साथ तेंदुओं की मौत को लेकर जॉच शुरू करवा दी है।

**तेंदुओं की मौत की जानकारी पर पहुंचे डीएफओ**

तेंदुओं की मौत की सूचना पाकर कुछ ही देर बाद डीएफओ शिवाय राय रेंज पहुचकर हालातों का जायजा लेकर उच्च स्तरीय जांच करने की बात कही। इसके अलावा इस बाबत धौरहरा वन क्षेत्राधिकारी नृपेन्द्र कुमार चुतुर्वेदी ने बताया कि दोनों तेंदुओं का पीएम होने के बाद ही बता पायेंगे कि कैसे इनकी मौत हुई है। इसके साथ ही फील्ड? डायरेक्टर दुधवा ललित वर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्या दोनों तेंदुओं की मौत आपसी संघर्ष से हुई प्रतीत हो रही है। साथ ही बताया कि एक तेंदुआ की मौत तुरंत हो गयी तथा दूसरा घायल होकर कुछ देर बात मरा है। फ़िलहाल कुछ भी हो अचानक क्षेत्र में हुई दो दो तेंदुओं की मौत के बाद से कैरातीपुरवा समेत आस पड़ोस के गांवों में सनसनी फैली हुई है।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ–साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएं भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी :–

**01085/01086 लोकमान्य तिलक (ट) – गोरखपुर – लोकमान्य तिलक (ट) विशेष रेलगाड़ी** — 03 फेरे

| गाड़ी सं. 01085 आगमन | गाड़ी सं. 01085 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 01086 आगमन | गाड़ी सं. 01086 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:50 | लोकमान्य तिलक (ट) | 00:25 | --- |
| 04:20 | 04:30 | लखनऊ | 19:45 | 19:55 |
| 09:30 | --- | गोरखपुर | --- | 15:30 |

चलने के दिन : 01085 लोकमान्य तिलक (ट) से दिनांक 21.04.2024 को तथा 01086 गोरखपुर से दिनांक 19.04.2024 एवं 23.04.2024 को
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : ठाणे, कल्याण जं., नाशिक रोड, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल, बीना जं., विरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।

**05558 नई दिल्ली – सहरसा जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी**

| स्टेशन | गाड़ी सं. 05558 प्रस्थान | गाड़ी सं. 05558 आगमन |
|---|---|---|
| नई दिल्ली | 10:00 | --- |
| सहरसा जं. | --- | 10:00 |

चलने के दिन : 05558 नई दिल्ली से दिनांक 19.04.2024 को
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : गाज़ियाबाद, अलीगढ़ जं., टुण्डला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाज़ीपुर जं., मुज़फ़्फ़रपुर जं., समस्तीपुर जं., दलसिंह सराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं. एवं सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन।

**05561/05562 समस्तीपुर जं. – आनंद विहार (ट) – समस्तीपुर जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 05561 आगमन | गाड़ी सं. 05561 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 05562 आगमन | गाड़ी सं. 05562 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 19:45 | समस्तीपुर जं. | 20:00 | --- |
| 13:45 | 13:55 | मुरादाबाद | 00:05 | 00:15 |
| 17:30 | --- | आनंद विहार (ट) | --- | 20:30 |

चलने के दिन : 05561 समस्तीपुर जं. से दिनांक 19.04.2024 को तथा 05562 आनंद विहार (ट) से दिनांक 20.04.2024 को
स्थान : शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : दरभंगा जं., सीतामढ़ी, बैरगनियां, रक्सौल जं., नरकटियागंज जं., गोरखपुर जं. बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर, मुरादाबाद एवं गाज़ियाबाद स्टेशन।

**09489/09490 साबरमती – गोरखपुर – साबरमती विशेष रेलगाड़ी विशेष किराये पर** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 09489 आगमन | गाड़ी सं. 09489 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 09490 आगमन | गाड़ी सं. 09490 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 18:10 | साबरमती | 06:30 | --- |
| 15:35 | 15:45 | लखनऊ | 09:05 | 09:15 |
| 23:00 | --- | गोरखपुर | --- | 02:00 |

चलने के दिन : 09489 साबरमती से दिनांक 19.04.2024 को तथा 09490 गोरखपुर से दिनांक 21.04.2024 को
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : महेसाणा जं., पालनपुर जं., आबूरोड, अजमेर जं., फुलेरा जं., जयपुर, बाँदीकुई जं., भरतपुर जं., अछनेरा जं., आगरा किला, टूण्डला जं., कानपुर सेंट्रल, लखनऊ एनआर, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं. एवं बस्ती स्टेशन।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय–सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे — आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1167/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सेहत और बाजार

यह विडंबना है कि देश में नियामक कानून न होने की वजह से अनेक राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय कंपनियां बच्चों की सेहत बनाने के दावे के साथ मुनाफे का कारोबार करती रही हैं। जिसमें बोर्नविटा और इसी तरह के बहुराष्ट्रीय कंपनियों के पेय पदार्थ भी शामिल रहे हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों को हाल ही में निर्देश दिया है कि बोर्नविटा और इसी तरह के पेय पदार्थों को स्वास्थ्य पेय श्रेणी से हटाया जाए। निश्चित रूप से इस कदम से ऐसे उत्पादों को लेकर पारदर्शिता सुनिश्चित करने और उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाने की दिशा में सार्थक पहल हुई है। दरअसल, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की जांच के बाद सामने आया था कि खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत स्वास्थ्य पेय की कोई आधिकारिक परिभाषा नहीं थी। जिसका फायदा कारोबारी कंपनियां अपने उत्पादों को स्वास्थ्यवर्धक बताकर उठाती रही हैं। कैसी विडंबना है कि जिस उत्पाद को कंपनियां स्वास्थ्यवर्धक बताकर वर्षों तक अभिभावकों से मुनाफा कमाती रही, वही उत्पाद बच्चों के लिये स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां भी पेश करता रहा है। वहीं दूसरी ओर इसी महीने की शुरुआत में, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने भी खुलासा किया था कि डेयरी, अनाज या माल्ट आधारित पेय पदार्थों को स्वास्थ्य या ऊर्जा बढ़ाने वाले पेय के रूप में लेबल नहीं किया जाना चाहिए। दरअसल, स्वास्थ्यवर्धक व ऊर्जा बढ़ाने वाले पेय के नाम पर बड़ा गोरखधंधा होता रहा है। साथ ही स्वास्थ्यवर्धक पेय के नाम पर अतिरिक्त कीमत वसूली जा रही है। विश्वास किया जाना चाहिए कि भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की सार्थक पहल के सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे तथा उपभोक्ताओं के दोहन की प्रवृत्ति पर अंकुश लगेगा। निश्चित रूप से तंत्र की काहिली और निगरानी करने वाले विभागों की मिलीभगत से यह खेल दशकों से बदस्तूर जारी था। देर से ही सही, तंत्र ने उपभोक्ता के हितों की रक्षा के लिये पहल की और विश्वास किया जाना चाहिए कि अन्य मामलों में भी उपभोक्ता हितों को बढ़ावा दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्यवर्धक बताकर बेचा जा रहा बोर्नविटा तब विवादों में घिर गया था जब इसके पोषण संबंधी दावों, खासकर इसमें मौजूद चीनी की मात्रा के बाबत सवाल पूछे गए थे। इस विवाद ने ही कालांतर ऐसे एनर्जी ड्रिंक्स की हकीकत का पुनर्मूल्यांकन करने की जरूरत बतायी। सवाल उठे कि कैसे ऐसे उत्पादों की बिक्री और लेबलिंग की जा रही है। हालांकि, बोर्नविटा ने इस प्रतिक्रिया और विवाद के बाद अपने उत्पाद में चीनी की मात्रा को घटाया था। लेकिन भ्रामक आधार पर स्वास्थ्यवर्धक की लेबलिंग के मुद्दे ने पूरे उद्योग जगत को अपने निशाने पर ले लिया। उल्लेखनीय है कि बाजार में 'एनर्जी ड्रिंक' शब्द विशेष रूप से कार्बोनेटेड और गैर-कार्बोनेटेड दोनों तरह के स्वाद वाले पानी आधारित पेय पदार्थों को संदर्भित करता है।

# कठिन परीक्षा को उत्तीर्ण करने वालों से कुछ उम्मीदें

**सर्वमित्रा सुरजन**

देश में सबसे कठिन माने जाने वाली परीक्षा यूपीएससी के नतीजे मंगलवार शाम को घोषित हुए। पिछले कुछ सालों से शीर्ष स्थान लड़कियों को मिल रहा था, इस बार लड़कों को प्रथम और द्वितीय आने का मौका मिला है। संघ लोक सेवा आयोग ने 28 सौ से अधिक उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए चयनित किया था, जिनमें से 1016 लोगों को सफलता मिली है। मतलब यह कि 50 प्रतिशत से अधिक लोगों को नाकामी हाथ लगी है। और अगर यूपीएससी की प्रिलिम्स और मेन्स परीक्षा के अभ्यर्थियों की बात करें तो करीब 13 लाख लोगों ने ये परीक्षाएं दी थीं। 13 लाख में केवल 28 सौ साक्षात्कार के स्तर तक पहुंचे और वहां से एक हजार 16 लोग सफल होकर निकले। हालांकि नतीजे आने के बाद से शीर्ष 50 स्थान पर आने वालों की ही ज्यादा चर्चा मीडिया में है। बाकी साढ़े नौ सौ लोगों की सफलता की कहानी या तो उनके परिजन सुनाएंगे या उन्हें कोचिंग देने वाले संस्थान। यूपीएससी में सफल होने वालों के संघर्ष की कहानियां भी अब बाहर आनी शुरु हो चुकी हैं। ऐसा होना भी चाहिए क्योंकि इनसे उस राह पर आगे बढ़ने वालों को प्रेरणा मिलती है कि जब वो ऐसा कर सकते हैं तो हम भी कर सकते हैं। हाल ही में एक फिल्म आई थी बारहवीं फेल, जो सच्ची घटना पर आधारित है। फिल्म में ऐसी ही सफलता की कहानी है, जिसमें गांव की स्कूल से पढ़ा एक लड़का, बार-बार की असफलता और आर्थिक परेशानियों के बावजूद अपनी मेहनत और लगन से आखिरकार यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर ही लेता है और साक्षात्कार में बैठे लोगों को यह बखूबी समझा देता है कि हिंदी या अंग्रेजी केवल माध्यम हैं, असल बात तो लोगों की समस्याओं और जज्बात को समझने की है। फिल्म में एक और किरदार है, जिसने साक्षात्कार पर पहुंचने के अपने सारे मौके ले लिए, लेकिन किसी तरह सफल नहीं हुआ, तो फिर अपने अनुभव से दूसरों को प्रशिक्षण देने लगा। यह किरदार रि स्टार्ट यानी फिर से शुरु करना चाहिए, जैसे गीत से प्रेरणा देता नजर आया है। फिल्म में यह सब देखने-सुनने में अच्छा ही लगता है, क्योंकि बात दो-ढाई घंटे की होती है, हम किरदारों से खुद को जोड़ लेते हैं और उनके साथ भावनाओं में डूबने-उतरने लगते हैं। मगर हकीकत कितनी अलग होती है, इसका एक उदाहरण ट्विटर पर देखने मिला, जिसमें एक असफल अभ्यर्थी ने आंकड़े दिए कि 12 प्रयास, 7 बार मेन्स और 5 बार साक्षात्कार, फिर भी असफलता हाथ लगी, शायद जिंदगी का दूसरा नाम ही संघर्ष है। यह केवल एक असफलता और निराशा का उदाहरण नहीं है, बल्कि यहां वो मलाल भी नजर आ रहा है जिसमें




**फिल्म में एक और किरदार है, जिसने साक्षात्कार पर पहुंचने के अपने सारे मौके ले लिए, लेकिन किसी तरह सफल नहीं हुआ, तो फिर अपने अनुभव से दूसरों को प्रशिक्षण देने लगा। यह किरदार रि स्टार्ट यानी फिर से शुरु करना चाहिए, जैसे गीत से प्रेरणा देता नजर आया है। फिल्म में यह सब देखने-सुनने में अच्छा ही लगता है, क्योंकि बात दो-ढाई घंटे की होती है, हम किरदारों से खुद को जोड़ लेते हैं और उनके साथ भावनाओं में डूबने-उतरने लगते हैं। मगर हकीकत कितनी अलग होती है, इसका एक उदाहरण ट्विटर पर देखने मिला, जिसमें एक असफल अभ्यर्थी ने आंकड़े दिए कि 12 प्रयास, 7 बार मेन्स और 5 बार साक्षात्कार, फिर भी असफलता हाथ लगी, शायद जिंदगी का दूसरा नाम ही संघर्ष है। यह केवल एक असफलता और निराशा का उदाहरण नहीं है, बल्कि यहां वो मलाल भी नजर आ रहा है जिसमें जीवन के सुनहरे बरस व्यर्थ हो गए।**

जीवन के सुनहरे बरस व्यर्थ हो गए। इस देश में लाखों लोग हर साल इसी तरह के मलाल से गुजरते हैं। उन्हें रि स्टार्ट जैसे गीतों से सांत्वना देने की जगह यह समझाने की जरूरत है कि अपनी बुद्धि और प्रतिभा का इस्तेमाल वो इससे बेहतर तरीके से कर सकते हैं। यूपीएससी की सफल लोगों की कहानियों को भुनाते हुए कुकुरमुत्तों की तरह कोचिंग संस्थान खुल चुके हैं, जहां दड़बों में ठुंसी हुई मुर्गियों की तरह छात्रों को भरा जाता है। लाखों की फीस उनके अभिभावक देते हैं, और बहुतों को ये उम्मीद रहती है कि बच्चा सफल हो जाए तो सरकारी रौब का स्वाद चखने मिले। हालांकि इस स्वाद की कल्पना और हकीकत में काफी फर्क है। कड़ी मेहनत और बुद्धिमत्ता से सरकार में बड़े अधिकारी बनने वालों को सत्ता के दबाव का सामना करना पड़ता है। बहुत कम अधिकारी ऐसे होते हैं जो सत्ता पर बैठे लोगों की जी हुजूरी करने से इंकार करने की हिम्मत दिखाते हैं और वही फैसले लेते हैं जो जनता या देश के हित में हों। और ऐसे अधिकारियों को अक्सर सत्ता का कोपभाजन बनना पड़ता है। कभी उन्हें तबादलों की मार झेलनी पड़ती है, कभी सरेआम अपमान सहन करना पड़ता है। अब तो सत्ता के साथ-साथ पूंजी का दबाव भी मिल गया है, जिसमें अधिकारियों के लिए रीढ़ को सीधा रखना कठिन हो चला है। सत्ता के अनुचित दबाव में आने से इंकार करने वाले लोग या तो प्रताड़नाओं को सहते हुए अपनी सेवानिवृत्ति का इंतजार करते हैं या फिर समय से पहले सेवानिवृत्ति ले कर निजी संस्थानों में अपनी सेवाओं का लाभ देने लगते हैं। आजकल सेवानिवृत्ति के फौरन बाद राजनीति में आने और फिर ऊंचे पदों या आयोगों की अध्यक्षता करने का मौका भी मिलने लगा है। इसके दोहरे लाभ मिलते हैं, एक तो अधिकारी वाला रौब-दाब बना रहता है और दूसरा अपने कार्यकाल के दौरान सत्ता के हित में लिए गए फैसलों की न समीक्षा होती है, न किसी कार्रवाई का डर रहता है। आम बोलचाल की भाषा में ऐसे लोगों को व्यावहारिक बुद्धि वाला कहा जाता है, जो लहर के विपरीत न जाकर धारा के साथ बहना मंजूर कर लेते हैं। लेकिन फिर यहां एक जरूरी सवाल उठता है कि क्या यूपीएससी की कठिन परीक्षा सत्ता की चाकरी करने के लिए उत्तीर्ण की गई या इसमें कहीं देश और जनसेवा का भाव भी था।

अब जो नए अधिकारी तैयार हो रहे हैं, उनकी सफलता की कहानियां आखिर कितने दिन तक सुनाई जाएंगी, क्या उसके बाद वो भी सत्ता की सुविधा वाले सांचे में ढाल दिए जाएंगे। ये सवाल हाल की एक घटना से और भी प्रासंगिक हो जाता है। आयरलैंड के एक अखबार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भारत के चुनावों के संदर्भ में आलोचनात्मक टिप्पणी की। जिस पर आयरलैंड में भारतीय राजदूत अखिलेश मिश्रा ने अखबार को अपनी प्रतिक्रिया भेजी और उसमें न केवल भारतीय प्रधानमंत्री का बचाव करते हुए उनकी सरकार के कामकाज की तारीफ की, बल्कि इसके साथ ही कांग्रेस या गांधी परिवार का नाम लिखे बिना उसकी आलोचना की। अखिलेश मिश्रा ने लिखा कि भारत में एक ही वंशवादी परिवार के 55 साल के शासन, जिनमें शुरुआती 30 वर्ष महत्वपूर्ण हैं, के दौरान भ्रष्टाचार की गहरी जड़ें जमा चुके पारिस्थितिकी तंत्र के खिलाफ लड़ाई श्री मोदी की लगातार बढ़ती लोकप्रियता के पीछे एक प्रमुख वजह है। इस जवाब में अखिलेश मिश्रा ने अपनी पक्षधरता साफ जाहिर कर दी है कि वे केवल भारत सरकार का बचाव नहीं कर रहे, बल्कि भाजपा का बचाव कर रहे हैं, क्योंकि आयरिश अखबार में भाजपा के शासनकाल में लिए जा रहे फैसलों और हालिया घटनाओं पर टिप्पणी की गई थी। 1989 बैच के आईएफएस अधिकारी अखिलेश मिश्रा के इस रवैये को कांग्रेस ने अपमानजनक और गैरपेशेवराना करार दिया है।

**विचार**

# कर्नाटक में कांग्रेस दे रही भाजपा-जद (एस) को कड़ी टक्कर

**कल्याणी शंकर**

कर्नाटक में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं जिसके लिए 26 अप्रैल और 7 मई को सभी 28 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होंगे। कांग्रेस पार्टी और भाजपा-जद(एस) गठबंधन मतदाताओं का समर्थन हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा उम्मीदवारों के प्रचार के लिए कई बार राज्य का दौरा कर चुके हैं। भाजपा को पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा का समर्थन प्राप्त है, जो लिंगायत समुदाय के बीच प्रभावशाली हैं जो राज्य में एक महत्वपूर्ण वोट बैंक हैं। यह चुनाव कर्नाटक के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं और इसके इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण हैं। कर्नाटक अतीत में कांग्रेस का गढ़ रहा है। इसने आपातकाल के बाद भी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का समर्थन किया, जो इसके राजनीतिक महत्व का एक प्रमाण है। यह ऐतिहासिक महत्व इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी की जीत से स्पष्ट है, दोनों ने कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी के लिए सीटें जीतीं। ये चुनाव सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं है बल्कि कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी-जनता दल (सेक्युलर) गठबंधन के बीच एक बड़ी लड़ाई है। वे कर्नाटक के राजनीतिक परिदृश्य में भाजपा के दोबारा प्रवेश का प्रतीक हैं। चुनाव नीतिगत प्राथमिकताओं और शासन शैली को बदल सकता है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था और समाज के विभिन्न क्षेत्रों पर संभावित प्रभाव पड़ सकता है। परिणामों का लोगों के जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा, जिससे शासन प्रक्रिया में उनकी भागीदारी और समझ महत्वपूर्ण हो जायेगी। भाजपा दक्षिण में अपने क्षेत्रीय प्रभुत्व को मजबूत करने, राष्ट्रीय राजनीति में अपनी स्थिति बढ़ाने और दक्षिण भारत में अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार करने के लिए आगामी कर्नाटक चुनावों में विजयी होना चाहती है। इसके विपरीत, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस राज्य में अपनी सरकार की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही, जद(एस) अत्यधिक प्रतिस्पर्धी राजनीतिक माहौल में जीवित रहने का प्रयास कर रहा है। संक्षेप में, जद (एस) राज्य में एक राजनीतिक दल के रूप में अपनी प्रासंगिकता बनाये रखने का प्रयास कर रहा है। कर्नाटक में भाजपा का प्रचार अभियान पीएम मोदी की उपलब्धियों और कांग्रेस की विफलताओं पर केंद्रित है। यह दो प्रभावशाली समुदायों, लिंगायत और वोक्कालिगा को लक्षित करता है, जो इसकी चुनावी रणनीति के लिए महत्वपूर्ण हैं। राज्य में एक प्रमुख

**कर्नाटक अतीत में कांग्रेस का गढ़ रहा है। इसने आपातकाल के बाद भी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का समर्थन किया, जो इसके राजनीतिक महत्व का एक प्रमाण है। यह ऐतिहासिक महत्व इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी की जीत से स्पष्ट है, दोनों ने कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी के लिए सीटें जीतीं। ये चुनाव सिर्फएक प्रतियोगिता नहीं है बल्कि कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी-जनता दल (सेक्युलर) गठबंधन के बीच एक बड़ी लड़ाई है।**

समुदाय होने के नाते लिंगायत पारंपरिक रूप से भाजपा का समर्थन करते रहे हैं। इसके विपरीत, एक अन्य प्रभावशाली समुदाय वोक्कालिगा, जद (एस) का मजबूत जनाधाररहा है। भाजपा की चुनावी सफलता के लिए इन समुदायों पर जीत हासिल करना महत्वपूर्ण है। भाजपा को कुछ स्थानीय संघर्षों का सामना करना पड़ रहा है। 2014 के बाद पहली बार पार्टी में खुली बगावत हुई है। इसकी वजह भाजपा-जेडी(एस) गठबंधन है, जिसे अभी तक अच्छा समर्थन नहीं मिला है। कांग्रेस के भी अपने बागी उम्मीदवार हैं। कांग्रेस कर्नाटक में एससी, एसटी और मुसलमानों पर भरोसा रख रही है। कांग्रेस सरकार ने पिछले साल किये गये पांच आवश्यक चुनावी गारंटियों को लागू कर दिया है, जिसमें महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, शिक्षा के लिए धन में वृद्धि और रोजगार सृजन शामिल था। ये वायदे क्षेत्र के मतदाताओं की विशिष्ट चिंताओं को दूर करने और सामाजिक कल्याण और आर्थिक विकास के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करने के लिए तैयार किये गये थे। एडिना, न्यूज 18 और इंडिया टुडे ग्रुप के तीन चुनाव पूर्व सर्वेक्षण कर्नाटक के आगामी चुनावों के लिए परस्पर विरोधी परिणामों की भविष्यवाणी करते हैं। एडिना का अनुमान है कि कांग्रेस 17 सीटें जीतेगी, और भाजपा-जेडी(एस) गठबंधन को 11 सीटें मिलेंगी। न्यूज 18 का अनुमान है कि एनडीए 25 सीटें जीतेगी, कांग्रेस केवल 3।इंडिया टुडे ग्रुप का अनुमान है कि एनडीए 53फीसदी वोट शेयर के साथ 24 सीटें जीतेगी। इंडिया गठबंधन को 42फीसदी वोट शेयर के साथ केवल चार सीटें मिलने की उम्मीद है। ये सर्वेक्षण वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य का एक स्नैपशॉट प्रदान करते हैं। वे पाठकों को चुनाव के संभावित परिणामों का अनुमान लगाने में मदद कर सकते हैं। 2019 के चुनावों से एक महत्वपूर्ण बदलाव आया है जब कांग्रेस और जद (एस) सहयोगी थे। भाजपा का लक्ष्य पुराने मैसूर में वोक्कालिगा वोटों को सुरक्षित करना और चुनाव को अपने पक्ष में झुकाना है। पुराने मैसूर क्षेत्र का एक प्रमुख समुदाय वोक्कालिगा पारंपरिक रूप से जद (एस) का समर्थन करता रहा है। इस समुदाय पर जीत हासिल करने की भाजपा की रणनीति में जाति-आधारित पहुंच, विकास के वायदे और जद (एस) सरकार की विफलताओं को उजागर करना शामिल है। सफल होने पर, यह रणनीति चुनाव परिणाम और राज्य के राजनीतिक परिदृश्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती है। भाजपा ने अपने उम्मीदवारों में एक शीर्ष हृदय रोग विशेषज्ञ, मैसूरु शाही परिवार के सदस्य और एक पूर्व मुख्यमंत्री को मैदान में उतारा है। इसने कुछ नये चेहरों को भी मैदान में उतारा है। कांग्रेस में कई मंत्रियों के रिश्तेदार हैं और ये उम्मीदवार नतीजों पर असर डाल सकते हैं। इसने ताकतवर राजनेताओं के परिवार के सदस्यों को मैदान में उतारकर जोखिम उठाया है। 2008 में जब से भाजपा ने अपनी पहली सरकार बनायी, तब से गिराने का खेल जारी है।

## मौन एकाग्रता सफ़लता का सच्चा सूत्र

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**

वैश्विक स्तरपर दुनियां में हर देश ने तेजी से बढ़ती प्रौद्योगिकी, विकास से बढ़ते डिजिटाइजेशन ने शारीरिक श्रम को विशाल स्तरपर कम कर मानसिक श्रम को बढ़ा दिया है जिसमें अनेक प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक एप्स और वेबों ईद का जवाब पत्थर से देने का काम कर दिया है जिसमें माननीय जीव का ध्यान भटक सा गया है और अपने ही उलझन में उलझते हुए गुम सा हो गया है। दूसरी ओर बढ़ते मानवीय विवादों वह बढ़ाती अपनीं ख्वाहिशें,लग्जरी जिंदगी झूठी शान को दिखाने के चक्कर में बड़बोलापन शब्दों बयानों वाक्यों के गिरते स्तर तथा परिवार में बढ़ते विवादों की खाई को और चौड़ा करते जा रहे हैं, जहां अब समय आ गया है कि अब आदि-अनादि काल से हमारे बड़े बुजुर्गों के उपरोक्त हानियों में गुणकारी टॉनिक मौन एकाग्रता को अपनाएं जो हमारे जीवन की सफलता का सच्चा सूत्र है। चूंकि मन एकाग्रता से विवेक जागृत होता है,जिसमें निर्णायक क्षमता सर्वोत्तम होती है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, मन एकाग्रता से क्रोध का दामन, आत्मिक बल, निर्मल बुद्धि, समस्याओं का समाधान व मस्तिष्क में एकाग्रता होने को रेखांकित करना जरूरी है। साथियों बात अगर हम मौन व एकाग्रता के लाभों की करें तो, मौन रहने में बड़ी ताकत है, रह कर देखें तब हमको इसके फायदों के बारे में ज्ञान होगा। मौन रहने के फायदे इस प्रकार है (1)सकारात्मक सोच के लिए जीवन में मौन रहने की सलाह दी जाती है।(2)मन को शांति मिलती है और शक्ति बढ़ती है।(3)मौन से आंतरिक और मानसिक शक्ति मिलती है।(4)इससे व्यक्ति लंबे समय तक तनाव रहित बना रहता है।(5)मौन रहने से क्रोध मिटता है।(6)मौन की शक्ति बड़े से बड़े अहंकार को धूल में मिला देती है (7) स्मरण शक्ति और सोचने की शक्ति बढ़ती है।(8)नई मानसिक ऊर्जा प्राप्त होती है और बड़े संघर्ष शुन्य हो जाते हैं।(9)इस उपाय से मन की चंचलता को नष्ट किया जा सकता है।(10)घरेलू लड़ाई-झगड़े बिल्कुल खत्म हो जाते हैं और अपने आप पर काबू पाने की शक्ति बढ़ती है।मौन रहने के क्या लाभ होते हैं ?कहते हैं कि जो समझदार होता है, वह कम बोलता है और कई बार मौन रहकर भी वह संवाद साध लेता है। अनुभव बताता है कि मौन कई बार बहुत बड़ी परेशानियों से बचा सकता है। इसके विपरीत अगर कोई आदत से मजबूर होकर एक के बदले दस जवाब देता है और कहता है कि मैं चुप क्यों रहूं, किसी से दबकर क्यों रहूं? तो वह बहुत बड़ी मुसीबत में फंस सकता है।मौन की अपनी, अनुपम अभिव्यक्ति होती है, जो किसी भाषा की मोहताज नहीं होती।अक्सर लोग वाणी के विराम को ही मौन समझते हैं। लेकिन किसी व्यक्ति के मन में संकल्पों की उथल-पुथल हो रही हो, किसी अन्य व्यक्ति के प्रति उसके मन में द्वेष भावना का ज्वार-भाटा उठ रहा हो, या उसके भीतर कोई और वासना धधक रही हो, तो क्या यह मौन कहा जाएगा? कहते हैं कि पानी-सा रंगहीन नहीं होता मौन, आवाज की तरह इसके भी हजार रंग होते हैं। मन और वाणी, दोनों का शांत होना ही पूर्ण मौन कहा जाता है। मुख के मौन को बाह्य मौन कहा जाता है तथा मन का मौन अंतः मौन। एक कहावत है कि मीठा बोलना जितना सुखकारी है, उतना ही कम बोलना भी लाभकारी है। पर हमें यह समझ भी होनी चाहिए की जहां मौन रहना चाहिए, वहां बोलकर अपने लिए झमेला कभी खड़ा नहीं करना है।मौन हमारे मस्तिष्क के सभी स्नायुओं और इंद्रियों को संयमित रखता है। चुप रहने से वाणी और वाणी के साथ खर्च होने वाली मस्तिष्क की शक्ति संचित होती है। तभी तो कहा गया है कि जो व्यक्ति अपने मुख और जबान पर संयम रखता है, वह अपनी आत्मा को कई संतापों से बचाता है। मौन में रहकर ही हम जीवन जगत के गूढ़ और सत्य पहलुओं का साक्षात्कार कर सकते हैं। जिस उत्तम धारणा से इतने लाभ प्राप्त होते हों, तो क्यों न हम उसको अपने जीवन का अंग बना लें?



## राशिफल

**मेष:-** कोई छोटी बात भी परिवार कें तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगी। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**बृषभ:-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व बुद्धिजीवियो से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुन:-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छबि बनावें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओ की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्क:-** भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक डंग से निर्वहन् करें। वर्तमान कार्य से मन में असन्तुष्टि उत्पन्न होगी।

**सिंह:-** पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति ध्यान देवें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन सगे-संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**तुला:-** वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्ठा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें। रोजगार में अपनी क्षमता का पूर्ण लाभ उठाएंगे।

**वृश्चिक:-** जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंधी से बिशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनु:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकर:-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

**कुंभ:-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीन:-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में ब्यय अपेक्षित है।

# इलेक्टोरल बॉन्ड्स बना मुख्य चुनावी मुद्दा

केन्द्र को अब पारदर्शी चुनावी फंडिंग प्रणाली पर काम करना चाहिएसर्वोच्च न्यायालय को बधाई चुनावी बांड रद्द करने के आदेश से लोकतंत्र मजबूत हुआ ऐसे वक्त में जब लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिये मतदान प्रारम्भ होने में कुछ ही घंटे रह गये हैं और इस चरण के अंतर्गत जिन सीटों पर चुनाव होने जा रहे हैं, वहां प्रचार भी थम गया है, इलेक्टोरल बॉन्ड्स प्रमुख चुनावी मुद्दा बनकर उभरता नजर आ रहा है। यह भारतीय जनता पार्टी के लिये निश्चित ही चिंता की बात होगी क्योंकि इस पर विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस द्वारा जैसा हमला उस पर हो रहा है वह इसलिये अधिक चिंतनीय है क्योंकि ये आक्रमण सीधे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हो रहे हैं। उन्हें इस भ्रष्टाचार का सूत्रधार बतलाया जा रहा है। चूंकि भाजपा का सारा प्रचार नरेंद्र मोदी पर ही टिका है, अगर यह मुद्दा मतदाताओं के जेहन में बैठ गया तो भाजपा का अपने दम पर 370 तथा सहयोगी दलों के साथ मिलकर बने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबन्धन के 400 पार के नारे की धज्जियां उड़ जायेंगी। शायद यही कारण है कि मोदी बार-बार इस योजना (इलेक्टोरल बॉन्ड्स) को सही साबित करने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं विपक्ष जान गया है कि उसके हाथ एक ऐसा अस्त्र लग गया है जिसके बल पर भाजपा




को इस चुनाव में धूल चटाई जा सकती है। उल्लेखनीय है कि इस साल फरवरी महीने में सुप्रीम कोर्ट द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड्स योजना को असंवैधानिक घोषित करने के साथ ही भाजपा भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बैकफुट पर आती दिख रही है। पिछले 10 वर्षों से कांग्रेस को परिवारवाद के अलावा मोदी व भाजपा जिस मामले को लेकर सर्वाधिक कोसती थी, वह गांधी कुटुम्ब तथा उसका कथित भ्रष्टाचार ही रहा है। बाजी उस वक्त पलट गई जब देश के सर्वोच्च न्यायालय ने केन्द्र की भाजपा सरकार की इस योजना को ही भ्रष्टाचार का तरीका ठहरा कर उसे बेनकाब कर दिया। यही कारण है कि देश के कई अखबारों व चौनलों को नरेंद्र मोदी इन दिनों साक्षात्कार दे रहे हैं जिसका प्रमुख मुद्दा इलेक्टोरल बॉन्ड्स ही है। ऐसा नहीं कि वे केवल इसी पर बात कर रहे हों पर उनके हाल के दिये ज्यादातर इंटरव्यू में जिस प्रमुखता से वे इस पर बातें कर रहे हैं उससे साफ है कि उन्हें इस मामले को

**शायद यही कारण है कि मोदी बार-बार इस योजना (इलेक्टोरल बॉन्ड्स) को सही साबित करने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं विपक्ष जान गया है कि उसके हाथ एक ऐसा अस्त्र लग गया है जिसके बल पर भाजपा को इस चुनाव में धूल चटाई जा सकती है। उल्लेखनीय है कि इस साल फरवरी महीने में सुप्रीम कोर्ट द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड्स योजना को असंवैधानिक घोषित करने के साथ ही भाजपा भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बैकफुट पर आती दिख रही है। पिछले 10 वर्षों से कांग्रेस को परिवारवाद के अलावा मोदी व भाजपा जिस मामले को लेकर सर्वाधिक कोसती थी, वह गांधी कुटुम्ब तथा उसका कथित भ्रष्टाचार ही रहा है। बाजी उस वक्त पलट गई जब देश के सर्वोच्च न्यायालय ने केन्द्र की भाजपा सरकार की इस योजना को ही भ्रष्टाचार का तरीका ठहरा कर उसे बेनकाब कर दिया।**

लेकर कुछ ज्यादा ही सफाई देनी पड़ रही है। जैसा कि कहा जाता है कि उनके ज्यादातर साक्षात्कार उन्हीं की प्रचार टीम द्वारा तैयार होते हैं, स्वाभाविकतरू उनमें यह मुद्दा बहुत ही खास स्थान पा रहा है। ज्यादातर लोग यह मानते हैं कि साक्षात्कारों की प्रश्नावली मोदी के कार्यालय या उनकी नजरों से गुजरती ही है। जिनमें उनकी सहमति हो वे ही सवाल इसमें रखे जाते हैं। अब तमाम साक्षात्कारों में इलेक्टोरल बॉन्ड्स के बारे में श्री मोदी जो कह रहे हैं उनमें यह बात जरूर होती है कि श्जो लोग आज इसे लेकर उत्साहित हैं वे आगे जकर पछताएंगे।श् वे यह भी कह रहे हैं कि श्पहली बार चुनावी चंदे का ट्रेल पता चल रहा है वरना पूर्ववर्ती सरकारों के समय तो पता भी नहीं चलता था कि किसी भी पार्टी को कहां से चंदा मिल रहा है।श् हालांकि वे यह नहीं बता रहे हैंय और कोई पूरक प्रश्न पूछ भी नहीं रहाहै कि अगर वे पारदर्शिता के इतने ही हिमायती हैं तो स्टेट बैंक ऑफइंडिया सुप्रीम कोर्ट को इस योजना के बाबत सारी जानकारी देने से क्यों आनाकानी कर रहा था।खासकर, सरकार के इशारे पर किसलिये कारोबारियों के संगठन अदालत के सामने इस गुहार के साथ पहुंचे थे कि चंदा देने वालों के नाम उजागर न किये जायें। प्रधानमंत्री मोदी तो चुनावी बॉन्ड्स के बारे में जो कह रहे हैं, वह अपनी जगह पर है परन्तु खबरों के मुताबिक वित्त मंत्रालय अब इस योजना को संशोधित स्वरूप में लाने की योजना बना रहा है- बावजूद इसके कि देश आम चुनाव की दहलीज पर खड़ा है और मोदी सरकार केवल कार्यवाहक है। जिस सरकार व प्रधानमंत्री को शीर्ष कोर्ट द्वारा असंवैधानिक घोषित कर दी गई योजना पर शर्मिंदा होना चाहिये था, वे न केवल इसका शिद्दत से बचाव कर रहे हैं बल्कि इसका दूसरा संस्करण लाने की भी तैयारी कर रहे हैं, वह भी चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद। इलेक्टोरल बॉन्ड्स को लेकर मोदी की हठधर्मिता इस कदर है कि वे कोर्ट की अवमानना की परवाह किये बिना ही इसके पक्ष में बोल रहे हैं, मीडिया में अपना पक्ष रख रहे हैं और उसे फिर से पेश करने की तैयारी भी कर रहे हैं। दूसरी तरफ विपक्ष ने भी जान लिया है कि यह मोदी की कमजोर नब्ज है जो उसके हाथ लग गई है। सो वह पूरी ताकत से उसे दबा रही है। दरअसल इसके कई आयाम एक साथ उजागर हो गये। इसमें बताया गया कि भाजपा के लिये चंदा बटोरने के लिये केन्द्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग केंद्र सरकार द्वारा किया गया। जैसे-जैसे इस घोटाले की परतें खुलती गयीं यह साफ होता चला गया कि देश के समक्ष आज जो महंगाई, बेरोजगारी आदि की समस्याएं हैं उन सभी की जड़ें भी इस घोटाले से जुड़ी हुई हैं। इसी प्रकार कोरोना काल में लोगों को लगाये गये टीके का सम्बन्ध भी इसके साथ जोड़ा जा रहा है। इसके अलावा भी दर्जनों ऐसे मामले सामने आये हैं जो बतलाते हैं कि इसके बल पर भाजपा सरकार ने ठेके बांटे हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# मतदाता जागरूकता गोष्ठी आयोजित

मौदहा, हमीरपुर। समृद्धि न्यूज


मतदाताओं को जागरूक करते अधिकारी

भारत का निर्वाचन आयोग पिछले चुनावों में मतदाताओं की कम भागीदारी वाले संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता संख्या बढ़ाने के मद्देनजर लगातार प्रयास कर रहा है। इसी क्र म में नगर के रहमानिया इंटर कालेज के मदरसे में मतदाता जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में अल्पसंख्यक अधिकारी की मौजूदगी में कस्बे के धर्म गुरु समाजसेवी सहित रहमानिया इंटर कालेज की प्रधानाचार्य रजिया सुल्तान व विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। अल्पसंख्यक अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने कहा कि वोट की ताकत दुनिया में सबसे बड़ी शक्ति है जिन मतदान केंद्रों पर 50 प्रतिशत से कम मतदान होता है वहां और अधिक मेहनत की आवश्यकता है। उन्होंने गोष्ठी में मौजूद धर्म गुरुओं से आग्रह करते हुए कहा की आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में आप सभी लोग मतदाताओं से अधिकतम मतदान करने को जागरूक करें ताकि जिले का मतदान 75 प्रतिशत हो सके। कार्यक्रम में देर से पहुंचे जिला विद्यालय निरीक्षक कमलेश कुमार ओझा ने भी लोगों को संबोधित कर ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए जागरूक किया।

इस गोष्ठी के बाद सभी को गोपनीयता की शपथ दिलाई गई इस दौरान अता उर रहमान, नसीम आलम, महबूब, रफीक, रमा शंकर गुप्ता, प्रशांत तिवारी, सना उल्ला, नुजहत हुसैन, कुतबुद्दीन सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## ट्रेन से महिला यात्री का सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

**महोबा।** महिला रेल यात्रा का किसी ने सामान चोरी कर लिया। उसकी सूचना पर जीआरपी थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 380 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। जनपद बांदा के मुहल्ला इंद्रनगर निवासी सरिता साहू ने बताया कि 8 अप्रैल को वह बच्चों के साथ झांसी-मानिकपुर मेमो ट्रेन से झांसी जा रही थी।

महोबा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पहुंची तो उसने अपना मोबाइल देखा तो वह गायब था। बाकी सारा सामान सुरक्षित था।

काफी खोजबीन के बाद भी उसका मोबाइल कहीं नहीं मिला। महिला की सूचना पर थाना जीआरपी में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इस घटना को लेकर अन्य यात्रियों में हड़कंप मचा रहा।

# 20 फीट नीचे गिरी मर्सिडीज़ कार, चार घायल, एक रेफर

राठ,हमीरपुर। समृद्धि न्यूज


दुर्घटना स्थल पर क्षतिग्रस्त पड़ी कार

गुरुवार की सुबह नदना गांव के पास एक तेज रफ्तार मर्सिडीज कार बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से 20 फीट नीचे गिर गई। इस दौरान मर्सिडीज़ कार में सवार चार लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची यूपीडा व 108 एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार दिल्ली निवासी मंजीत पुत्र ओमप्रकाश सिंह, चौधरी अब्दुल मुनाफ पुत्र फारुख, सुमित पुत्र अशोक और गुड़गांव निवासी, नरेश पुत्र जिले सिंह जबलपुर से बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से होते हुए मर्सिडीज कार से दिल्ली जा रहे थे। तभी राठ कोतवाली के नदना गांव के पास स्थित बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे चालक को नींद आ जाने से कार डिवाइडर से उछल कर नीचे खाई में गिर गई। कार की स्पीड करीब डेढ़ सौ से ऊपर होने से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर पहुंचे 108 एंबुलेंस कर्मियों ने कार में सवार लोगों को खिड़कियों के कांच तोड़ कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। उन्होंने सीएचसी ले गए। डॉ अखिलेश सिंह ने बताया कि सुमित व नरेश को मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। मर्सिडीज कार के एयर बैग खुल जाने से कार में सवार सभी लोग बच गए। जिनको मामूली चोटें आईं हैं। बताया कि कार में सवार सुमित को सीने में दर्द होने पर उसे मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है।

## नशे में धुत युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**राठ,हमीरपुर।** जरिया थाने के जिटकरी गांव में शराब के नशे में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत पर स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है। गांव निवासी कैलाश अहिरवार ने बताया कि उसके दो माह के नाती कार्तिक का बुधवार की रात कुआं पूजन था। रात में कार्यक्रम चल रहा था। तभी उसका पुत्र बृजेन्द्र अहिरवार(24) शराब के नशे में रिश्तेदारों से झगड़ा करता रहा। बहू शकुंतला के साथ मारपीट करता रहा। गुरुवार की तड़के करीब चार बजे आंगन में लगे लोहे के जाल से रस्सी का फंदा डाल फांसी पर झूल गया। जब तक स्वजनों ने फंदे नीचे उतारा तब तक उसकी मौत हो गई थी। मृतक के पिता ने बताया कि वह मजदूरी करता था। पुत्र की मौत पर मां बूंदा रानी का रो रोकर बुरा हाल है।

# जिले में निकाली गई जवारा विसर्जन यात्रा


जवारा विसर्जन यात्रा निकालते भक्त।

- पूरे जिले में भक्तों ने आस्था के साथ मातारानी के जयकारे लगाए

महोबा। समृद्धि न्यूज

रामनवमी पर जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले में जवारा विसर्जन यात्रा निकाली गई। महोबा सहित चरखारी, पनवाड़ी, श्रीनगर, कुलपहाड़ सहित पूरे जिले में भक्तों ने आस्था के साथ मातारानी के जयकारे लगाए। ग्रामीण अंचलों में स्थापित किए गए जवारा कलश, पूजा उपरांत विसर्जन हेतु परंपरानुसार निकाले गए। मंदिरों व घरों में बोये गए जवारे को विधि पूर्वक पूजा-अर्चना कर शाम को तालाब में विसर्जित किया गया। पनवाड़ी विकासखंड के भरवारा गांव में मडियन बड़ी माता मंदिर तक पहुंचने वाले जुलूसों में जहां महिलाएं सिर पर जवारे लेकर देवी गीत गाते हुए चल रही थीं, वहीं युवक चेहरे व गले पर लोहे की सांग लगाए थे गांव के मोहल्लों से दिन भर जवारे जुलूस निकलते रहे। इस मौके पर समाज सेवी जयचंद्र राजपूत, कमलेश, योगेंद्र, अवधेश सक्सेना, देवेन्द्र कुमार, दीपेश कुमार, महेंद्र, नंदराम, मानसिंह सहित बड़ी संख्या में पुरुष व महिलाएं जवारा जुलूस में शामिल रहे। इसके साथ ही महोबा मुख्यालय सहित पूरे जिले में जवारा विसर्जन यात्रा निकाली गई जिसमें आस्था के साथ मां भक्तों ने जय माता दी के जयकारे लगाए।



## खेत में लगी आग ने घर को लिया चपेट में

**चरखारी, महोबा।** चरखारी ब्लाक के ग्राम बमरारा में घर के समीप खेत में लगी आग ने देखते ही देखते राजकुमार पुत्र उदयराज के मकान को अपनी चपेट में ले लिया आग का विकराल रूप देखकर हड़कंप मच गया, मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड एवं ग्राम वासियों ने आग पर बड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया लेकिन तब तक आग के विकराल स्वरूप ने घर गृहस्थी का सामान जलाकर खाक कर दिया आग लगने से हुए नुकशान को देखकर उदय राज व उनके परिवार जनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# उड़नदस्ता ने चेकिंग के दौरान बरामद की नकदी

- लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में चलाया जा रहा अभियान

महोबा। समृद्धि न्यूज


वाहनों की चेकिंग करती उड़नदस्ता टीम।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के नेतृत्व व निर्देशन पर जिले में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और निर्भीक चुनाव कार्य सुनिश्चित कराने के निमित्त व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन क्षेत्र में किसी भी राजनैतिक दल की सभा के दौरान व अन्य किसी माध्यम से अत्याधिक प्रचार, खर्च, नकद या घूस के रूप में वस्तुओं का वितरण, अवैध शस्त्रों, मदिरा या असामाजिक तत्वों आदि की आवाजाही पर निगरानी रखने के लिए पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीम के साथ उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है जो जिले में चिंहित महत्वपूर्ण स्थलों में लगातार भ्रमणशील हैं। जिनके द्वारा जनपद में आने-जाने वाले संदिग्ध वाहनों, व्यक्तियों पर सतत निगरानी, वीडियोग्राफी कराते हुए सघन चेकिंग की जा रही है। उडनदस्ता टीम की सक्रियता से सघन चेकिंग के दौरान कुल 01 लाख 900 रुपये की बरामदगी करते हुए नियमानुसार जब्तीकरण की कार्यवाही गयी है। उडनदस्ता टीम की इस महत्वपूर्ण कार्यवाही से परिलक्षित है कि चुनाव के दौरान जनपद पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर सतत निगरानी रखी जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### भारतीय खेल प्राधिकरण से प्रामाणित कोच बने हिमांशु सैनी

**इटावा।** शूटिंग क्लब के चेयरमैन एवं कोच हिमांशू सैनी को भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वाधान मे आयोजित प्रशिक्षण मे 6 सप्ताह प्रमाणपत्र कोर्स सफलता पूर्वक कर ए ग्रेड प्राप्त कर इटावा का गौरव बढ़ाया।हिमांशू की इस उपलब्धि पर इटावा शूटिंग क्लब के निदेशक आलोक गुप्ता, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता,महामंत्री आकाशदीप जैन, नगर अध्यक्ष राजत जैन, महिला जिलाध्यक्ष रीना जैन, शनि यादव,आशुतोष गुप्ता , प्रान्शू सैनी आदि लोगो ने बधाई एवं शुभकामनाए दी।

### दलालों के बिना इंडियन बैंक में नही होता कोई काम, ग्राहक बंद करा रहे है खाता

**हमीरपुर।** इन दिनो इंडियन बैंक की मेन ब्रांच में दलालों का जबरदस्त बोलवाला है। यहां पर ऋण लेने व यहां तक कि पैसा जमा करने व निकालन में गांव गिराव के लोग दलालों का सहारा लेते है। यही नही यहा के स्टाफ की हिटलरी के चलते ज्यादातर ग्राहक अपना खाता बंद कराते जा रहे है। जानकारी के मुताबिक शासन से आने वाली ज्यादातर योजनाएं बैंको में कागजो में कैद होकर रह जाती है। शासन ने ऋण देने के लिये हर क्षेत्र में टारगेट सुनिश्चि कर दिये है मगर बैंक प्रबंधक ऋण देना तो दूर कागजों को तैयार कराने के बाद अंत में फाइल निरस्त कर देते है यही नही बाद में गरीबों का उपहास भी उड़ाया जाता है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति इंडियन बैंक की है। यहा तो हर काम विना दलालों के होता ही नही है। इस मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से की जा चुकी है मगर उसका कोई हल नही निकला है। जिससे लोगो को बैकों से विश्वास उठता जा रहा है। इंड़ियन बैंक की मेन ब्रांच में हर ग्राहक से स्टाफ हिटलरी से पेश आता है। लोगो को ओवर रायटिंगहोने का बहाना देकर ग्राहकों को कई कई घंटों तक घुमाया जाता है। अंत में ग्राहक निराश होकर वापस चला जाता है। इस मामले मे इंडियन बैंक के सहायक महा प्रबंघक घनश्याम का कहना है कि बैंक प्रबंधको से बात कर समस्या का निदान किया जायेगा।

### वरमाला पहनाकर मुस्लिम जोड़े ने निकाह किया कुबूल

**राठ,हमीरपुर।** कस्बे के धमना रोड स्थित रतन कुंवर पैलेस में दम मदार वेलफेयर सोसायटी प्रबंधन समिति द्वारा सर्व जातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें 17 जोड़ों ने एक दूजे को वरमाला डाल व एक मुस्लिम जोड़े ने निकाह कुबूल कर जीवन साथी चुना। समिति के पदाधिकारियों ने वर वधुओं को आर्शीवाद देते हुए उपहार भेंट किए। गुरुवार को सामूहिक विवाह सम्मेलन में सैदपुर की रीना अहिरवार ने इंदरपुरा सरीला के गले में वरमाला डाल कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसी तरह कुल्हैंडा की रोशनी ने मनीष नहदौरा, कुल्हैंडा की राधा ने रावतपुरा के यशवंत कुमार, छोटी बांधुर की भगवती परिहार ने इटकौर के विक्रम सिंह, सुंगिरा कुलपहाड़ की रेखा कुशवाहा ने बिहूंनी खुर्द मौदहा के पुष्पेन्द्र, पहाड़ी भिटारी मुस्करा की गायत्री ने इस्लामपुर के मुकेश, कहटा कालपी की निशा ने पहला सरीला वीरेंद्र, सुनहटा की आकांक्षा ने कैथोंकर नौगांव मप्र हरदयाल, करियारी की रचना ने उरई के मंगल पाल, गल्हिया की रुबी ने कैंथी के तेज बहादुर सहित 18 जोड़ों ने वरमाला व कालिंजर बांदा की रेशमा ने कालिंजर बांदा के इदरीश ने निकाह कुबूल किया। इस दौरान भाजपा के मंडल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला, समिति के अध्यक्ष जयनारायण राजपूत, प्रबंधक छुन्ना शाह बरकाती, बलराम पाल, मुहम्मद सोहेब ने वर वधुओं को आर्शीवाद देकर उपहार भेंट किए।

### पुलिस ने गुमशुदा को किया बरामद

**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस ने गुमशुदा व्यक्ति को सकुशल बरामद कर फर्जी अभियोग पंजीकृत कराने वाले दम्पत्ति को बरामद किया। विगत 14 सितम्बर 2022 को न्यायालय के आदेश पर वादिनी रंजना सोनी के पति राजीव सोनी पुत्र कमल सिंह निवासी रामगंज ढाल थाना कोतवाली, इटावा अचानक बिना बताये कहीं चले गये थे, रिश्तेदारियों व्यवहारियों एवं आस-पास तलाश किया, परन्तु नही मिलने के संबंध मे एवं सास ससुर एवं जेठ द्वारा वादिनी के पति का अपहरण करने एवं वादिनी के साथ मारपीट व गाली-गलौज करने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कराया गया। उक्त लापता व्यक्ति की तलाश हेतु पुलिस टीम द्वारा संभावित स्थानों पर तलाश की गयी, सोशल मीडिया के माध्यम से प्रयास किये गये। पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत प्रदेश भर लगाये गये सीसीटीवी कैमरों की मदद ली गयी तथा इलैक्ट्रॉनिक एवं मैनुअल साक्ष्य एकत्रित किये गये। दौराने विवेचना यह तथ्य प्रकाश में आये कि राजीव सोनी उपरोक्त द्वारा अपने आस-पास के लोगों से पैसे उधार लिये गये एवं जिन्हें वापस नहीं कर पा रहा था एवं उसका अपने माता-पिता एवं भाई से पारिवारिक विवाद चल रहा था इसी के उद्देश्य से उसने अपनी पत्नी के साथ मिलकर षंडयन्त्र के तहत न्यायालय के आदेश पर थाना कोतवाली पर फर्जी अभियोग दर्ज कराया है।

## उपचार के साथ योगा, संगीत खेल के माध्यम से हो रहा मानसिक रोगियों का इलाज

**इटावा।** लंबे समय से बेसहारा मानसिक रोगियों का सहारा बन कर इन रोगियों की देखभाल व उपचार कर रहा है उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय का मानसिक रोग विभाग। कुलपति प्रो डॉ प्रभात कुमार सिंह ने कहा कि मानसिक रोग विभाग की टीम द्वारा बेसहारा मानसिक रोगियों को उपचार के साथ भावनात्मक सहयोग व विशेष देखभाल की जा रही है यह सराहनीय है क्योंकि मानसिक रोगियों को उपचार में भावनात्मक सहयोग की अहम भूमिका है। मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ एसपी सिंह ने बताया कि सड़क,स्टेशन,मंदिर, दुर्घटना स्थल जैसे स्थानों आए बेसहारा मानसिक रोगी मानसिक रोग विभाग में भर्ती किए जाते हैं।

# बैंकों, एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**एसपी अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में चलाया गया अभियान, दिए निर्देश**

महोबा। समृद्धि न्यूज


बैंकों में सुरक्षा का जायजा लेते पुलिस कर्मी।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर पुलिस बल द्वारा जिले में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया।

जिसके क्रम में थाना प्रभारियों ने अपने क्षेत्रांतर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, पेट्रोल पंपों व अन्य वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहकर सुरक्षा का जायजा लिया। इस दौरान बैंक के अंदर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहां से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया, इस दौरान बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा संबंधी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबंधक से सुरक्षा बिंदुओं पर वार्ता की गयी। ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

# पति-पत्नी को पीटकर सामान किया क्षतिग्रस्त

महोबा। समृद्धि न्यूज

महिला सहित लोगों ने पति पत्नी की पिटाई कर दी और घर में रखा फ्रिज व कूलर सहित अन्य हजारों का सामान तोड़ दिया। पड़ोसियों के एकत्र होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। घटना की सूचना पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 323, 504, 506, 427 व 452 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना को लेकर लोगों में खासा हड़कंप मचा रहा। खन्ना थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम ग्योड़ी निवासी शिवकरन कुशवाहा ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 14 अप्रैल को उसका बड़ा बेटा गोविंद व बहू खुशबू घर में मौजूद थे। तभी उसकी बेटी सुशीला व दामाद दीपक कुश्वाहा निवासी ग्राम रिवई थाना कबरई अपने मामा परमेश्वरी दयाल व अरुण के साथ घर में आए और घरेलू विवाद के चलते उसके बेटे और बहू के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे।घर में रखा सामान फ्रिज, कूलर, एलसीडी, फोटो कापी मशीन, इन्वर्टर आदि तोड़ दिया। शोर मचाने पर मुहल्ले के लोग बीच बचाव के लिए एकत्र हुए तो ये लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने आरोपी सुशीला, दीपक कुशवाहा, परमेश्वरीदयाल व अरुण के खिलाफ धारा 323, 504, 506, 427 व 452 के तहत मामला दर्ज किया है।



## इंडिया गठबंधन प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क

**इटावा।** आई एन डी आई ए गठबंधन के प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे ने शहर की कुंज फाटक, मेहतर टोला, लंघाई टोला, धोकरन टोला, नखासा,शाहग्रान, पुरबिया टोला आदि मोहल्लों में तूफानी जनसंपर्क कर मतदाताओं से आशीर्वाद प्राप्त किया। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि शुक्रवार को नामांकन के समय अधिक से अधिक लोग जिला पंचायत पहुँच कर नामांकन में शामिल होकर अपनी ताकत का एहसास करायें। डोर टू डोर कैंपेन में सपा नगर अध्यक्ष अब्दुल अंसारी, उदयभान सिंह यादव, जिला प्रवक्ता विकास गुप्ता विक्की, के के यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव, आम आदमी पार्टी जिला महासचिव इक़रार अहमद, अंकुर शाक्य, पल्लव दुबे एस एम मुस्तकीम, फरहान शकील, राकेश यादव, अनवर हुसैन, मारूफ अंसारी उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत ने सौ व्यवसायियों को टैक्स जमा करने की दी नोटिस

- तीन हजार उद्यमियों से वसूला जायेगा कर,एक करोड़ रुपये की होगी वार्षिक आय
- यदि सही समय से लोग कर अदा करेगे तो विभाग को एक करोड़ रुपये का होगा वार्षिक लाभ

हमीरपुर। समृद्धि न्यूज

जिला पंचायत ने बीस साल बाद अपनी आय बढ़ाने के लिये शासनादेश के तहत छोटे बढ़े दुकानदारों पर व्यवसाय कर लगाकर सौ दुकानदारों को नोटिस जारी की है। फिलहाल 11 सौ कर दाताओं को चिंहित किया गया है। तीन हजार कर दाता है जिनसे कर वसूल किया जायेगा। सभी कर दाताओं से कर वसूलने के बाद जिला पंचायत विभाग को कम से कम एक करोड़ आय होने का अनुमान लगाया गया है। फिलहाल दस लाख रुपये टैक्स वसूला जा चुका है।

जिला पंचायत विभाग के कार्य अधिकारी शत्रुघ्न प्रसाद वर्मा ने बताया कि शासनादेश के मुताबिक आर्टिकल 279 के तहत जिले में दुकानदारों से टैक्स् वसूलने का प्राविधान है मगर विभाग में कर्मियों के कमी के कारण टैक्स वसूलने का अभियान चालू नही हो पाया था। अब विभाग ने टैक्स वसूलने का काम शुरु कर दिया है। पेट्रोल पंप,रिमझिम,हिंदुस्तान लीवर,जेके सीमेंट समेत कई प्रतिष्ठान टैक्स देना शुरु कर दिया है वही शासन ने हर व्यवसायी का टैक्स निर्धारित कर दिया है।शराब की दुकानों द्वारा टैक्स न देने के कारण उनको नोटिस जारी किया गया है।

इस प्रकार सौ दुकानदार ऐसे है जिनिकों नोटिस जारी कर टैक्स देने को कहा गया है। यदि दुकानदार टैस्क नही देता तो उसके खिलाफ कार्यवाही करने का भी प्राविधान रखा गया है। जिले में तीन हजार कर दाता है जिमसे फिलहाल 11 सौ लोगो को चिंहित कर उनसे टैक्स लिया जायेगा बाद में धीरे धीरे सभी तीन हजार कर दाताओं से टैक्स लेने की योजना बनायी गयी है।

गांवों मे भवन नक्शा बनाने का प्राविधान है वह जिला पंचायत से पास कराना होता है। धीरे धीरे लोगो को जागरुक किया जा रहा है। जिला पंचायत के कार्यअधिकारी स्वयं विभागो में जाकर संपर्क करते है और शासनादेश के तहत टैक्स देने के लिये अधिकारियों से कहते है। कार्य अधिकारी कहना है कि जिला पंचायत ग्रामीणों को काफी सुविधा मुहैया कराती है। हालाकि इतने दिन बाद उद्धमियों से टैक्स वसूल करने में काफी समस्या आ रही है मगर लोग धीरे धीरे जागरुकर होकर कर देना शुरु कर दिया है।

बाकी लोग भी जिला पंचायत का सहयोग करेगे। यदि सही समय से लोग कर अदा करेगे तो विभाग को कम से कम एक करोड़ रुपये का वार्षिक लाभ होगा। जिससे अन्य विकास कार्य कराये जायेगे।

# पुलिस ने दो चोरों को किया गिरफ्तार

इटावा। समृद्धि न्यूज



अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना बकेवर पुलिस ने निर्माणाधीन प्लाट से मोटर की चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की मोटर एवं अवैध तमन्चा व जिन्दा कारतूस 32 बोर बरामद किये।

वादी अंकित पुत्र परमानन्द निवासी उझियानी छतनापुरा रोड थाना बकेवर इटावा द्वारा थाना बकेवर पर सूचना दी गयी कि 13 अप्रैल 2024 को छतनापुर रोड पर उसके प्लाट पर निर्माण कार्य चल रहा था जिसकी मोटर रात्रि में अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली है। थाना बकेवर पुलिस थाना क्षेत्रांतर्गत भ्रमणशील थी, इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर थाना बकेवर पुलिस टीम द्वारा आरोपियों प्रशान्त कुमार पुत्र बलराम सिंह निवासी ग्राम नगला चन्दी थाना बकेवर, अनुज कुमार पुत्र सतेन्द्र कुमार निवासी ग्राम नगला चन्दी थाना बकेवर को उझियानी पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। इस सफलता में राकेश कुमार शर्मा प्रभारी थाना बकेवर, उ.नि. मोहनवीर, हे.का. कुलदीप कुमार, का. भूपेन्द्र कुमार, का. रोहित तोमर, चालक का. सचिन फौजदार का सराहनीय योगदान रहा।

# चुनाव प्रक्रिया शुरू, नौ नामांकन पत्र बिके



इटावा। समृद्धि न्यूज

आज से नामांकन शुरू हुए हैं जिसमें 9 नामांकन पत्र खरीदे गए हैं जिसमें नामांकन पत्र भरने की संख्या शून्य है। घनश्याम बाजपेई पुत्र गोपाल बाजपेई 740 सिविल लाइन इटावा भाजपा, घनश्याम बाजपेई पुत्र श्री गोपाल वाजपेई 740 सिविल लाइन इटावा निर्दलीय, सुशील संखवार पुत्र स्वर्गीय शिव प्रसाद 520 नौरंगाबाद इटावा आर्य दल, अखिलेश कुमार पुत्र प्रमोद कुमार वर्मा अहेरीपुर इटावा सपा, मोहर सिंह अंबाडी पुत्र स्वर्गीय विष्णु लाल नवीन नगर बाबरपुर अटसू औरैया बहुजन मुक्ति पार्टी, राजा पुत्र रामकिशन बैरून टोला इटावा जनता समाज वादी पार्टी, भुवनेश कुमारी पत्नी अजय सिंह भटपुरा शेरपर इटावा सम्बयक पार्टी, अनिल कुमार सिंह पुत्र कृष्ण अवतार भोगनीपुर कानपुर देहात प्रजातांत्रिक पार्टी, अनिल कुमार सिंह पुत्र कृष्णा अवतार कानपुर देहात निर्दलीय ने नामांकन पत्र खरीदे।

## क्षेत्रों में बूंद-बूंद पानी के लिए मचा हाहाकार

**मौदहा, हमीरपुर।** नमामि गंगे की योजना को 3 वर्ष पूर्ण होने को है और अभी तक पाइप लाइन से एक बूंद पानी भी विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं पहुंचा है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बूंद बूंद पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है और ग्रामीणों में भारी आक्रोश उत्पन्न हो रहा है। बताते चलें विकास खंड के अरतरा गांव में अभी तक टंकी के द्वारा पाइपलाइन से पेयजल योजना सुचारू रूप से संचालित हो रही थी जिसमें नमामि गंगे योजना के अंतर्गत गांव के अंदर सड़के खोदने के बाद पाइपलाइन डालकर पेयजल मुहैया कराने के मकसद से योजना को अंजाम दिया गया। लेकिन अब पाइपलाइन से एक बूंद पानी भी अरतरा वासियों को नसीब नहीं हो पाया बल्कि गांव के भितरपुर से बनी पानी की टंकी से जो पानी ग्रामीणों को उपलब्ध हो रहा था वह भी अब बंद कर दिया गया है।

# अग्निकांड से पीड़ित परिवार को सौंपा चार लाख का चेक

बलरामपुर। समृद्धि न्यूज

**विकासखंड** हरैया सतघरवा के ग्राम बिलोहवा में अष्टमी के दिन 4 वर्षीय बच्ची की अग्निकांड में मृत्यु हो गई एवं नवमी के दिन जिस वक्त पूरा जनपद शक्ति स्वरूप कन्या की पूजा कर रहा था । उस समय जनपद की एक बिटिया का दाह संस्कार हो रहा था जो की अत्यंत हृदय विदारक घटना है। चूंकि नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत हुई है , जिस कारण आपदा निधि में शासन द्वारा धन आवंटित नहीं है। अग्निकांड में पीड़ित गरीब परिवार की दशा को देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट श्री अरविंद सिंह ने नवमी के छुट्टी के दिन अपनी आपातकालीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए विशेष निधि से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने को 04 लाख रुपए का धन आवंटित किया। डीएम सिंह ने कन्या के दाह संस्कार के उपरांत पीड़ित परिवारजनों को स्वयं 04 लाख रुपए का चेक उनके घर जाकर प्रदान किया तथा कन्या के माता-पिता व दादा को ढांढस बधायां , उन्होंने कहा कि पूरा प्रशासन हर संभव मदद को गरीब परिवार के साथ खड़ा है। डीएम ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से समीक्षा की और शासकीय कार्यों में लापरवाही पर पंचायत सचिव के निलंबन एवं विभागीय कार्यवाही के निर्देश डीपीआरओ को दिए। डीपीआरओ द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत सचिव का हाथ टूटा होने के कारण प्लास्टर बधा है , इस पर डीएम द्वारा मानवीय आधार एवं निर्वाचन कार्यों के दृष्टिगत सचिव के निलंबन के आदेश को रोकते हुए डीसी मनरेगा को पंचायत सचिव की खुली जांच के लिए नियुक्त किया गया है। इस दौरान डीएम के ग्राम बिलोहवा में चौकीदार की नियुक्ति न होने के प्रश्न का थाना हरैया के सब इंस्पेक्टर द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दे पाने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए मौके पर ही सांविधिक आदेश पारित करते हुए अवध लॉ अधिनियम - 1876 ( स्वपठित पुलिस रेगुलेशन/ अंतर्गत पुलिस एक्ट 1861 ) के अंतर्गत एसएचओ थाना हरैया को कारण बताओं नोटिस जारी करने का आदेश दिया। ग्राम चौकीदार की जिम्मेदारी है कि ग्राम में किसी प्रकार की अपराधिक घटना , आत्महत्या , भूमि माफियाओं की उद्दंता , वन माफियाओं का प्रभुत्व या अन्य किसी प्रकार से



आगजनी से मृत्यु आदि की सूचना तत्काल कार्यपालक मजिस्ट्रेट एवं थाने में देंगे तथा अन्य दुर्भावपूर्ण घटना या अपराध के प्रति ग्रामवासियों को सतर्क करेंगे। लंबे समय तक ग्राम पुलिस चौकीदार की नियुक्ति न होना डीएम को नागवार गुजरा , उन्होंने मौके पर ही सांविधिक आदेश पारित कर अवध लॉ अधिनियम - 1876 ( स्वपठित पुलिस रेगुलेशन/ अंतर्गत पुलिस एक्ट 1861 ) के अंतर्गत महीने में दो बार सभी एसडीएम द्वारा ग्राम पुलिस चौकीदार के साथ अनिवार्य रूप से बैठक करेंगे साथ ही साथ जिन ग्राम में चौकीदार नियुक्त नहीं है , संबंधित की जिम्मेदारी तय करेंगे की क्यों अब तक ग्राम पुलिस चौकीदार नियुक्त नही किए गए। ग्राम के ही अनुभवी व्यक्ति जो यूपी ग्राम अधिनियम- 1970 की परिभाषा के अंतर्गत दलाल किस्म के व्यक्ति ना हो तथा धर्म , जाति एवं लिंग के आधार पर भेदभाव ना करते हो ऐसे लोगों का पैनल की संस्तुति डीएम के सामने करेंगे , क्योंकि जिला मजिस्ट्रेट को अवध लॉ अधिनियम - 1873 के अंतर्गत ग्राम पुलिस चौकीदार की नियुक्ति एवं बर्खास्त की करने का अधिकार है। डीएम के कहा की किसी प्रकार की आगजनी से मृत्यु , आत्महत्या , कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण , माफियाओं पर अंकुश तथा किसी प्रकार की दुर्घटना जिसमें जान- माल की हानि हो के प्रभावी नियंत्रण हेतु ग्राम पुलिस चौकीदार को अब नीतिगत रूप से प्रभावी बनाने का अभियान चलेगा । जिससे आधारभूत पुलिसिंग और मजबूत होगी। कम्युनिटी पुलिसिंग एवं ग्राम स्तर पुलिसिंग का ढांचा सुदृढ़ करने का बीड़ा इस दर्दनाक घटना के बाद डीएम द्वारा स्वयं उठाया गया है। जिसके लिए अब विशेष अभियान चलाया जाएगा । उपरोक्त के क्रम में डीएम ने अवध लॉ अधिनियम - 1876 ( स्वपठित पुलिस रेगुलेशन/ अंतर्गत पुलिस एक्ट 1861 ) एवं संबंधित अधिनियमों अंतर्गत सांविधिक आदेश पारित किए। डीएम ने जनपद के ग्राम बिलोहवा के ग्रामवासियों एवं परिवारों के वयस्क सदस्यों को शपथ दिलाई की इस भीषण गर्मी में घास- फूस से बने शेड में लकड़ी आदि पर खाना नहीं बनाएंगे। इस मौके पर डीएम ने ग्राम प्रधान को कड़ी चेतावनी दी की इस प्रकार की घटनाओं में ग्राम प्रधान की जिम्मेदारी भी तय की जायेगी तथा कार्य प्रणाली में सुधार न होने पर कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी।

# जिले में मतदाता जागरूकता अभियान ने पकड़ी रफ्तार

अयोध्या। समृद्धि न्यूज

**जिला निर्वाचन** अधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान प्रतिशत को बढ़ाये जाने के दृष्टिगत अद्भुत अयोध्या स्वीप अभियान के तहत सम्पूर्ण जनपद में वृहद स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत पिछले चुनाव के सापेक्ष मतदान प्रतिशत में और सुधार लाये जाने के दृष्टिगत मतदाताओं से घर घर जाकर प्रत्येक मतदाता से अपने अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की जा रही है और उन्हें जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता से लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु लोकतंत्र के प्रति अपने सर्वोपरि कर्तव्य अर्थात अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने हेतु जागरूक किया जा रहा है और अपील की जा रही है कि मतदाता स्वयं वोट दें और अपने परिवार,सगे सम्बंधियों,मित्रों एवं पड़ोसियों आदि को भी मतदान के लिए प्रेरित करें।इस अभियान के तहत ऐसे क्षेत्र जहां पर




विगत चुनाव में मतदान प्रतिशत काफी कम रहा है वहां पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।इसी क्रम में गुरुवार को विकास खण्ड मयाबाजार की ग्राम पंचायत गोकुल पुर,शेरवा घाट,राजापुर, मांझा काजीपुर में स्वीप अभियान अंतर्गत डोर टू डोर जागरूकता कार्यक्रम किया गया तथा विकास खण्ड मयाबाजार की ग्राम पंचायत अमारी,रुहियांवा, बबुआपुर में भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत तरौली ताराडीह,विकासखंड मिल्कीपुर में डोर टू डोर संपर्क किया गया तथा दिनांक 20 मई को अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।विकासखंड तारुन के ग्राम पंचायत केशरूवा बुजुर्ग में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत डोर टू डोर मतदाताओं को जागरूक करते हुए खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी), सहायक विकास अधिकारी (एसटी),ग्राम सचिव,बीएलओ तथा समूह की दीदियों ने डोर टू डोर जाकर अद्भुत अयोध्या स्वीप अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है।

# चुनाव प्रबंधन को लेकर आयोजित की गई चुनाव कोर कमेटी की बैठक

अयोध्या। समृद्धि न्यूज

**चुनाव प्रबंधन** को लेकर लोकसभा चुनाव कार्यालय में गुरुवार को चुनाव कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई।बैठक में मंडल अध्यक्ष,संयोजक,विधान सभा प्रभारी,चुनाव प्रबंध समिति के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में चुनाव प्रबंधन को लेकर व्यूह रचना पर मंथन किया गया। नामांकन से पूर्व होने वाली नामांकन सभा में अधिक से अधिक लोगों को लाने पर चर्चा की गई।मंडल अध्यक्षों से शक्ति केन्द्रों पर एक्टिव तथा निष्क्रिय पदाधिकारीयों के बारे में जानकारी ली गई।लोकसभा संयोजक बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने कहा कि चुनाव में सभी पदाधिकारियों को अब पूरी तरह से एक्टिव हो जाना है।बूथ की संरचना




तथा योजना के अनुसार शक्ति केन्द्र प्रभारी कार्य करें।पन्ना प्रमुख को लगातार जनसम्पर्क करने को कहें।हर घर-हर मतदाता तीन बार सम्पर्क के लक्ष्य को लेकर तेजी से जनसम्पर्क का कार्य करें। सांसद लल्लू सिंह ने कहा बूथ पर निष्क्रिय पदाधिकारियों से सम्पर्क व समन्व्य स्थापित कर उन्हें एक्टिव मोड पर लाएं।जिन बूथों पर पिछले चार चुनाव में प्रर्दशन अच्छा नही रहा,उन बूथों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।मंडलों के अध्यक्ष व संयोजक कमजोर बूथों को सूची बद्ध कर उनपर विशेष अभियान चलाएं। हर बूथ पर पिछले चुनाव से अधिक मत प्राप्त करना है। इस दौरान संतोष मिश्र,अंजनी साहू,शेखर गुप्ता,विजय शंकर शुक्ला,रामदीन वर्मा,देवेन्द्र सिंह, वंशीधर शर्मा, अजय तिवारी, अर्जुन सिंह,अवधेश पाठक, अमरनाथ वर्मा व विनोद गौड सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## करंट की चपेट में आया अधिवक्ता का परिवार, बड़े पुत्र की मौत

**कालपी (जालौन)।** गुरुवार की सुबह बिजली के करंट से कालपी नगर में बड़ा हादसा हो गया। तार में कपड़े सुखाने के दौरान अधिवक्ता तथा उसके दो पुत्र करंट की चपेट में आ गए। जिससे बड़े पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई व छोटे पुत्र तथा अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। मोहल्लेवासियों ने आनन-फानन में तीनों लोगों को सीएचसी में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने बड़े पुत्र को मृतक घोषित कर दिया तथा छोटे पुत्र अधिवक्ता की हालत स्थिर बताई जा रही हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 57 वर्षीय परासन गांव के अधिवक्ता कमलेश अहिरवार परिवार सहित कालपी नगर के मोहल्ला टरननगंज में पुराने बस स्टॉप के पास निजी मकान में रहते हैं तथा कालपी तहसील में वकालत करते हैं। गुरुवार की सुबह करीब 7 बजे कमलेश अहिरवार ने रोज की तरह स्नान किया तथा घर की आंगन में लगे तार में अपने गीले कपड़े सुखाने डालने लगे।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने को मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का लगातार हो रहा है आयोजन

**बलरामपुर।** लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकारों का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी निभाएं, इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह के निर्देशन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप गतिविधियों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज तहसील स्तरीय मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन एम वाई उस्मानी इंटर कॉलेज उतरौला के प्रांगण में किया गया जिसका नेतृत्व उपजिलाधिकारी उतरौला तथा जिला विद्यालय निरीक्षक बलरामपुर द्वारा किया गया। रैली में एम वाई उस्मानी इण्टर कॉलेज उतरौला, एच आर ए इण्टर कॉलेज उतरौला, एमानुएल चर्च इण्टर कॉलेज उतरौला, भारतीय विद्यालय इण्टर कॉलेज उतरौला, राम तीरथ चौधरी कन्या इण्टर कॉलेज इमिलिया बनघुसरा, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज उतरौला और स्कॉलर्स एकेडमी इण्टर कॉलेज उतरौला के छात्र छात्राओं, प्रधानाचार्यो और शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। रैली प्रातः 8:30 बजे उपजिलाधिकारी उतरौला एवं डीआईओएस बलरामपुर गोविंद राम द्वारा केंद्रीय कार्यक्रम स्थल एम वाई उस्मानी इण्टर कॉलेज उतरौला से हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई। रैली उतरौला के विभिन्न मार्गो से होते हुए तहसील उतरौला तक जाने के उपरांत पुनः एमवाई उस्मानी इण्टर कॉलेज उतरौला में आकर समाप्त हुई। जिला विद्यालय निरीक्षक बलरामपुर गोविंद राम और उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार ने मानस अपील करते हुए कहा कि आने वाली 25 में को लोकसभा चुनाव के मतदान में बढ़-कर कर हिस्सा लें तथा अपना और अपने आसपास के लोगों को वोट डालने के लिए मतदान केंद्र तक जरूर ले जाएं।

## खबरें एक नजर में

### खनिज सम्पदा की चोरी में एक गिरफ्तार

**सोनभद्र।** थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा उपखनिज (खनिज सम्पदा) की चोरी करने वालों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत, 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सोनभद्र व क्षेत्राधिकारी नगर राहुल पांडेय के आदेश के क्रम में गुरुवार को वादी मुकदमा मनोज कुमार खान निरीक्षक जनपद सोनभद्र की सूचना बाबत वाहन सं0 क्क67,ञ्ज 3058 के चालक द्वारा कोई परिवहन प्रपत्र न देना व वाहन चालक व अन्य के सहयोग से खनिज सम्पदा कि चोरी कर परिवहन करके राजस्व की क्षति करके सार्वजनिक सम्पति को नुकसान पहुंचाने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 279/24 धारा 379,411 भादवि व 3(1)/58/72(6) उ0प्र0 उप खनिज नियमावली2021, 4/21 खान व खनिज अधिनियम 1957 व 3 सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 बनाम वाहन सं0 क्क67,ञ्ज 3058 का चालक विकाश पुत्र बुद्धिराम नि0 बोझ थाना नवगढ़ जनपद चन्दौली वाहन सं0 क्क67,ञ्ज 3058 का स्वामी नाम पता अज्ञात वाहन के केबिन में बैठे व्यक्ति सोनू यादव पुत्र अज्ञात पता अज्ञात, ऋशर मेसर्स वैभव इन्टरप्राईजेज बिल्लीय मारकुण्डी सोनभद्र के स्वामी नाम पता अज्ञात के पंजीकृत होकर मुकदमा उपर्युक्त से सम्बन्धित अभियुक्त विकाश पुत्र बुद्धिराम नि0 बोझ थाना नवगढ़ जनपद चन्दौली उम्र करीब 19 वर्ष को थाना रा0गंज सोनभद्र पुलिस द्वारा गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। गिरफ्तारी का स्थान व गुरुवार को स्थान थाना रा0गंज सोनभद्र। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः- विकाश पुत्र बुद्धिराम नि0 बोझ थाना नवगढ़ जनपद चन्दौली उम्र करीब 19 वर्ष ।

### लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न करने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी ने 82 विद्यालयों के अधिग्रहण का आदेश किया जारी

**बलरामपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराने हेतु केंद्रीय अर्ध सैनिक बलों, पीएसी, जिला पुलिस एवं होमगार्ड के प्रवास के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह ने जनपद के 82 सरकारी/गैर सरकारी स्कूलों/ इंटर कॉलेज के भवन एवं प्रांगण को अधिगृहीत करने का आदेश जारी किया है। बताते चलें कि लोकसभा निर्वाचन के दरमियान सुरक्षा बलों के ठहरने का समुचित प्रबंध किया जाना है जिसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी सिंह ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 82 शिक्षण संस्थानों के भवनो को अधिग्रहित कर लिया है. अधिगृहीत स्कूलों के भवनों में निर्वाचन के दौरान सुरक्षा बलों के ठहरने का समुचित प्रबंध रहेगा।

### श्री रामजन्मोत्सव पर विशाल भंडारा आयोजित

**उतरौला/बलरामपुर।** उतरौला नगर के सुभाषनगर में श्रीराम भक्त सेवा समिति के तत्वावधान भगवान श्री राम जन्मोत्सव पर में विशाल भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। विशाल भंडारे में सर्वप्रथम भगवान श्री राम जी महाआरती कर भोग लगाया गया। विशाल भंडारा देर-रात तक चला उपस्थित श्रद्धालुओं ने जय श्री राम जय सीताराम के उद्घोष से भक्ति में सराबोर रहे। उक्त विशाल भंडारे में भाजपा विधायक राम प्रताप वर्मा, नगरपालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप गुप्ता, रमेश जायसवाल, सीवी माथुर,श्रीराम भक्त सेवा समिति के सचिन सोनी, निखिल कुमार, बब्बू श्रीवास्तव, राजकुमार गुप्ता समेत हजारों महिलाएं बच्चे व श्रद्धालुओं ने सम्मिलित होकर प्रसाद ग्रहण किया।

### रंजिशन दो पक्षों में गाली गलौज के बाद हुई हाथापाई

**जालौन (उरई)।** रंजिश के चलते दो लोगों के बीच गाली, गलौज व हाथापाई हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफकार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रतापपुरा में रंजिश के चलते जितेंद्र व रामनरेश के बीच गुरूवार की सुबह कहासुनी होने लगी। कहासुनी के बीच ही उनमें गाली, गलौज होने लगी। गाली, गलौज के बीच दौरान ही उनके बीच मारपीट होने लगी। ग्रामीणों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया। न मानने पर उन्होंने डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे एसआई निसार अहमद ने दोनों के खिलाफकार्रवाई की है।

### शराब ले जाते युवक को पकड़ा

**जालौन (उरई)।** छिरिया चौकी प्रभारी ने अवैध रूप से बेंचने के लिए ले जाई जा रही 20 क्वार्टर शराब सहित एक युवक को पकड़ा है। आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की गई। छिरिया चौकी प्रभारी राजकुमार पांडे को सूचना मिली कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे सर्विस लेन पर खनुआं कट के पाए एक संदिग्ध युवक कोई नशीला पदार्थ बेचने के लिए ले जा रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में जा रहे राधेश्यम निवासी धनौरा को रोककर जब उसके झोले की तलाशी ली तो उसमें 20 क्वार्टर देशी शराब के बरादद किए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफआबाकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बगैर प्रपत्र ओवरलोड मौरम ले जाते पकड़ा डम्फर, एक लाख का जुर्माना

**जालौन (उरई)।** बिना आवश्यक प्रपत्र के मौरंग लेकर जा रहे ओवरलोड डंपर को एआरटीओ ने पकड़ा। एआरटीओ ने एक लाख रुपये जुर्माना लगाया है। एआरटीओ विनय कुमार पांडेय गुरूवार की सुबह बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के पास ओवरलोड वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान ओवरलोड मौरंग लादकर आ रहे डंपर को रोककर एआरटीओ ने जब चालक से आवश्यक प्रपत्र मांगे तो वह नहीं दिखा सका। जिसके बाद एआरटीओ ने डंपर को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर मंडी में खड़ा कराया है। साथ ही एक लाख रुपये जुर्माना लगाया है। इस बाबत एआरटीओ ने बताया कि बिना आवश्यक प्रपत्र के मौरंग लदा एक डंपर पकड़ा गया है। जिस पर एक लाख रुपये जुर्माना लगाया गया है।

### डिवाइडर से टकराई बाइक, दंपति घायल

**जालौन (उरई)।** शोभन सरकार के पास बाइक चलाते हुए जलते हुए खेत को देखना बाइक सवार को भारी पड़ गया। बाइक सवार की बाइक खेत को देखते हुए डिवाइडर से जा टकराई। जिसमें दंपति घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी पहुंचाया। कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम कैंथवा निवासी रंजीत कुमार (35) अपनी पत्नी गायत्री (31) व दो वर्षीय बेटे के साथ जालौन की ओर आ रहे थे। इसी दौरान शोभन सरकार के पास खेतों में आग लगी हुई थी। बाइक चलाते हुए रंजीत कुमार खेतों में लगी आग को देखने लगे और सामने से उनका ध्यान हट गया। सामने से ध्यान हटते ही उनकी बाइक सड़क पर बने डिवाइडर से जा टकराई।

## बाइक-साईकिल में टक्कर, साईकिल सवार 71 वर्षीय बुजुर्ग की मौत, तीन की हालत गम्भीर

उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज

**रेहरा बाजार** उतरौला मार्ग पर रेहरा पावर हाउस के पास बाइक व साईकिल में टक्कर होने से साईकिल सवार 71वर्षीय समाचार पत्र,बिक्रेता मृतक बिशम्भर नाथ चौबे की मौत , तीन की हालत गम्भीर दो रेफर , बाइक को कब्जे में लेकर शव को पी एम को भेजकर रेहरा बाजार पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जुटी ,

प्रेम कुमार चौबे निवासी ग्राम रेहरा थाना रेहरा बाजार ने बताया कि आज सुबह 11बजे मेरे मृतक पिता बिशम्भर नाथ चौबे रेहरा बाजार के त्रिमुहानी समाचार पत्र वितरण कर रेहरा बाजार के तरफ वापस लौट रहे थे रेहरा बाजार उतरौला मार्ग पर रेहरा पावर हाउस के पास तेज रफ्तार बाइक ने साईकिल सवार मेरे पिता को टक्कर मारी थी ,आनन फानन में 108एम्बूलेंस से सी एच सी रेहरा बाजार में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया

बाइक चालक ,1,झब्बर आयु 37 निवासी कर्मा , थाना थाना कोतवाली देहात गोण्डा ,2,छोटका 45छिटई पुरवा ,उजैनीकला ,थाना धानेपुर गोण्डा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है और, 3,भारती मिश्रा 40 निवासी उजैनी कला थाना धानेपुर का इलाज जारी है ,प्रभारी चिकित्साधिकारी डा उत्कर्ष मिश्रा ने बताया कि बिशम्भर नाथ चौबे ने सी एच सी पहुंचने से पहले रास्ते में ही दम तोड दिया था और छोटका ,झब्बर की हालत गम्भीर है उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है और भारती मिश्रा का सी एस एच सी में इलाज जारी है।

प्रभारी निरीक्षक ओपी सिंह चौहान ने बताया कि मृतक समाचार पत्र बिक्रेता के पुत्र प्रेम कुमार चौबे ने बाइक चालक के खिलाफ तहरीर दी है बाइक को कब्जे में लेकर लाश को पी एम के लिए भेजकर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# मतदाता जागरूकता रैली निकाल मतदान के प्रति वोटरों को किया जागरूक

उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज

**लोकसभा चुनाव** में शतप्रतिशत मतदान के लिए वोटरों को प्रेरित करने की मुहिम तेज़ हो गई है। गुरुवार को उतरौला तहसील स्तरीय मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व उपजिलाधिकारी उतरौला व जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम ने किया। रैली के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान को लेकर जागरूक किया गया। रैली में एम वाई उस्मानी इण्टर कॉलेज, भारतीय विद्यालय इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज, एच आर ए इण्टर कॉलेज, एमानुएल चर्च इण्टर कालेज, राम तीरथ चौधरी कन्या इण्टर कालेज इमिलिया बनघुसरा, और स्कॉलर्स एकेडमी इण्टर कॉलेज के छात्र छात्राओं, प्रधानाचार्यो और शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। रैली प्रातः 8:30 बजे उपजिलाधिकारी उतरौला अवधेश कुमार एवं डीआईओएस गोविंद राम ने केंद्रीय कार्यक्रम स्थल एम वाई उस्मानी इण्टर कॉलेज उतरौला से हरी झंडी दिखाकर






रवाना किया। रैली नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए तहसील उतरौला तक जाने के उपरांत पुनः एम वाई उस्मानी इण्टर कॉलेज में आकर समाप्त हुआ। रैली को जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम एवं उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार ने संबोधित किया। सभी ब्रांड एंबेसडर को अपने अपने क्षेत्र में कम मतदान हुए बूथ के लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया। रैली में छात्र-छात्राओं ने जनमानस को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए आधी रोटी खाएंगे मतदान करने जाएंगे,, स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान, सत प्रतिशत हो मतदान,, मम्मी पापा जल्दी जाओ, पहले मतदान करके आओ, आदि नारे लगाते हुए छात्र-छात्राओं ने लोगों को जागरूक किया है।

इस अवसर पर माय उस्मानी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अबुल हासिम खान, भारतीय विद्यालय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कुमेश सरोज, श्री राम तीरथ चौधरी कन्या इंटर कॉलेज इमलिया बनघुसरा के प्रधानाचार्य एचडी वर्मा, व डायरेक्टर डॉ रमाकांत वर्मा, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रिंसिपल प्रियंका सिंह, स्कॉलर्स अकादमी के डायरेक्टर असलम शेर खान, एच आर ए इंटर कॉलेज प्रबंधक अंसार अहमद खान सहित अन्य कालेज के प्रिंसिपल मौजूद रहे।

श्रद्धा

भक्तिगीतों व जय श्रीराम के नारों से पूरा नगर क्षेत्र भक्तिभाव में रहा सराबोर

# रामनवमी शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

चोपन/सोनभद्र। समृद्धि न्यूज

**रामनवमी** पर चोपन नगर में निकलने वाले प्रख्यात शोभायात्रा का दृश्य मनोहारी रहा। भक्तों ने गगनभेदी नारों के साथ जमकर गुलाल उड़ाए। मनमोहक झांकियों को देखने के लिए लोग एकटक नजरें टिकाए रहे। कैलाश मंदिर प्रांगण से बुधवार की दोपहर बाद सायं चार बजे महावीरी झंडा की मुख्य शोभायात्रा विधि-विधान से पूजन कर प्रस्थान हुआ। सैकड़ों की भीड़ से निकले शोभायात्रा का कारवां जैसे-जैसे आगे बढ़ा लोग उसमें शामिल होते गए। कैलाश मंदिर परिसर में पूजन व अभिषेक के उपरांत शोभायात्रा अपने गंतव्य की ओर रवाना हुआ।% यात्रा में शामिल होने की उमंग यह रही कि बाजारों में सन्नाटा पसर गया। मानों संपूर्ण परिक्षेत्र शोभायात्रा का हिस्सा बन गया हो।

> शोभायात्रा अजय ट्रांसपोर्ट से निकल कर लगभग 5 किमी. का भ्रमण करते हुए बैरियर पर जाकर हुआ समाप्त

प्रितनगर, लोको कालोनी, हिल कालोनी, अवकाश नगर, गौरव नगर, बस स्टैंड होते हुए शोभायात्रा देर शाम चोपन बैरियर पहुंचा। जहां भक्तिभाव से शोभायात्रा का विसर्जन किया गया। शोभायात्रा में शामिल राम दरबार, वीर हनुमान, शिव-पार्वती सहित तमाम देवी देवताओं की मनोरम झांकियों ने सभी का मनमोह लिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा की गई। इस दौरान युवाओं ने तलवार, लाठी, गदा आदि के साथ शौर्य प्रदर्शन किया। जगह जगह सामाजिक व्यक्तियों व व्यापारियों द्वारा जुलूस में



शामिल भक्तों को मिठाई के साथ शर्बत भी पिलाया।

### सांप्रदायिक सद्भाव का प्रतीक

रामनवमी शोभायात्रा में हर धर्म नतमस्तक दिखा। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी का तालमेल एक जैसा दिखा। शोभायात्रा के स्वागत में ठंडई, शर्बत व अल्पाहार से स्वागत करने के लिए होड़ सी मची रही। विभिन्न क्षेत्रों से आई झांकियां लोगों का मन मोह रही थी। अधिकांश लोग भगवा रंग का वेशभूषा पहने हुए थे।

### केसरिया रंग में रंगा रहा चोपन

एक किमी लंबी शोभायात्रा में शामिल एक से बढ़कर एक झांकियों के साथ उतने ही डीजे पर बज रहे भक्तिगीतों व जय श्रीराम के नारों से पूरा नगर क्षेत्र भक्तिभाव में सराबोर रहा। शोभायात्रा अजय ट्रांसपोर्ट से निकल कर लगभग 5 किमी. का चक्रमण करते हुए बैरियर पर जाकर समाप्त हुआ। शोभायात्रा में सभी लोगों में सेल्फी लेने की जुनुन शुरू से अंत तक बना रहा। रामनवमी शोभायात्रा के अध्यक्ष राजन जायसवाल ने सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं दी तत्पश्चात कार्यक्रम को सफल बनाने पर सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली, प्रदीप अग्रवाल,जितेन्द्र जायसवाल, अमित सिंह, संजय जैन, सत्यप्रकाश तिवारी,डॉ सतेन्द्र आर्य, श्याम नारायण दूबे,शुसील पाण्डेय, राजू चौरसिया,अजय सिंह, अशोक सिंघल,अनिल शर्मा,धर्मेश जैन आदि मौजूद रहे वहीं शोभायात्रा के दौरान प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह और हल्का इंचार्ज उमाशंकर यादव पुलिस बल के साथ पूरे यात्रा के दौरान चाक चौबंद रहे।

## 14 अपराधियों पर गैंगेस्टर, 67 के खिलाफ मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**कालपी (जालौन)।** निर्भीक एवं निष्पक्षता पूर्वक लोकसभा चुनाव कराने के लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा अपराधियों तथा अराजकतत्वों पर नकेल कसने के लिए कालपी सर्किल में 67 लोगों के खिलाफ मिनी गुंडा एक्ट तथा 14 लोगों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की जा चुकी है। गुरुवार को क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी ने जानकारी देते हुए बताया कि गांवों के साथ ही नगरीय क्षेत्रों में संदिग्ध आचरण के व्यक्तियों को चिन्हित करके 4 हजार से अधिक लोगों के खिलाफनिरोधात्मक कार्रवाई की गई है। जिनमें कालपी थाने में डेढ़ हजार, कदौरा तथा आटा थानों में 9-9 सौ तथा चुर्खी थाने में 6 सौ लोगों के विरुद्ध निरोधत्मक कार्रवाई की गई है। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि अलग-अलग स्थानों से 32 लोगों को पकड़ का 8 सौ लीटर अवैध शराब बरामद करके आवकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जगह जा चुकी है।

# 2024 में धूमधाम से देश की जनता भाजपा की करेगी विदाई: अखिलेश

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

- 400 पार नहीं, अपितु 400 पर होगी हार
- बेरोजगारी, महंगाई व किसानों की एमएसपी पर भाजपा का घोषणा पत्र मौन
- ठठिया क्षेत्र के भदौसी गांव में मीडिया से रूबरू हुए सपा मुखिया
- पिछले सात वर्षों में कन्नौज में नहीं हुआ विकास का कोई काम



मीडिया से वार्ता करते सपा मुखिया अखिलेश यादव

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जो लोग 2014 में धूमधाम के साथ आए थे। अब 2024 में उससे भी अधिक धूमधाम से देश की जनता उनकी विदाई करेगी। 2014 में जो जुमला 15 लाख देने व कालाधन वापस लाने का था। वह अब 10 साल में जुमला गारंटी बनकर सामने आ रहा है। न तो जुमले से देश की जनता को कुछ हासिल हुआ और न ही गारंटी से कुछ मिलने वाला है। 2022 में किसानों की आय दोगुना कर देने वाला जुमला भी फिस्स हो गया है। चुनावी बांड ने भाजपा के भ्रष्टाचार को जनता के सामने ला दिया है।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरूवार की शाम ठठिया थाना क्षेत्र के भदौसी गांव में सपा के जिला प्रवक्ता विजय द्विवेदी के आवास पर पहुंचे थे। विजय द्विवेदी पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे हैं। उनका हालचाल लेने के राष्ट्रीय अध्यक्ष पार्टी के पदाधिकारियों के साथ शाम 04.30 के करीब पहुंचे। यहां मीडिया से रूबरू होने के दौरान उन्होने सवाल दागा कि कन्नौज में पीएम नरेन्द्र मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ व उनके दोनो डिप्टी सीएम आ चुके है। इसके बावजूद भी किसी ने कन्नौज के विकास की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। जो विकास के कार्य सपा के शासन में हुए उनपर भी भाजपा सरकार ने रोक लगा दी है। उन्होने सपा शासन के दौरान किसानों की आय दोगुनी करने के लिए आलू मण्डी व परफ्यूम पार्क, डेरी प्लांट लगवाया। भाजपा के सात बर्षों के शासन में इनमें कोई प्रगति नहीं हुई। सभी चालू होते, तो निश्चित रूप से कन्नौज व आसपास के जिलों के किसानों की आय अभी तक दोगुनी से भी अधिक हो जाती। भाजपा के घोषणा पत्र व मोदी की गारंटी पर व्यंग करते हुए कहा कि भाजपा सिर्फ झूठ बोलने व जनता को भ्रमित करने का काम करती है। उनका लक्ष्य क्षेत्र, किसानों व नौजवानों का विकास नहीं है। सिर्फ सत्ता उनका एकमात्र उद्देश्य है। देश की जनता अब उनके झांसे में आने वाली नहीं है। 2024 में पूरे देश से भाजपा की विदाई धूमधाम के साथ होने वाली है। इसकी मुख्य बजह महंगाई, बेरोजगारी व किसानों का उत्पीड़न है। भाजपा इन तीनों मुद्दों पर ना तो अपने घोषणा पत्र में कोई वायदा करती है और न ही इसकी चर्चा करती है।

# जिस देश में नौजवान बेरोजगार हो, वह विश्व गुरु कैसे बनेगा: अखिलेश

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**गुरुवार को** सपा मुखिया अखिलेश यादव कन्नौज पहुंचे। यहां पार्टी कार्यालय में उन्होने कन्नौज विधानसभा क्षेत्र के जोनल प्रभारियों और सेक्टर प्रभारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान बूथों की तैयारियों को परखा और चुनावी तैयारी पर मंथन किया। पार्टी कार्यालय के सभागार में हुइ बैठक में सिर्फ जोनल प्रभारियों, सेक्टर व सह सेक्टर प्रभारियों के अलावा किसी और को वहां नहीं जाने दिया गया है। उन्होने यहां मीडिया से भी दूरी बनाकर रखी। कुछ सेक्टर प्रभारियों ने बताया कि पार्टी मुखिया ने उन सभी के मन को टटोला है। सभी ने उनसे यहां चुनाव लड़ने को कहा है। पूर्व मुख्यमंत्री और सपा मुखिया अखिलेश यादव गुरुवार की दोपहर जिला मुख्यालय स्थित पार्टी के जिला कार्यालय पर पहुंचे। यहां उन्होने विधानसभा क्षेत्र के जोनल प्रभारियों और सेक्टर प्रभारियों के साथ बैठक की। लंबी बैठक के बाद वह कन्नौज के एक गेस्ट हाउस में पहुंचे। जहां सपा नेता नेमसिंह यादव की बहन की शादी समारोह में शामिल हुए। इसके बाद वह कन्नौज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भूड़पुरवा गए। ग्राम भूड़पुरवा में बीते कुछ माह पूर्व बेरोजगारी से परेशान होकर ब्रजेश पाल नाम के एक युवक ने अपनी डिग्रियां जला कर सुसाइड कर ली थी। उसके पास से मिले सुसाइड लेटर में आत्महत्या का कारण उसने बेरोजगारी लिखा था। ऐसे में अखिलेश यादव ने उसके घर पहुंच कर मृतक युवक को श्रद्धा सुमन अर्पित कर परिजनों से मिलकर शोक सम्वेदनाएँ व्यक्त कीं। यहां अखिलेश यादव ने पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कहा कि भाजपा सरकार में युवाओं को नौकरियां नहीं मिल रहीं। जिसकी वजह से नौजवान आत्महत्या कर रहे हैं। कन्नौज के ब्रजेश पाल के अलावा फिरोजाबाद की एक बेटी ने भी आत्महत्या कर ली। अभी जो आंकड़े आए हैं, उसके अनुसार 90 फीसदी युवाओं के पास काम नहीं है। कन्नौज से चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा, आज मैं कन्नौज के लोगों से मिला हूं। उनसे हाथ मिलाया है, जल्द ही समाजवादी पाटी प्रत्याशी के नाम की घोषणा करेगी और कन्नौज में रिकार्ड मतों से सपा जीत हासिल करेगी। कन्नौज के गांव-गांव से आवाज आ रही कि सांसद जी हाजिर हों और सांसद जी पुलिस को ठोक रहे हैं। इंडिया गठबंधन ने तय किया है कि इस बार गाजियाबाद से गाजीपुर तक भाजपा का सफाया करेंगे।

# खबरें चलते-चलते

## प्राइवेट स्कूल संचालकों की मनमर्जी के चलते हो रही वसूली की रोकथाम के लिए उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**छिबरामऊ कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन बलराज गुट जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में किसानों ने प्राइवेट स्कूल संचालकों के खिलाफ यूपी जिला अधिकारी को लिखित ज्ञापन सोपा जिसमें अवैध वसूली रोके जाने की मांग की गई। भारतीय किसान यूनियन कन्नौज के जिला अध्यक्ष चौ प्रताप सिंह जी के। नेतृत्व में एक ज्ञापन जिलाधिकारी संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा गया जिसमे जनपद कन्नौज में निजी प्राइवेट स्कूलों में अवैध वसूली,एडमिशन के नाम पर,किताबो के नाम पर ,ड्रेस के नाम पर एवम मासिक फीस के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है जिससे गरीब किसान अपने बच्चे कैसे पढ़ाए छिबरामऊ के स्कूल के बच्चे की फीस का ब्योरा दिया गया है जल्द इन स्कूलों के खिलाफ जांच कर कानूनी कार्रवाई करने की कृपा करे इस मौके पर जिला अध्यक्ष चौ प्रताप सिंह,जिला प्रचारक मंत्री प्रहलाद सिंह,जिला सचिव अमर सिंह,आकाश यादव , रियाज खान , करन सिंह, पप्पू जाटव, मुस्तकीम खान बंटी यादव,जिला मीडिया प्रभारी हिमांशु शर्मा अवनीश शाक्य, सुदीश यादव प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## आग लगने से गृहस्थी का सामान जलकर हुआ खाक



**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के विसैनेपुर्वा गांव में गुरूवार की दोपहर एक घर में अचानक आग लग जाने से घर में बंधी तीन बकरियां झुलस गई। घर में रखी बाइक व ई-रिक्शा एवं गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों की मदद से मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। गृहस्वामी के मुताबिक करीब दो लाख का सामान जलकर खाक हो गया। विसैनेपुवा गांव निवासी चन्द्रपाल ने बताया कि गांव के बाहर वह टीन शेड का मकान बनाकर परिवार के साथ रहते है। गुरूवार की दोपहर अचानक उनके घर में आग लग गई। आग की लपटों को देख आसपास के लोग मौके पर पहुंच सके। सूचना पर इंदरगढ़ पुलिस व दमकल विभाग के कर्मी मौके पर पहुंच गए। दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। तब तक घर में रखी एक मोटर साइकिल, ई-रिक्शा व गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो चुका था। घर के बाहर बंधी तीन बकरियां भी आग से झुलस गई। सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल ने नुकसान का जायजा लिया।

# सशक्त लोकतंत्र के लिए मतदान करना हम सभी का दायित्व है

- एसडीएम ने मतदाता जागरूक गोष्ठी में मतदान करने की शपथ दिलाई

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज



गोष्ठी को संबोधित करते एसडीएम व मौजूद अधिकारी — समृद्धि न्यूज

**लोकसभा चुनाव** 2024 में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा सहित लोग मतदेय स्थलों पर पहुंच कर देशहित में मतदान कर स्वच्छ छवि के प्रत्याशी को सदन तक पहुंचानें का कार्य करें जिससे लोकतंत्र को मजबूती मिल सके। कहा कि मौजूद लोग मतदान के लिए अपने परिजनों सहित आसपास के लोगों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रेरित करें।

यह बात गुरुवार को क्षेत्र के ग्राम खाडेदेवर स्थित प्राथमिक विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छिबरामऊ उपजिलाधिकारी उमाकान्त तिवारी ने कही। कहा कि देश के सशक्त लोकतंत्र के लिए मतदान करना बेहद जरूरी है। इसके बाद उन्होंने मौजूद लोगों को मतदान करनें की शपथ दिलाई। इस दौरान नायब तहसीलदार रामप्रकाश ने कहा कि मतदान करना हम सभी का दायित्व है। बीडियो तालग्राम मनोज गुप्ता ने कहा कि शत प्रतिशत मतदान हमारे राष्ट्र की सशक्तीकरण के लिये आवश्यक है। इसलिये पहले मतदान करेंगे बाद में जलपान। सीडीपीओ पूजा पूजा सिंह नें आधी रोटी खाएंगे वोट डालने जाएंगे के नारे के माध्यम से नागरिकों को मतदान का महत्व बताते हुए जागरूक किया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक प्रेमकृष्ण मिश्रा, कौशलेन्द्र दुवे, प्रधन प्रतिनिधि मो. इरफान उर्फराजू, सचिव सचिव अजय मिश्रा, लेखपाल कौशल पाण्डेय सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# अधिवक्ता की बेटी हिंदू कॉलेज छात्र संघ की बनी अध्यक्ष

छिबरामऊ। समृद्धि न्यूज



**दिल्ली विश्वविद्यालय** के हिंदू कॉलेजमे हुए छात्र संघ चुनाव मे नगर के अधिवक्ता की बेटी छात्र संघ अध्यक्ष चुनी गई।जानकारी होने पर अधिवक्ताओ मे खुशी की लहर दौड गई। अधिवक्ताओ ने छात्र नेता बनी साथी की बेटी को बधाई दी।

नगर के मोहल्ला कृष्णा नगर निवासी अधिवक्ता ब्रह्मदत्त यादव की पुत्री प्रतीक्षा प्रकाश हिंदू कालेज दिल्ली से बीए ऑनर्स की पढ़ाई कर रही है।हाल ही मे कॉलेजके छात्र संघ चुनाव मे उसने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया था।मिलनसार होने व पढ़ाई मे अव्वल रहने वाली प्रतीक्षा को सभी छात्र छात्राओ ने हाथो हाथ लेते हुए भारी बहुमत से जिताकर अध्यक्ष चुना।साथी अधिवक्ता की बेटी के अध्यक्ष पद पर चुने जाने की जानकारी होते ही सभी अधिवक्ताओ ने उनके चेंबर मे पहुंचकर उन्हे बधाई देते हुए एक दुसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया।इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद सिह राठौर, पूर्व अध्यक्ष जयवीर सिह यादव, पूर्व महासचिव चन्दजीत यादव,राजीव हजेला,संदीप दीक्षित, नेम सिह यादव, सहित कई अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों ने मतदाताओं को मतदान के लिए किया प्रेरित



छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**चुनाव** आयोग के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी के साथ नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों ने जनसंपर्क कर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया चुनाव आयोग के निर्देशानुसार कर्यालय नगर पालिका परिषद छिबरामऊ में शासन के निर्देश पर ज़िलाधिकारी के आदेशानुसार वार्ड नंबर 25 मोहल्ला त्रिपाठी नगर में अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह एवं लेखपाल सतेंद्र कुमार, विमल मिश्रा, प्रशांत त्रिपाठी, ब पालिका कर्मचारी अमरदीप, प्रवेश कुमार, नंदलाल, सलाउद्दीन, राजेंद्र कुमार आदि द्वारा भ्रमण कर नागरिकों को मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

## ‘निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने में मतदान कार्मिकों की होती है महत्वपूर्ण भूमिका’

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** पुलिस लाइन रोड स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल में चल रहे मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में निरीक्षण करने पहुंचे जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने मास्टर ट्रेनर्सो से कहा कि अच्छी तरह से मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दें ताकि मतदान के दिन कोई समस्या ना हो, उन्होंने मतदान कार्मिकों से कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने में आप लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। निर्वाचन में मतदान जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जरूरी है कि सभी लोग संपूर्ण मतदान प्रक्रिया को विशेष कर ईवीएम मशीन के संचालन से संबंधित समस्त तकनीकी जानकारी को प्राप्त कर ले और यदि किसी प्रकार की कोई शंका हो तो उसका भी समाधान अवश्य कर ले। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्सो ने मांक पोल, चेकलिस्ट, मॉडल लेआउट, ईवीएम मशीन का संचालन आदि विभिन्न प्रपत्रों के बारे में मतदान कार्मिकों विस्तृत जानकारी को दी।

# शत प्रतिशत मतदान के लिये नागरिकों को प्रेरित करें: अनिल पंडित

- अधिशासी अधिकारी ने गोष्ठी में नागरिकों को जागरूक किया

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज



गोष्ठी में नागरिकों को मतदान के लिये प्रेरित करते ईओ

**शासन के** निर्देश पर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी के आदेशानुसार नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी द्वारा 25 वार्डो में दिनांक 08 अप्रैल तक मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। जिसकी शुरूआत गुरूवार को वार्ड नं 01 आवंतीबाई नगर में गोष्ठी का आयोजन कर किया गया है।

बुधवार को अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित के नेतृत्व में पालिका टीम द्वारा वार्ड में भ्रमण कर नागरिकों को मतदान के लिये जागरूक किया गया। इसके बाद अम्बेडकर पार्क में आयोजित गोष्ठी में अधिशासी अधिकारी नें कहा कि सभी लोग निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर राष्ट्रहित में मतदान करें और मतदान के प्रति नागरिकों को भी जागरूक करें। उन्होनें नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की है। दस दौरान प्रधान लिपिक आरपी सिंह, निर्वाचन कार्य प्रभारी जिलेदार सिंह, जलकल (फील्ड) प्रभारी जनार्दन मिश्रा, लाईनमैन संजीव सिंह, जन्म-मृत्यु पंजीकरण प्रभारी अनिल प्रजापति, सफाई प्रभारी आकाश सक्सेना, आईटी सेल हेड मनोज तिवारी, मोहित गुप्ता, जगदीश सिंह आदि मौजूद रहे।

## रामजन्मोत्सव शोभायात्रा में अराजकतत्वों ने की माहौल बिगाड़ने की कोशिश

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** बुधवार को रामनवमी के अवसर पर देर शाम निकले रामजन्मोत्सव शोभायात्रा के दौरान साम्प्रदायिक माहौल बिगड़ते-बिगड़ते बचा। पुलिस की सक्रियता से स्थित संभल गई। आयोजकों ने दूसरे पक्ष पर जुलूस में बाधा डालने व झण्डे फाड़ने का आरोप लगाया। शोभायात्रा में शामिल लोग आगे धरने पर बैठ गए। पुलिस के आलाधिकारियों के समझाने-बुझाने के बाद मामला शांत हो सका। जिसके बाद शोभायात्रा शुरु की गई। मामले में कार्रवाई के लिए तहरीर दी गई है।

रामनवमी को शहर के बड़ा बाजार स्थित रामजानकी मन्दिर से शोभायात्रा निकाली गई। शाम 6 बजे रामजन्मोत्सव मनाने के बाद शोभायात्रा शहर भ्रमण को निकली। रात्रि 9 बजे के करीब जब शोभायात्रा जेपी गर्ल्स इंटर कॉलेज के निकट मुस्लिम बस्ती छोटे रजियाना के निकट पहुंची तभी इमाम चौक से गुजरते समय कुछ शरारती तत्वों ने माहौल खराब करने की कोशिश की। इमाम चौक पर चढ़कर वहां झंडा लहराना चाहा।

# पुलिस ने छापेमारी कर सटोरिये को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को सकुशल संपन्न करने के उद्देश्य से कोतवाली पुलिस द्वारा छापेमारी कर एक युवक के पास से सट्टा पर्ची एवं नगदी बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया गया। बुधवार की शाम कोतवाली के उपनिरीक्षक रोबिन सिंह ने हमराह सिपाहियों गजेंद्र सिंह, दीपांशु गंगवार के साथ मुखबिर की सूचना पर नगर के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के निकट लक्ष्मी रेस्टोरेंट के सामने वाली गली में छापेमारी की। जहा एक युवक के पास से सट्टा पर्ची एवं 120 रुपये की नगदी बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में आरोपी युवक ने अपना नाम विद्यासागर पुत्र राधेश्याम निवासी मोहल्ला अशोक नगर बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

# मूर्ति विसर्जन में गये युवक की गंगा नदी में डूबकर हुई मौत

- परिजनों में मचा कोहराम, जनप्रतिनिधियों ने व्यक्त की शोक संवेदनायें

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज



मृतक युवक भानु प्रताप सिंह देवल की फाईल फोटो

**चैत्र नवरात्रि** के समापन के बाद विसर्जन यात्रा में गया युवक गंगा नदी मे स्नान करते समय अचानक गहराई में डूब गया। जिससे मौके पर गये लोगों में चीख पकार मच गई। वहीं ग्रामीण गोताखारों ने गंगा नदी में डूबे युवक को बाहर निकाला लेकिन तब तक युवक की मृत्यु हो चुकी थी।

गुरूवार को नगर के मोहल्ला भगतसिंह नगर जीटीरोड निवासी पूर्व शासकीय सभासद परशुराम देवल का 22 वर्षीय पुत्र भानु प्रताप सिंह देवल नगर के गंगेश्वनाथ मंदिर की देवी प्रतिमा विसर्जन यात्रा में जलेसर गंगा घाट पर साथियों के साथ गया था। जहां गंगा नदी में नहाते समय अचानक गहराई में डूब गया। साथ में गये लोगों द्वारा शोर मचानें पर ग्रामीण गोताखोरों ने कडी मसक्कत के बाद युवक के शव को बाहर निकाला। घटना की सूचना पर परिजनो में कोहराम मच गया। इसके बाद मृतक युवक का शव आवास पर लाया गया जहां पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव, इन्द्र कुमार गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र कौशल, कुशवाहा महासभा के जिलाध्यक्ष डा. रघुनन्दन कुशवाहा, अनुराग गुप्ता, संजीव गुप्ता आदि नें राते बिलखते परिजनों को ढांढस बंधाया।

**कार्यक्रम** — शहर के मोहल्ला तलैया चौकी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में पहुंचकर आमजन को बढ़चढ़ कर मतदान करने हेतु किया प्रेरित

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने घर-घर जाकर मतदाताओं को किया जागरूक

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



**मतदान प्रतिशत** बढ़ाने के लिए चल रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने शहर के मोहल्ला तलैया चौकी वार्ड संख्या 16 में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम पहुंचकर आमजन को मतदान करने हेतु प्रेरित किया। इसके अलावा उन्होने मतदाता जागरूकता हेतु घर घर जाकर लोगों को जागरूक किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी लोग 13 मई मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्र पर अपना वोट डालने अवश्य जायें। कहा कि सभी मतदान केन्द्रो में धूप से बचने हेतु छाया की व्यवस्था की जायेगी। शुद्ध पेयजल की भी व्यवस्था रहेगी। कहा कि मतदान को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु व्यापक रुप से तैयारी चल रही है जिससे सभी लोग बिना प्रलोभन के निडर, निष्पक्ष और सौहार्दपूर्ण वातावरण में अपने मत का प्रयोग कर सके। उन्होने कहा कि आप लोग एक जिम्मेदार मतदाता बनें, जिम्मेदार नागरिक बने और देश के लोकतंत्र को मजबूत बनायें। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन के अंर्तगत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम किये जा रहे हैं। कहा कि आप लोग केन्द्र पर मतदान करने अवश्य जायें और जो वोटर हैं उन्हे भी साथ लायें। इस अवसर परियोजना निदेशक डीआरडीए राम अवतार सिंह ने लोगों को मतदान करने हेतु गीत सुनाकर प्रेरित किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी उपजिलाधिकारी सदर अवीनाश कुमार गौतम, उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर सुश्री नवनीता राय, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं अपने पुत्र गाजी मोहम्मद के गलत चाल-चलन व क्रियाकलापों के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उसके द्वारा किये गये किसी कृत्यों के लिए मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा, जिसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**अफसर पुत्र यासीन निवासी ग्राम व मौजा तथा थाना मेरापुर, जनपद फर्रुखाबाद**

# तृतीय श्रेणी के 21 लिपिक एवं आशुलिपिकों के पटल बदले

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**उच्च न्यायालय** इलाहाबाद द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 13 अप्रैल के परिप्रेक्ष्य में न्यायिक अधिकारीगणों के स्थानान्तरण के क्रम में न्यायालय/कार्यालय में कार्य को सुचारु रुप से सम्पादित कराये जाने हेतु तृतीय श्रेणी संवर्ग में लिपिक एवं आशुलिपिकगणों को एक पटल से दूसरे पटल पर जिला जज विनय कुमार तृतीय द्वारा स्थानान्तरित किया गया है। जिसमें शैलेंद्र सिंह पाल प्रस्तोता न्यायालय अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-02/विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) को न्यायालय अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-04/विशेष न्यायाधीश (ई.सी. एक्ट) नुवेंद्र दुबे के स्थान पर भेजा गया है। वहीं नुवेंद्र दुबे को शैलेंद्र सिंह के स्थान पर भेजा गया है। मो0 अहमद नावेद जाफरी प्रस्तोता न्यायालय अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-05 को न्यायालय अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) में अरविन्द मोहन सिंह के स्थान पर प्रस्तोता के पद पर स्थानान्तरित किया गया है। जबकि अरविन्द मोहन सिंह को न्यायालय अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-9 में प्रस्तोता के रिक्त पद पर स्थानान्तरित किया गया है। वीरेंद्र कुमार सिंह लिपिक न्यायालय अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) को न्यायालय अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-05 में मो0 अहमद नावेद जाफरी के स्थान पर प्रस्तोता के पद पर स्थानान्तरित किया गया है। चंद्रभान सिंह सहायक अभिलेखपाल अभिलेखागार को न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आदिल हुसैन के स्थान पर लिपिक के पद पर स्थानान्तरित किया गया है। आदिल हुसैन लिपिक न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट में नव संचालित न्यायालय अपर सिविल जज (सी0डि0) में प्रस्तोता के रिक्त पद पर स्थानान्तरित किया गया है। विशाल सक्सेना अतिरिक्त लिपिक अभिलेखागार को चंद्रभान सिंह के स्थान पर सहायक अभिलेखपाल के पद पर सम्बद्ध किया गया है। आशुतोष कुमार कटियार प्रस्तोता रिक्त न्यायालय अपर सिविल जज (जू0डि0)/जे0एम0 न्यायालय कक्ष संख्या-01 को न्यायालय द्वितीय अपर सिविल जज (सी0डि0)/ए0सी0जे0एम0 कक्ष संख्या-9 में प्रस्तोता के रिक्त पर स्थानान्तरित किया गया है। नारायण लिपिक न्यायालय अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय संख्या-02/विशेष न्यायाधीश (एस.सी./एस.टी. एक्ट) में न्यायालय अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय कक्ष संख्या-01 में विनय कुमार के स्थान लिपिक के पद पर स्थानान्तरित किया गया है। सूर्यकांत गौतम लिपिक रिक्त न्यायालय अपर सिविल जज (जू0डि0)/जे0एम0, न्यायालय संख्या-01 को न्यायालय अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय संख्या-09 में लिपिक के पद पर स्थानान्तरित किया गया है। अंशुल कुमार लिपिक न्यायालय अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय संख्या-05 को नव संचालित न्यायालय अपर सिवि जज (सी0डि0) में लिपिक के रिक्त पद पर स्थानान्तरित किया गया है। चिराग सिंह चौहान सम्बद्ध लिपिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को नव संचालित न्यायालय अपर सिवि जज (सी0डि0) में लिपिक के रिक्त पर पद स्थानान्तरित किया गया है। विनय कुमार लिपिक अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय कक्ष संख्या-01 को न्यायालय द्वितीय अपर सिविल जज (सी0डि0)/ए0सी0जे0एम0 कक्ष संख्या-9 में लिपिक के रिक्त पर पद स्थानान्तरित किया गया है। शुभम दीक्षित अतिरिक्त लिपिक केंद्रीय नजारत को न्यायालय द्वितीय अपर सिविल जज (सी0डि0)/ए0सी0जे0एम0 न्यायालय संख्या-09 में लिपिक के रिक्त पद पर स्थानान्तरित किया गया है। अनुपम लिपिक रिक्त न्यायालय अपर सिविल जज (जू0डि0)/जे0एम0, न्यायालय संख्या-01 को न्यायालय अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश /विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) में वीरेंद्र सिंह लिपिक के पद पर स्थानान्तरित किया गया है। अनुपम द्वारा रिक्त न्यायालय अपर सिविल जज (जू0डि0)/जे0एम0, न्यायालय कक्ष संख्या-01 का भी कार्य देखेंगी। रवि प्रकाश आशुलिपिक रिक्त न्यायालय अपर सिविल जज (जू0डि0)/जे0एम0, न्यायालय संख्या-01 को न्यायालय अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय संख्या-09 में आशुलपिक के पद पर स्थानान्तरित किया गया है। अलका आशुलपिक रिक्त न्यायालय अपर सिविल जज (जू0डि0)/जे0एम0, न्यायालय कक्ष संख्या-01 को न्यायालय द्वितीय अपर सिविल जज (सी0डि0)/ए0सी0जे0एम0 कक्ष संख्या-9 में आशुलिपिक के पद पर स्थानान्तरित किया गया है। मो0 नावेद आशुलिपिक न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को नव संचालित न्यायालय अपर सिविल जज (सी0डि0) में आशुलिपिक के रिक्त पद पर स्थानान्तरित किया गया है। विवेक प्रकाश श्रीवास्तव लिपिक न्यायालय अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय संख्या-4/विशेष न्यायाधीश (ई.सी. एक्ट) को न्यायालय अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय संख्या-2/विशेष न्यायाधीश (एस.सी./एस.टी. एक्ट में अभिषेक कुमार के स्थान पर लिपिक के पद पर स्थानान्तरित किया गया है। वहीं अभिषेक कुमार लिपिक न्यायालय अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय संख्या-2/विशेष न्यायाधीश (एस.सी./एस.टी. एक्ट को न्यायालय अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश (ई.सी. एक्ट) विवेक श्रीवास्तव के स्थान पर लिपिक के पद पर स्थानान्तरित किया गया है।

# बालिका से दुष्कर्म करने वाले दो आरोपी 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार

▸ अभियुक्त विमलेश जाटव भाजपा से बढ़पुर ब्लाक प्रमुख का पुत्र है

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



घटना का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक व आरोपी — समृद्धि न्यूज

**बालिका** के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में मऊदरवाजा पुलिस ने भाजपा से बढ़पुर ब्लाक प्रमुख के पुत्र सहित दो को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदवाजा क्षेत्र के एक गाँव निवासी 6 वर्षीय बालिका शौच के लिए गयी थी। इस दौरान उसके साथ गैंग रेप की घटना को अंजाम दिया गया था। मामले में पीड़िता के पिता ने थाना मऊदरवाजा के ग्राम रसीदपुर निवासी विमलेश जाटव पुत्र विशुनदयाल, अभय जाटव पुत्र लालाराम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में बताया कि थानाध्यक्ष अमित गंगवार और उनकी टीम ने दोनों आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि शराब के नशे में उन्होंने यह अपराध किया था। पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण किया था तथा थानाध्यक्ष को शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिये थे। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह, सीओ सिटी प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे। वहीं पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 7 दिन के अंदर मुकदमा में चार्जशीट लगा दी जाएगी। पुलिस न्यायालय में पैरवी कर दरिंदों को दो महीने में सजा दिलाने का प्रयास करेगी। बताते चलें कि अभियुक्त विमलेश जाटव भारतीय जनता पार्टी की बढ़पुर ब्लाक प्रमुख सावित्री देवी पुत्र है।

# दिल्ली से लौटे युवक ने लगाई फांसी

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार ग्राम बदनपुर थाना राजेपुर के पूर्व प्रधान के भतीजे 35 वर्षीय अरविंद उर्फ अभय प्रताप पुत्र वीरपाल दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। वह अपनी पत्नी के साथ फर्रुखाबाद के मसेनी में किराए के मकान में रहता था। दो दिन पहले अपने बेटे 7 वर्षीय सोनू के जन्मदिन पर घर आया था और आज सुबह बाइक द्वारा तड़के ही अपने गांव के लिए निकला था। गांव के बाहर अपने ही खेत में जामुन के पेड़ पर काले दुपट्टे में उसका शव लटका हुआ पाया गया। सुबह 6.30 बजे उसका बटाईदार मुरारी खेत में दवा डालने के लिए गया, तो उसने उसे वहां लटका हुआ पाया। जिसकी सूचना परिजनों को दी गई। परिजनों द्वारा इसकी जानकारी थाने में दी गई। पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। उसके बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी। जानकारी मिलने के बाद गांव और आसपास के लोग वहां इकट्ठा हो गए। मौत का कारण रहस्य में छुपा हुआ था जो कि पुलिस के अनुसार जांच के बाद ही और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के उपरांत ही स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस ने मृतक को पेड़ से उतार कर कानूनी कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पत्नी और उनके परिजन अपने युवक की मौत पर फूट-फूट कर रो रहे थे।



मृतक का फाइल फोटो

# पत्नी के हत्यारे आरोपी पति को आजीवन कारावास

▸ दस हजार रुपये का लगा अर्थदण्ड

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिला जज** एंव सत्र न्यायाधीश विनय कुमार ने हत्या के मामले में जबर सिंह पुत्र स्व0 रामचंद्र निवासी चांदपुर को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास से दण्डित किया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर छः माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। जानकारी के अनुसार बीते 3 वर्ष पूर्व कोतवाली फर्रुखाबाद निवासी शांति देवी पत्नी केशव प्रसाद ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा कि मेरी छोटी बहन मालती देवी की शादी मेरे गाँव के ही जबर सिंह के साथ हुई थी। मेरी बहन के एक पुत्री थी उसकी मृत्यु हो चुकी थी। मेरा बहनोई जबर सिंह शराब पीता था। वह शराब पीकर मेरी बहन के साथ मारपीट करता था। दिनाक 9 अगस्त 2021 को मेरी बहन को मारापीटा और जान से मारने की नियत से तालाब में धक्का मार दिया, तो आसपास के लोगों ने तालाब से निकालकर मेरे घर छोड़ दिया। दो दिन बाद जबर सिंह अपनी गलती की माफी मांगकर मेरी बहन को अपने साथ ले गया। उसने गांव के कुछ लोगों से कहा मेरी पत्नी मुझे परेशान कर रही है। मैं उसे जान से मार दूंगा। मेरी बहन के नाम 10 डि0 जमीन थी। जबर सिंह आये दिन उसे बेचने के लिए परेशान करता था। दिनांक 11 अगस्त की रात्रि को मेरी बहन की ईट और डंडों से मारकर जबर सिंह ने हत्या कर दी। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व जिला शासकीय अधिवक्ता स्वदेश प्रताप सिंह की पैरवी के आधार पर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विनय कुमार सिंह ने साक्ष्य गवाह के आधार पर जबर सिंह को आजीवन कारावास व दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

## चोरी के आरोप में पकड़े गए आरोपी पर मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव महरुपुर रावी निवासी साहिल पुत्र वीरेंद्र को खुदागंज चौकी इंचार्ज दीपक भाटी ने प्राथमिक विद्यालय रजीपुर के पास से गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक 315 बोर तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस मिला है। बताते चलें कि आरोपी विगत दिनों पहले पूरनपुर गांव में नाबालिग लड़की का मोबाइल छीनकर भाग गया था।

## तीन लोगों ने पिया जहर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना मेरापुर के गांव अमरापुर निवासी अनुज कुमार (20), क्षेत्र के गांव चिलसरी निवासी उपदेश (18) व पितौरा निवासी रामबाबू (40) ने संदिग्ध हालत मे कीटनाशक पदार्थ पी लिया। गंभीर हालत में तीनों के परिजन अस्पताल लाये। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# कबाड़ विक्रेता के घर में लगी आग, घरेलू सामान जला

**नवाबगंज,समृद्धि न्यूज**

**कबाड़ विक्रेता** के घर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गयी। ग्रामीणों ने समरसेबिल चलाकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसके बावजूद घर का अधिकांश सामान आग की भेंट चढ़ गया।

कस्बा नवाबगंज के बरतल वाली गली निवासी बी0के0 उर्फ विनोद कुमार राठौर पुत्र करोड़ी लाल कबाड़ का काम करता है। गुरुवार को बी0के0 राठौर किसी काम से बाहर गए हुए थे, तभी शाम 3.00 बजे लगभग संदिग्ध परिस्थितियों में उनके घर में आग लग गई। आग की लपटें जब निकलीं तो पड़ोसियों को जानकारी हुई, तो एकदम चीख पुकार मच गई। चीख पुकार की आवाज सुनकर कस्बा इंचार्ज मोहम्मद अकरम खान सूचना पाकर दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने अपने-अपने घर की समरसेबिल चलाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जैसे तैसे ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। वही कस्बा इंचार्ज ने दमकल को सूचना दी, लेकिन तब तक भारी संख्या में मौजूद लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पा लिया। इस मौके पर कस्बा इंचार्ज मोहम्मद अकरम खान, लाइनमैन प्रमोद कुमार, रजनीश राठौर, हरनाम सिंह बाबा, सभासद राहुल यादव, कुदरतुल्ला, मुल्लाजी सहित भारी संख्या में लोग मौके पर मौजूद रहे। घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल सचिन मिश्रा को दे दी गई है। क्षेत्रीय लेखपाल सचिन मिश्रा ने बताया कि अभी-अभी सूचना मिली है। उच्च अधिकारियों को सूचना प्रेषित की जा रही है और पीड़ित को हर संभव सरकारी सहायता दिलाने का कार्य किया जाएगा।



आग से जला घरेलू सामान — समृद्धि न्यूज

# खबरें चलते-चलते

## नामांकन के पहले दिन दो लोगों ने खरीदे आवेदन

▸ सांसद का ऑडियो वायरल करने वाले विक्रांत राना भी लड़ेंगे चुनाव



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए गुरुवार से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी है, लेकिन पहले दिन किसी भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन नहीं किया, बल्कि दो उम्मीदवारों ने प्रपत्र लिये है। नामांकन प्रक्रिया 25 अप्रैल तक चलेगी। कलेक्ट्रेट में नामांकन कक्ष से लेकर मुख्य द्वार तक सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम जिला प्रशासन द्वारा किये गये है। नामांकन पत्र दाखिल करने का समय 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक का है। पहले दिन भारतीय जवान किसान पार्टी की ओर से विद्या प्रकाश कुरीर पुत्र नत्थूलाल निवासी सर्वोदय नगर फर्रुखाबाद ने नामांकन पत्र लिया है। वहीं विक्रांत सिंह पुत्र स्व0 राजेन्द्र सिंह निवासी पांचाल घाट भगुआ नगला थाना कादरीगेट ने स्वतंत्र इंडिया लेबर पार्टी से भी आवेदन पत्र लिया है। बताते चले विद्या प्रकाश कुरील लम्बे समय से प्रत्येक चुनाव में उम्मीदवार बनते आ रहे हैं। वहीं विक्रांत सिंह उर्फ राना सरकार जो कि मौरम गिट्टी का सप्लायर का कार्य करते है। बीते वर्ष मौरम के लेनदेन को लेकर भारतीय जनता पार्टी के सांसद व प्रत्याशी मुकेश राजपूत से विवाद होने के दौरान सुर्खियों में आये। इस दौरान सांसद द्वारा दी गई धमकी व अभद्र भाषा के आडियों भी उन्होंने खूब सोशल मीडिया पर वायरल किये।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। स्वजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव कादरदादपुर सराय निवासी मनोज की 25 वर्षीय पत्नी खुशबू का शव गुरूवार देर शाम कमरे के कुंडे में साड़ी के सहारे लटका मिला। मृतका की तीन माह की पुत्री के रोने पर स्वजनों को घटना की जानकारी हुयी। कमरे में एक सीढ़ी रखी हुयी थी। स्वजनों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे हल्का इंचार्ज दारोगा शिव बहादुर सिंह ने मामले की जांच की। पुलिस ने मृतका के मायके वालों को सूचना दे दी है। मृतका की शादी एक वर्ष पूर्व इलाहाबाद के सुल्तानपुर से हुयी थी। पुलिस ने कमरे का दरवाजा खोलकर मृतका के शव को बाहर निकाला।

## दबंग को तमंचा सहित पुलिस ने पकड़ा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला छपट्टी निवासी रिंकू पुत्र सुभाष चंद्र कश्यप ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि वह सब्जी व फलों की ठेली लगाकर बेचने का काम करता है। पीड़ित के मोहल्ले के निखिल पुत्र राकेश उर्फ बाबूराम आजाद पर 150 रुपए बकाया थे। गुरुवार को लगभग 6.30 बजे वह नगर पालिका परिषद कार्यालय के बाहर खीरे की ढेली लगाएं हुए था, तभी निखिल वहां से गुजर रहा था। जिस पर पीड़ित ने उससे अपने बकाया रुपए मांगे, तो वह गाली गलौज कर हाथापाई करने लगा। निखिल का भाई राहुल तीन चार लोगों को लेकर पहुंच गया और पीड़ित के साथ गाली-गलौज करते हुए लात-घूसों से मारपीट शुरु कर दी। राहुल के साथी ने पीड़ित के सीने पर तमंचा लगा दिया और जान से मारने की धमकी दी। जिस पर किसी तरह पीड़ित ने तमंचा छीन लिया और चौकी पुलिस के सुपुर्द कर दिया। ग्रामीणों की चर्चा के अनुसार जुआ खेलने को लेकर विवाद हुआ था। निखिल तमंचा लेकर आया और चौकी के पास घूम रहा था, तभी ग्रामीणों ने पकड़ कर पिटाई करने के बाद तमंचाधारी को कस्बा चौकी इंचार्ज विद्यासागर तिवारी, उप निरीक्षक नितिन यादव, कांस्टेबिल विनीत कुमार के सुपुर्द कर दिया।

## चुनाव को निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया जाये: व्यय प्रेक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किये गए व्यय प्रेक्षक श्रीनिवासन राव वाना की अध्यक्षता में समस्त लेखा टीमों (लेखा टीम, सहायक व्यय प्रेक्षक, एफ.एफ.टी., एस.एस.टी., वी.वी.टी., वी.एस.टी.) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रेक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी टीमों द्वारा 24 घंटे निगरानी की जाये। सभी तरह के व्यय पर निगरानी रखी जाये। चुनाव को निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया जाये। नामांकन का कार्य शुरु हो गया है। इसलिए सभी लोग अपनी-अपनी डियूटी का पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ पालन करें। सभी के सहयोग से ही हम निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न करा सकते हैं। बैठक में वरिष्ठ कोषाधिकारी, एसडीएम अतुल कुमार व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पालिका के ट्रैक्टर से कुचलकर स्कूटी सवार युवक की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर पालिका के बिना नंबर के ट्रैक्टर से कुचलकर स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार शहर के मोहल्ला नुनहाई निवासी 36 वर्षीय पंकज पुत्र नरेन्द्र सिंह अपने मामा अमर सिंह निवासी सिठौली मोहम्मदाबाद के पुत्र अश्वनी के साथ स्कूटी पर सवार होकर उनके घर जा रहा था। वह जैसे ही रेलवे रोड भारतीय स्टेट बैंक के निकट पहुंचा, तभी अचानक गली से नगर पालिका का ट्रैक्टर तेजी से निकला। जिसकी चपेट में पंकज आ गया और उसे ट्रैक्टर ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव को कब्जे लेकर लोहिया अस्पताल भेजा। बताते चलें कि पालिका के जिस ट्रैक्टर से कुचलकर पंकज की मौत हुई उस ट्रैक्टर में नंबर नहीं पड़े थे। शहर कोतवाल जे0पी0 शर्मा ने बताया ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया गया है। मामले जांच की जा रही है।

# नगर पालिका के द्वारा पकड़ी गई गाय छुड़वाने वाले पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी** के आदेश पर कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस ने नगर पालिका के द्वारा पकड़ी गई गायों को छुड़वाने वाले के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार ने प्रभारी निरीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि जिलाधिकारी के आदेशानुसार नगर क्षेत्रान्तर्गत विचरण करने वाले निराश्रित गौवंशो को गौवंश टीम के द्वारा पकड़वाकर कान्हा गौशाला मे सरंक्षित किया जा रहा है। 15 अप्रैल को अथर्व सक्सेना लिपिक के द्वारा अवगत कराया गया कि बेवर रोड पर निराश्रित गौवंशों को पकड़ने का अभियान चलाया गया। स्थानीय निवासी शिशिल त्रिवेदी पुत्र शिवनन्दन त्रिवेदी निवासी निकट नलकूप कोलोनी बेवर रोड के द्वारा अपने गौवंश को जबरन कैटलकेचर से उतार लिया गया। जिससे गाड़ी के अन्दर बन्द दो अन्य गौवंश भी भाग गये। जिसके दृष्टिगत शिशिल त्रिवेदी के द्वारा सरकारी कार्य में बाधा पहुँचाने एवं मुख्यमंत्री की प्राथमिकता योजना का खुला उल्लंघन किये जाने के आरोप में सम्बन्धित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया जाना आवश्यक है। जिससे उक्त घटना की पुनरावृत्ति न हो सके। मालूम हो की गाय पकड़ने का अभियान खानापूर्ति के लिए किया जाता है। जब नगर पालिका के कर्मचारी गायों को पकड़ते हैं तो गाय मालिक जबरन छुड़ा लेते हैं। कई मामलों में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की इसीलिए नगर पालिका को रिपोर्ट दर्ज करने के लिए डीएम का सहयोग लेना पड़ा। आवारा पशुओं के आतंक से नगरवासियों के अलावा शहर की सीमा से लगे किसान भी काफी परेशान है।



सड़क पर खड़ीं आवारा गायें — समृद्धि न्यूज

## दो आरोपी तमंचा सहित गिरफ्तार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने गस्त के दौरान दो आरोपियों को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनका 3/25 आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। कायमगंज कस्बा चौकी इंचार्ज विद्यासागर तिवारी, उपनिरीक्षक नितिन कुमार यादव, कांस्टेबिल राजकुमार, कांस्टेबिल विनीत कुमार के साथ क्षेत्र में गस्त कर रहे थे, तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एमके पैलेस से 20 कदम की दूरी पर एक दविश देकर दोनों व्यक्तियों को पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्तियों के नाम, पता पूछने पर पहले व्यक्ति ने अपना नाम दीपक बाथम उर्फ संतोष उम्र 22 वर्षीय पुत्र सुनील बाथम निवासी मोहल्ला चिलौली पठान थाना कायमगंज बताया। जिसकी जामा तलाशी के दौरान दाहिने पेट में घुसा हुआ एक तमंचा 315 बोर बरामद हुआ तथा दूसरे ने अपना नाम राहुल बाथम पुत्र राकेश बाथम निवासी मोहल्ला चिलांका थाना कायमगंज बताया। जामा तलाशी के दौरान पहने पेट की बाई जेब से दो अदद जिन्दा 315 बोर कारतूस बरामद हुए। दोनोंअभियुक्तों का धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में गौवंश की मौत नहीं पहुंचे नगर पालिका के कर्मचारी

▸ अधिकारियों को सूचना देने के बाद हरकत में आये कर्मचारी जेसीबी लेकर पहुंचे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**फतेहगढ़** नवदिया में रात के समय एक गौवंश की मृत्यु हो गई। मृत्यु की सूचना मोहल्ले के लोगों ने अधिकारियों को दी, लेकिन नगर पालिका का कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचा। रात में गौवंश ऐसे ही पड़ा रहा। जिस कारण मोहल्ले में बदबू फैल रही थी। सुबह तक बदबू बुरी तरह फैलने लगी थी, तभी किसी ने भाजपा के फतेहगढ़ मंडल मीडिया प्रभारी राहुल राठौर को सूचना दी।

राहुल राठौर ने नगर पालिका अधिकारियों को सूचना दी। शाम तक कोई नहीं पहुंचा। राहुल राठौर ने उच्च अधिकारियों को सूचना दी। तब कहीं जाकर अधिकारियों ने कर्मचारियों को सूचना दी। कर्मचारी मौके पर पहुंचकर गौवंश को मशीन से हटाया गया। लोगों का कहना है कि अगर वहां से गौवंश को हटाया नहीं जाता, तो लोगों का सांस लेना दूभर हो जाता।

बताते चलें कि कुछ दिन पूर्व भी एक गाय नाले में गिर गयी थी, तब भी नगर पालिका की लापरवाही सामने आयी थी। डीएम को सूचना देने के बाद नगर पालिका के कर्मचारी जेसीबी लेकर पहुंचे थे। तब कहीं गाय को नाले से बाहर निकाला जा सका था। इससे यह साबित हो गया कि नगर पालिका जनता की नहीं सुनती है, अधिकारियों के कहने पर ही चलती है। इससे लोगों में नगर पालिका के प्रषि रोष है।



गौवंश को गाड़ते नगर पालिका के कर्मचारी — समृद्धि न्यूज

# मतदाता जागरुकता अभियान के तहत दिलायी गई छात्रों को शपथ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


शपथ लेते शिक्षक व छात्र — समृद्धि न्यूज

**जिला निर्वाचन** अधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह व मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा के निर्देशन में तथा प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगढ एo पीo सिंह राठौर की अध्यक्षता में सबसे कम मतदान वाले बूथ संख्या 128, 129 व 130 पर मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। महिला मतदाता जागरूकता प्रभारी भारती मिश्रा ने कहा यहां के आसपास रहने वाले निवासी मतदान के प्रति उदासीन है, इसलिए इन बूथों पर अपेक्षाकृत मतदान कम हो रहा है। हम सबको मिलकर प्रयास करना है इस बार अधिक से अधिक मतदान हो। युवा यदि आगे बढ़कर कार्य करें तो निश्चित रूप से शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जा सकता है। स्वीप कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा ने कहा आप सब लोग अपने-अपने घरों से, परिवारों से रिश्तेदारों से यदि मतदान करने का संकल्प लेंगे तो निश्चित रूप से वे सभी मतदान अवश्य करेंगे। वैभव सोमवंशी ने सभी छात्रों से कहा कि उन्हें राष्ट्रहित में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करना ही चाहिए। इस दौरान सभी को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलायी गई। इस अवसर पर संतोष कुमार कटियार, वेद प्रकाश, इरफान अली, रविंद्र प्रताप सक्सेना, पंकज शुक्ला, अजंता प्रजापति, राजू अहिरवार, आशीष कुमार मिश्रा, देवेंद्र कुमार, अवधेश कुमार, राजेश अग्निहोत्री, सीमा यादव, रश्मि, देवेंद्र कुमार, सुनील कुमार, मनोज कुमार, सुभाष सिंह, शिवा, विशाल, अनुराग, आदित्य, नितिन, कुलदीप, देव, चंदन, आलोक, अजय, छोटू, अनमोल, योगेश, साहिल, आनंद, गगन, वंश, अमित, सुमित, सुमन, शोभित, आशु, रजत, बसंत, मयंक, आयुष आदि मौजूद रहे।

# मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाकर छात्रों को किया गया जागरुक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाते शिक्षक — समृद्धि न्यूज

**कन्हैया लाल** रामशरण रस्तोगी इंटर कालेज में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 वीके सिंह व सीडीओ अरविन्द कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार छात्रों को शपथ दिलायी गई। उन्होंने कहा कि जो युवा 18 साल का उम्र पूर्ण कर चुके है और नये मतदाता है वह अपने मत का प्रयोग अवश्य करें और इस मतदान में बढ़-चढ़कर भाग ले और अपने आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। राष्ट्रहित में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हुए मतदान करवायें। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक राकेश प्रसाद, महाराज सिंह, डा0 यशवंत सिंह, ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, देवेन्द्र कुमार, गजेन्द्र सिंह, हिमांशु शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे। छात्रों ने नारे लगाये।

## खबरें एक नजर में

### चौकी इंचार्ज सहित पांच के विरुद्ध याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेड़ तोड़कर भूमि पर जबरियन कब्जा करने के मामले में मामले में सराय चौकी इंचार्ज सहित पांच लोगों के विरुद्ध पीड़ित ने न्यायालय में याचिका दायर की। थाना अमृतपुर के ग्राम गौरनपुरवा मौजा सरह निवासी लाल सिंह पुत्र सौरंग सिंह ने न्यायालय में दायर की याचिका में दर्शाया कि उसकी भूमि ग्राम गौरनपुरवा मौजा सरह तहसील अमृतपुर में संक्रमणीय भूमिधर काबिज दाखिल चला आ रहा है। आरोपी तेजपाल, उदयपाल बुद्धपाल पुत्र इंद्रपाल तथा हरपाल पुत्र नवरंग निवासी गौरनपुरवा मौजा सरह जबरिया कब्जा करने के उद्देश्य से मेड़ तोड़कर आरजी अपने खेतों में मिलने का प्रयास किया गया। मना करने पर नहीं माने। जिसका न्यायालय में वाद दायर है। न्यायालय द्वारा 6 मार्च को आरोपियों को पर कब्जा करने व मेड़ तोड़ने से रोक दिया गया। इसके बावजूद चौकी इंचार्ज सुरेंद्र यादव से सांठगांठ कर गुंडई के बल पर भूमि बेदखलकर मेड तोड़कर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। मना करने पर भद्दी-भद्दी गालियां व जानमाल की धमकी दी। चौकी इंचार्ज न्यायालय के आदेश को मानने से इनकार कर रहे हैं और कहा कि ऐसे आदेश रोज होते रहते हैं।

### प्रतिबंधित मांस की तस्करी में प्रधान पुत्र गिरफ्तार

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** प्रतिबंधित मांस की तस्करी करने में प्रधान पुत्र सहित नौ के खिलाफ गौवध अधिनियम का मुकदमा दर्ज किया गया था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने प्रधान पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अन्य आरोपितों की तलाश कर रही है। थाना पुलिस ने लगभग डेढ़ माह पूर्व गांव इकलहरा निवासी मैसर खां के घर छापेमारी कर प्रतिबंधित मांस बरामद किया था। पुलिस आरोपित व प्रतिबंधित मांस को थाने ले आयी थी। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे गौरक्षक दल जिलाध्यक्ष दानवीर सिंह ने ग्रामीणों के साथ आरोपितों के घर से गौवंश की खाल, हड्डियां आदि बरामद की थीं। जिसके बाद दानवीर व ग्रामीणों ने पुलिस पर आरोपितों को भगाने का आरोप लगाकर कंपिल बदायूं मार्ग पर जाम लगा दिया था। पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा देकर जाम खुलवाया था। दानवीर सिंह की तहरीर पर इकलहरा निवासी मैसर खां, प्रधान पुत्र जमशाद, ऐसर खां, तेजूब, लेजूम, इशरार, इरशाद व दो अज्ञात के खिलाफ गौवध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मुखबिर की सूचना पर गुरुवार सुबह छापेमारी पुलिस ने आरोपित प्रधान पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी ने बताया एक आरोपित को जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है।

### फर्रुखाबाद जिला अंडर यू-16 क्रिकेट टीम घोषित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फर्रुखाबाद जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव मोहन लाल अग्रवाल ने जिला अंडर यू-16 आयु वर्ग बालकों की टीम घोषित कर दी हो गई। यूपीसीए से तारीख आने पर यह टीम फिरोजाबाद जोन ट्रायल मैचों के लिए जायेगी। जोन में ट्रायल मैच में जो खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करेगें उनको मण्डल हेतु नोएडा भेजा जायेगा। इस टीम 7 बल्लेबाज 1 विकेट कीपर के अलावा सात गेंदबाजों को मौका मिला है। 5 खिलाड़ी रिजर्व में रखे गये है। चयनित टीम में अरुषि चतुर्वेदी, सौरभ कुमार, सात्विक, अभिषेक पाल, सूर्यप्रताप, निहाल, अभय मिश्रा, लव पांडेय, कार्तिकेय तिवारी, आदित्य कुमार, देवांश, आकर्ष कुमार, कौशल मिश्रा, अभिनव देव, देव त्रिपाठी के नाम शामिल है। इसके अलावा रिजर्व में अर्जुन गुप्ता, लकी, हर्षित, प्रयाग बाथम, वंश साध को रखा गया है।

### मार्ग दुर्घटना में आधा दर्जन घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** शमसाबाद क्षेत्र के गांव न्यामतपुर भुकसी निवासी पिंकू (23), भैया लाल (25) व भैया लाल का 5 वर्षीय पुत्र गगन क्षेत्र के गांव उलियापुर निवासी राहुल (32) जनपद कासगंज के थाना पटियाली के गांव लुधइया मझोला निवासी रामलखन व खजुरिया निवासी इंतजार (62) घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल भर्ती कराया गया।

### मधुमक्खियों के हमले में दो घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला जटवारा निवासी सौरभ (24) व नगर के सटे गांव घसिया चिलौली निवासी सुग्रीव (23) को शहद की मक्खियों ने हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। लोगों ने किसी तरह बचाकर अस्पताल भर्ती कराया।

### शांतिभंग में एक गिरफ्तार

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना पुलिस ने एक आरोपी को शांतिभंग में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना अमृतपुर पुलिस ने विमल सिंह पुत्र सुरेश निवासी कुम्हरौर थाना अमृतपुर को धारा 151 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर न्यायालय एसडीएम अमृतपुर के यहां पेश किया।

### तमंचा कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर गुरूवार सुबह गांव नारायणपुर निवासी केशर खान को गांव के ही निकट से तमंचा कारतूस सहित दबोच लिया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# कानोडिया बा.इं.कॉ. में शिक्षक अभिभावक संघ की बैठक सम्पन्न

- प्रधानाचार्या ने शैक्षिक गतिविधियों पर चर्चा कर समिति का किया गठन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


बैठक में विचार रखती प्रधानाचार्या — समृद्धि न्यूज

**मदन मोहन** कानोडिया बालिका इंटर कालेज में प्रबंधक सुनील अग्रवाल व प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी की अध्यक्षता में शिक्षक-अभिभावक संघ की बैठक का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी ने शैक्षिक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की और शिक्षक-अभिभावक संघ समिति का गठन किया गया। रजनी को अध्यक्ष, संध्या मिश्रा को उपाध्यक्ष, ऊषा देवी को मंत्री नियुक्त किया गया। शैक्षणिक कैलेंडर के अनुरुप वर्ष भर होने वाली सभी गतिविधियों, छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति, संचारी रोग नियंत्रण, पर्यावरण संबंधी कार्यक्रम, विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता, मतदाता जागरुकता हेतु प्रेरित करना तथा कैरियर काउंसलिंग द्वारा छात्राओं के भविष्य के लिए चुनाव आदि बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर उप प्रबंधक विजय कुमार गुप्ता, उप प्रधानाचार्या कुसुमलता, इंद्रा राठौर, पूनम शुक्ला, समीक्षा अग्निहोत्री, दर्शना शुक्ला, मंजू, जया सिंह, अनीता, राधा दीक्षित, पारुल जैन, लिपिक अजंट सिंह, राघव मिश्रा, प्रदीप कुमार, पंकज औदिच्य आदि समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बैंक का रुपया न देने पर शाखा प्रबंधक ने दायर किया वाद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**बैंक से** कार लोन की धनराशि अदा न करने व चेक अनादरित हो जाने पर पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक ने न्यायालय में परिवाद दायर कर बैंक की धनराशि दिलाए जाने व कार्रवाई की मांग की। फतेहगढ़ पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक नीरज मौर्य ने न्यायालय में दायर किये परिवाद में दर्शाया की शिशुपाल सिंह पुत्र जोगराज सिंह निवासी ग्राम पोस्ट थाना राजेपुर ने अपने पुत्र विवेक सिंह राठौड़ के नाम से मेरी शाखा से 5 लाख 25 हजार रुपये का ऋण प्राप्त किया था। जिसमें वह गारंटर है। ऋण खाते का नियमित रूप से संचालन न करने के कारण खाता एनपीए की श्रेणी में पहुंच गया। मेरे द्वारा कई बार आग्रह किया गया, 1 मार्च 2024 को 1 लाख 95 हजार रुपये की चेक आर्यावर्त ग्रामीण बैंक शाखा राजेपुर बचत खाते की दी गई। चेक क्लीयरेंस हेतु जब लगाई गई तो चार मार्च को खाता बंद होने के कारण अनादरित हो गई। यह एक दंडनीय अपराध है। विपक्षी ने जानबूझकर खाता बंद होते हुए भी चेक निर्गत कर दी। इसकी मौखिक सूचना दी, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया और ना ही भुगतान किया। 15 मार्च को अपने अधिवक्ता के माध्यम से नोटिस भेजा। जिसे जानबूझकर लेने से इनकार कर दिया। शाखा प्रबंधक ने धारा 138 एनआई एक्ट के तहत तलब करने व चेक की धनराशि ब्याज सहित दिलाए जाने की मांग की है।

# रेहा करनपुर के ग्रामीणों ने कोटेदार के खिलाफ घटतौली का एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**विकास खण्ड** बढ़पुर की ग्राम पंचायत रेहा करनपुर के ग्रामवासियों ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर राशन कोटेदार के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। राशन कोटेदार फिरदोस आलम खां पर ग्रामीणों ने खाद्य सामग्री की चोरी का आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंपा। सभी ने आरोप लगाया कि जब से राशन की दुकान है तब से एक किलो अनाज कोटेदार द्वारा राशन कार्ड धारकों को कम दिया जा रहा है।

करनपुर पट्टी प्रदुम्न के आम राशन कार्ड धारकों के साथ घटतौली कर राशन पूरा नहीं दिया जा रहा है। जबरन कोटेदार घटतौली कर रहे है। साथ ही 50 रुपये लेकर अन्य सामग्री साबुन, ब्रुश, धनिया, हल्दी आदि सामग्री बेंच रहे है। जिला पूर्ति अधिकारी एवं सप्लाई इंस्पेक्टर से भी शिकायत करने के बाद खुलेआम राशन की चोरी की जा रही है। कहीं न कहीं इसमें पूर्ति विभाग के भी लोग मिले हुए है। इस भ्रष्टाचार का खुलासा किया जाये। शिकायत करने वालों में शंकर कुमार, अली मोहम्मद खां, रावण, करुणाशंकर, रामऔतार, संजीव शाक्य, खुशीराम, कंचन, प्रमोद सिंह, सूर्यप्रकाश, हरिचन्द, देवदत्त, तस्लीम, पप्पू, शिवसहाय, सुनील कुमार, विनीत, ओमप्रकाश, किशोर शाक्य, राजकुमार, मनोज कुमार, नसीम खां, ग्यासुर, किशोर शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।

# वीणा साहित्य परिषद द्वारा श्रीराम जन्मोत्सव पर काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


काव्य गोष्ठी में मौजूद साहित्यकार व कवि — समृद्धि न्यूज

**साहित्यिक सांस्कृतिक** और सामाजिक संस्था वीणा साहित्य परिषद् के द्वारा श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।

नगर के बजरिया हरलाल स्थिति वरिष्ठ कवि राम अवतार शर्मा के आवास पर आयोजित काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार ज्योति स्वरूप अग्निहोत्री ने की। उन्होंने कहा कि आज भी संस्कृत का प्राचीन साहित्य प्रासंगिक है, महाकवि कालीदास से लेकर अनेकों महान रचनाकारों की भरत भूमि भारत है, युवा प्राचीन ग्रंथों के अनुवाद को पढ़कर साहित्य के बारे में जाने। संस्कार भारती के प्रांतीय महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि हजारों की तपस्या के बाद आज राम लला अयोध्या में विराजमान है, यह गौरव का विषय है, श्री राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े अनेकों वीरों ने अपने जीवन को त्याग दिया था। संजय गर्ग ने कहा कि आज भी जनपद का साहित्य गौरव का विषय है। कन्नौज से आए अतिथि कवि उमाशंकर वर्मा साहिल ने कहा कि है राम नाम अपराजित पौरुष का प्रतीक है राम नाम अस्मिता हमारे भारत की है राम नाम दुख दोपहरी में था सघन है, राम नाम सभ्यता हमारे भारत की रचना पढ़ी। राष्ट्रीय कवि डा0 सन्तोष पाण्डेय ने कहा कि अंगारों से डरती रहती है जब तक तरुणाई श्रृंगारों में सजती रहती है जब तक तरुणाई। तब तक नहीं देश का बेड़ा पार हुआ करता है, उपदेशों से नहीं राष्ट्र उद्धार हुआ करता है। गज़लकार नलिन श्रीवास्तव ने कहा कि जिंदगी में जब हमारी घुप्प अंधेरे छा गए, तुम न जाने तब कहां से चांद बनकर आ गए। जगत- मां शक्ति दे दो भक्ति दे दो मैं तुम्हें ध्याऊँ। सरल सी भावना दो, मैं तुम्हारे द्वार तक आऊं। महामंत्री राम मोहन शुक्ल ने कहा उठो पार्थ गांडीव उठाओ सुध लो सारे कौरव की। रचकर एक इतिहास नया लिख डालो गाथा गौरव की। राम शंकर अवस्थी ने वाणी वंदना की। राम शंकर अवस्थी, कृष्णकांत अक्षर, अनुराग दीक्षित, अमित त्रिवेदी, प्रेम सागर आदि ने काव्य पाठ किया। संचालन संस्था अध्यक्ष दिलीप कश्यप कलमकार ने किया। व्यवस्था नीरज शर्मा ने संभाली।

# अग्निवीर परीक्षा की तैयारी हेतु एनसीसी कैडेट्स की एमआईसी में कक्षाएं शुरु

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


परीक्षा की तैयारी कराते सूबेदार रंजीत सिंह — समृद्धि न्यूज

**12यूपी बटालियन** एनसीसी फतेहगढ़ के कई एनसीसी कैडेट्स ने अग्निवीर परीक्षा हेतु आवेदन किया है। जिसकी तैयारी हेतु कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रोमिल शर्मा की सहमति पर म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजाशंकर द्वारा कक्षाएं संचालित करवाई जा रही है। अग्निवीर परीक्षा की तैयारी 12यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ केपीआई स्टाफ द्वारा कराई जा रही है। यह क्लासेस 18 अप्रैल से 21 अप्रैल तक म्युनिसिपल इंटर कॉलेज में 9 से 12 तक चलेंगी। गुरुवार को पहली क्लास में विभिन्न विद्यालयों के लगभग 55 एनसीसी कैडेट्स कक्षा में मौजूद रहे। इससे पूर्व में म्युनिसिपल इण्टर कॉलेज के अब तक लगभग 30 एनसीसी कैडेट्स आर्मी में सिलेक्ट हो चुके हैं। जिनकी पोस्टिंग देश के विभिन्न राज्यों में की जा चुकी है। एनसीसी तैयारी के लिए कक्षाओं का संचालन सूबेदार रंजीत सिंह तथा हवलदार संजय द्वारा पी स्टाफके साथ कराया जा रहा है। जिसकी देखरेख विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर द्वारा की जा रही है।

# गुरगांव देवी मंदिर पर मेला देखने गये टैंपो चालक की ट्रेन से कटकर मौत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**बीते दिन** घर से मेला देखने के लिए आये टैंपो चालक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम झौनी नगला निवासी 17 वर्षीय भानु शाक्य पुत्र जसवंत सिंह टैंपो चलाता है। परिजनों के अनुसार भानु बीते दिन नवदुर्गा के समापन पर गुरगांव देवी मंदिर पर लगा मेला देखने गया था, लेकिन वह मेला देखकर वापस घर नहीं लौटा। जिस पर परिजनों को चिन्ता हुई। उन्होंने उसकी खोजबीन शुरु की। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। सुबह ग्रामीणों को हथियापुर के निकट रेलवे लाइन पर भानु का शव पड़ा मिला। घटना की सूचना थानाध्यक्ष मऊदरवाजा को दी गयी। जिस पर थानाध्यक्ष फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। मृतक के पास मिले मोबाइल से उसके परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर मृतक की मां गायत्री देवी आदि परिजन मौके पर आ गए। उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# सीपीआई के संस्थापक पिक्को बाबू को दी गई श्रद्धांजलि

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


पिक्को बाबू को श्रद्धासुमन अर्पित करते शिक्षक

**सीपी इंटरनेशनल** स्कूल एवं सीपी विद्यालय समूह के संस्थापक तथा उद्योगपति एवं समाजसेवी चंद्र प्रकाश उर्फ पिक्को बाबू को उपनिदेशिका अंजू राजे, प्रधानाचार्य संजय बिष्ट, हेड मिस्ट्रेस संदीप कुमार एवं समस्त शिक्षकों के द्वारा श्रद्धांजलि समर्पित की गई। सीपी इंटरनेशनल स्कूल की उपनिदेशिका अंजू राजे ने कहा कि ऐसे महान समाजसेवी के साथ काम करने का मौका मिला, हम गौरवावित है। उनकी कार्यशैली को जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। प्रधानाचार्य संजय विष्ट ने कहा कि शिक्षा का क्षेत्र हो या व्यापार का दोनों में ही बाबू का सराहनीय योगदान है। शरद गोयल ने उनके जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर पुष्पांजलि अर्पित की।

**जागरुकता** — गौरव शाक्य ने छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरुकता की दिलायी शपथ

# सं.वि. सुल्तानपुर में चुनाव पाठशाला का आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


छात्र-छात्राओं को मतदता जागरुकता की जानकारी देते शिक्षकगण — समृद्धि न्यूज

**जिला निर्वाचन** अधिकारी डॉ0 वीके सिंह व मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप अरविंद कुमार मिश्र के निर्देशन में चुनाव पाठशाला का आयोजन कमालगंज के संविलयन विद्यालय सुल्तानपुर में गौरव शाक्य के द्वारा कराया गया। बीएलओ ने सभी मतदाताओं को विद्यालय प्रांगण में एकत्रित कर लोक सभा सामान्य निर्वाचन में आगामी 13 मई को मतदान किए जाने हेतु महिलाओं और युवा वोटरों को एक चुनाव पाठशाला के माध्यम से जागरूक किया। गौरव शाक्य ने छात्र-छात्राओं को जिम्मेदारी दी कि मतदान वाले दिन वह अपने घर में परिवार में ऐसे किसी भी सदस्य को मतदान से वंचित नहीं रहने देंगे, जिसका वोट बना हुआ है। इस दौरान मौजूद सभी लोगों को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाई गई तथा वोट के महत्व को बताया। लोकतंत्र में एक-एक वोट की बहुत बड़ी कीमत होती है और चुनाव का यह पर्व प्रत्येक 5 वर्ष के बाद आता है। हमको सोच समझकर अपने जनप्रतिनिधि का चुनाव करना होगा। इससे जनपद का विकास हो सके तथा जनपद में अच्छे प्रतिनिधि के द्वारा चयनित किए जाने से समस्याओं का समाधान आसानी से हो सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता गौरव शाक्य ने की। इस मौके पर इं0प्र0अ0 नीता, स0अ0 राकेश कुमार, रागनी शुक्ला, सुकृति चतुर्वेदी, सुनीता देवी, सुनीता देवी यादव, सुधा तिवारी, बीकेश कुमार शाक्य, दीक्षा पाल, नागेन्द्र सिंह, रेखा सिंह, स्नेह लता, अजीत सिंह गंगवार उपस्थित रहे।

# एलएसजी के सामने चेन्नई के गेंदबाजों की कठिन चुनौती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**





सुपर जाइंट्स अपने घरेलू मैदान पर शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उतरेगी तो उसके सामने चेन्नई सुपर किंग्स के धारदार गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने की कठिन चुनौती होगी जो इकाना स्टेडियम की पिच पर कहर बरपा सकते हैं।

रूतुराज गायकवाड़ की कप्तानी और महेंद्र सिंह धोनी की प्रेरणा वाली चेन्नई टीम ने पिछले दो मैच जीते हें जबकि केएल राहुल की लखनऊ टीम को लगातार दो पराजय झेलनी पड़ी है। लखनऊ के बल्लेबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं और देखना होगा कि बेहतरीन फॉर्म में चल रहे चेन्नई के गेंदबाजों का सामना वे कैसे करते हैं। यॉर्कर डालने में उस्ताद मथीषा पथिराना को डैथ ओवरों में खेल पाना बहुत मुश्किल है। वहीं मुस्ताफिजुर रहमान के पास कम से कम तीन वैरिएशन हैं।

इकाना जैसे स्टेडियम पर जहां गेंद पर पकड़ अच्छी रहती है, रविंद्र जडेजा काफी असरदार साबित हो सकते हैं। लखनऊ में महीश तीक्षणा के रूप में एक अतिरिक्त स्पिनर को उतारा जा सकता है। लखनऊ में इस सत्र में पहली पारी का औसत स्कोर 175 रन रहा है जो दूसरे मैदानों से कम से कम 15 रन कम है। लखनऊ के युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव पिछले दोनों मैचों में पेट की मांसपेशी में खिंचाव के कारण नहीं खेल सके। उन्होंने अभ्यास शुरू किया और उनकी रफ्तार चेन्नई के बल्लेबाजों के लिये चुनौतीपूर्ण हो सकती है लेकिन देखना यह है कि वह कल खेल पाते हैं या नहीं।

स्पिन में रवि बिश्नोई ने किफायती स्पैल फेंके हैं लेकिन वैरिएशन के अभाव के कारण अभी तक छह मैचों में चार ही विकेट ले सके। बिश्नोई और चेन्नई के आक्रामक बल्लेबाज शिवम दुबे की टक्कर देखने लायक होगी। लखनऊ के प्रमुख बल्लेबाज क्विंटोन डिकॉक लगातार दो अर्धशतकों के बाद पिछले तीन मैचों में कुछ खास नहीं कर सके। 'इंपैक्ट प्लेयर' के नियम के कारण कृणाल पंड्या सातवें नंबर पर उतर रहे हैं और छह मैचों में 41 गेंद ही खेल सके। उनका पूरा इस्तेमाल नहीं करने का खामियाजा भी टीम को भुगतना पड़ा है। कप्तान राहुल भी 204 रन ही बना सके और अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं। निकोलस पूरन ने छह मैचों में 19 छक्के लगाये हैं और उनसे इस लय को कायम रखने की उम्मीद होगी।

### टीमें

**लखनऊ सुपर जाइंट्स :-** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।

**चेन्नई सुपरकिंग्स :-** महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिज़ुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

## ईडी ने हेमंत सोरेन के जमीन खरीद से जुड़े मामले में चार और को किया गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड में बरियातू जमीन सौदे से संबंधित एक धन शोधन के मामले की जांच कर रही केंद्रीय एजेंसी (ईडी) ने छापे मार कर चार आरोपित व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। जमीन अधिग्रहण में कालीकमाई खपाने के आरोप में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कुछ एक अधिकारी जुड़े हैं।

ईडी की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में उसकी हाल की कार्रवाई में गिरफ्तार व्यक्तियों के नाम प्रिय रंजन सहाय, इरशाद अख्तर, अंतु तिर्की और बिपिन सिंह बताए गए हैं। इसके अलावा असरफ अली नाम के एक अन्य व्यक्ति को भी हिरासत में लिया गया है जिसे विशेष ईडी अदालत ने 22 अप्रैल तक हिरात में रखने की मंजूरी दी है।

इससे पहले सद्दाम हुसैन नाम का एक और आरोपी भी 20 अप्रैल तक ईडी की हिरासत में है। उल्लेखनीय है कि यह पूरा मामला पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा रांची के बरियातू में अधिग्रहित की गयी 8.8 एकड़ जमीन से जुड़ा है। इस मामले में श्री सोरेन के अलावा राजस्व विभाग के एक अधिकारी भानुप्रताप प्रसाद पहले से गिरफ्तार हैं और न्यायिक हिरासत में हैं। इसी जमीन सौदे में अवैध कमाई के खपाने के मामले की जांच धन शोधन निवारक अधिनियम 2002 के तहत जांच कर रही है। भानुप्रताप प्रसाद जमीन के मूल सरकारी दस्तावेजों का रक्षक था। श्री सोरेन और प्रसाद पर आरोप है कि उन्होंने अपराध की कमाई को हासिल कर के उसको विभिन्न तरीकों से छुपाया।

## कांग्रेस कार्यकर्ता हैं पार्टी की रीढ़ : राहुल

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए गुरुवार को एक वीडियो जारी किया और कहा की कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ तथा कांग्रेस का असली डीएनए हैं।

श्री गांधी ने लोक सभा चुनाव के पहले चरण के एक दिन पहले जारी एक वीडियो संदेश में कहा कि मेरे प्यारे कार्यकर्ता साथियों आप हमारी पार्टी की रीढ़ की हड्डी हैं। मैंने सोचा चुनाव का समय है, मैं आपसे थोड़ी सी सीधी बात कर लूं। ये आम चुनाव नहीं है। ये संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है जिसमें आप जैसे बब्बर शेर कार्यकर्ताओं के ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। ऐसा इसलिए क्योंकि कांग्रेस की सोच और विचारधारा आपके अंदर है, आपकी रगों में हैं। उन्होंने कांग्रेस की घोषणा पत्र की तारीफ करते हुए कहा कि कांग्रेस का मेनिफेस्टो एक बेहतरीन मेनिफेस्टो है। इसमें हमारी कुछ महत्वपूर्ण गारंटी हैं- गरीब परिवार की एक महिला को सालाना एक लाख रुपए, अप्रेंटिसशिप का अधिकार- सभी ग्रेजुएट्स और डिप्लोमा होल्डर्स को एक साल की अप्रेंटिसशिप और एक लाख रुपए। किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी। मनरेगा श्रमिकों का मेहनताना कम से कम 400 रुपए। कॉन्ट्रैक्ट मजदूरी को खत्म करेंगे। 30 लाख सरकारी नौकरियां देंगे। अग्निवीर को खत्म करेंगे। जीएसटी व्यवस्था को ठीक करेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि हमने जनता की बात सुनकर यह मेनिफेस्टो तैयार किया है। आप इसके बारे में देश की जनता को बताइए।

# मुर्शिदाबाद में राम नवमी यात्रा पर हमले की एनआईए से हो जांच : विहिप

> शोभायात्रा पर जिहादियों के द्वारा किया गया प्राण घातक हमला एक आतंकवादी घटना से कम नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में रामनवमी के पावन अवसर पर निकल रही शोभायात्रा पर जिहादियों के द्वारा किये गए प्राण घातक हमले को एक आतंकवादी घटना बताया है तथा उसकी राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से जांच कराने की मांग की है।

विहिप के केन्द्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ सुरेन्द्र जैन ने मीडिया से बातचीत में आरोप लगाया कि यह हमला तृणमूल कांग्रेस की सरकार के संरक्षण में वहां के जिहादियों के द्वारा किया गया जिसमें दर्जनों हिंदू घायल हुए और दसियों लोग अभी तक गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में हैं। विहिप ने हिंदू समाज की सुरक्षित और स्वाभिमान पूर्ण जीवन जीने को सुनिश्चित करने के लिए घटना के विरुद्ध राज्य व्यापी प्रदर्शन कर राज्यपाल को ज्ञापन देने की घोषणा भी की है। डॉ जैन ने कहा कि मुर्शिदाबाद में रामनवमी के पावन अवसर पर निकल रही शोभायात्रा पर जिहादियों के द्वारा किया गया प्राण घातक हमला एक आतंकवादी घटना से कम नहीं है। घरों की छतों से पत्थर फेंके गए, शोभा यात्रा में शामिल हिंदुओं पर बम फेके गए, तलवारों से हमला किया गया और घेर कर जान से मारने की कोशिश की गई। यह सब एक दिन की तैयारी से नहीं हो सकता था। हफ्तों से तैयारी चल रही होगी, जिसकी जानकारी तृणमूल कांग्रेस और राज्य सरकार को ना हो यह संभव नहीं है। विहिप का आरोप है कि यह हमला तृणमूल कांग्रेस के संरक्षण में वहां के जिहादियों के द्वारा किया गया जिसमें दर्जनों हिंदू घायल हुए और दसियों लोग अभी तक गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में पड़े हैं।

उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी अपनी प्रत्येक सभा में शांति की अपील कर रही थी और रामनवमी पर दंगे की आशंका व्यक्त कर रही थी। वास्तव में वे इसकी आड़ में मुस्लिम समाज को भड़का रही थीं।

## सेना प्रमुख उज्बेकिस्तान में सैन्य अभ्यास के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने गुरूवार को उज़्बेकिस्तान के टर्मेज़ में भारत-उज़्बेकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास 'डस्टलिक' के उद्घाटन समारोह में भाग लिया और प्रशिक्षण क्षेत्र का दौरा किया। जनरल पांडे चार दिन की उज्बेकिस्तान यात्रा पर हैं। समारोह में उनके साथ उज्बेकिस्तान के उप रक्षा मंत्री भी थे।

सेना प्रमुख को अभ्यास क्षेत्र में कमांडरों द्वारा अभ्यास योजना के बारे में जानकारी दी गई। ब्रीफिंग के बाद उन्होंने प्रशिक्षण गतिविधियों को देखा। उन्होंने ने दोनों टुकड़ियों के सैनिकों को संबोधित किया और उनके साथ बातचीत की तथा उनकी कड़ी मेहनत और संयुक्त प्रयासों की सराहना की। उन्होंने दोनों देशों और उनके सशस्त्र बलों के बीच बढ़ती साझेदारी के महत्व को रेखांकित किया। प्रशिक्षण सुविधाओं के दौरे के बाद उन्होंने टर्मेज़ संग्रहालय देखा। 'डस्टलिक' अभ्यास का उद्देश्य परस्पर सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना और पहाड़ी तथा अर्ध शहरी इलाकों में संयुक्त अभियानों को अंजाम देने के लिए संयुक्त क्षमताओं को बढ़ाना है।

## कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शशिकला के खिलाफ खारिज किया मतदाता रिश्वत मामला



एजेंसी, बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने गुरुवार को 2023 राज्य विधानसभा चुनाव से संबंधित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक और पूर्व मंत्री शशिकला जोले के खिलाफ मतदाता रिश्वत मामला खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित ने यह फैसला सुनाते हुए कहा कि सुश्री जोले के खिलाफ रिश्वत के आरोप मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं। न्यायमूर्ति दीक्षित ने इस बात पर प्रकाश डाला कि किसी कार्य को रिश्वतखोरी माने जाने के लिए, इसमें कम से कम दो पक्ष शामिल होने चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केवल चुनावी अपराधों के लिए इस्तेमाल होने वाले संदिग्ध धन को रखना रिश्वत के रूप में योग्य नहीं है। न्यायमूर्ति दीक्षित ने कहा कि सुश्री जोले के खिलाफ लगाए गए आरोपों से किसी अपराध के घटित होने का खुलासा नहीं हुआ। उन्होंने मजिस्ट्रेट द्वारा पारित आदेश की आलोचना करते हुए कहा कि इसमें तर्क और विवेक दोनों का अभाव है।

# हिमाचल में बनी 20 दवाओं के सैंपल फेल

**एजेंसी, शिमला।**



हिमाचल प्रदेश में बनी 20 दवाओं के सैंपल फेल हो गए हैं। केन्द्रीय दवा मानक नियंत्रण संगठन ने इस माह का ड्रग अलर्ट जारी किया है।

देश में दवाओं के कुल 59 सैंपल फेल हुए हैं, जिसमें हिमाचल की दवाओं के फेल हुए सैंपल की संख्या भी 20 है। जिन दवाओं के सैंपल फेल हुए हैं उनमें एलर्जी, दर्द, एंटीबायोटिक, हार्ट, बीपी व शुगर सहित कई बीमरियों की दवाएं शामिल हैं। उपदवा नियंत्रण बद्दी मनीष कपूर ने बताया कि जिन उद्योगों की दवाओं के सैंपल फेल हुए हैं उन सभी को नोटिस जारी किए गए हैं।

सीडीएससीओ ने मिली जानकारी के मुताबिक लीगन हैल्थ केयर परवाणू की रिफाक्सिमिन टैबलेट 200 एमजी का बैच नम्बर टी. एक्स 17329 व रिफाक्सिमिन फेक्सिजेन 550 का बैच नम्बर टी. एक्स 17503, एस्ट्रिका हैल्थकेयर बद्दी की एसट्रिपेरियन इंजैक्शन 5000 आईयू, 5 एमएल का बैच नम्बर एजीआई - 23077, जेएमएम लैबारेटरीज कालाअंब जिला सिरमौर की पार्डिक-एसपी का बैच नम्बर जेएमटी-2208520, टोर्कयू फार्मास्यूटिकल प्राइवेट लिमिटेड की मॉनटोर-एलसी का बैच नम्बर बी-18523003, सिगमा सॉफटजेल एंड फार्मूलेशन बद्दी की एसेमेटिल-एसपी का बैच नम्बर एसडी7744ए, बायोअल्टस फार्मास्यूटिकल प्राइवेट लिमिटेड बद्दी की टैलवर्ज एच का बैच नम्बर बीडी 231669एच, ओरिसन फार्मा इंटरनैशनल कालाअंब जिला सिरमौर की ओपी सोप्रोएट-200 का बैच नम्बर 23ई-टी 990, फार्मारूटस हैल्थ केयर टिपरा बरोटीवाला बद्दी की कैल्शियम कार्बोनेट 500 एमजी का बैच नम्बर पीटी-30670, व पीटी 30665, एमसी फर्मास्यूटिकल प्राइवेट लिमिटेड पाँवटा साहिब सुरजपुर की एक्सीफ्लो-ओज का बैच नम्बर एमए आरएमटी-240, सेलस फार्मास्यूटिकल बद्दी की सलूजिंक-20 का बैच नम्बर एसपीटी 230376, एएनजी लाइफ साइंस इंडिया लिमिटेड बद्दी की इनालप्रिल मेइलेट 5 एमजी का बैच नम्बर टी 013002, मोरेपेन लैबोरेटरीज परवाणू की डोमिपेन की ईके 0571, ओरचिड मेडलाइफ प्राइवेट लिमिटेड बद्दी की रबेन-20 का बैच नम्बर टीजे 231109, एसेस लाइफ साइंस परवाणू की एबरोडॉल-एस कफ सिरप का बैच नम्बर एएलएल-1070 व एल मैल्ट सिरप का बैच नम्बर एएलएल-1038, साइटैक मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड ट्रेइपोड 200 का बैच नम्बर सीटी-0778ए, डिजिटल विजिन कालाअंब सिरमौर की एलेमो का बैच नम्बर जीटीडी 0813ए व फोरेजेन हैल्थ केयर लिमिटेड बद्दी की फ्लूटोल टैबलेट की बैच नम्बर एफटी-22741 का सैंपल फेल हुआ है।

## ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग का जीर्णोद्धार प्राथमिकता : हेमा मालिनी

**समृद्धि न्यूज, मथुरा।**



मथुरा की मौजूदा सांसद और लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी हेमा मालिनी ने गुरुवार को कहा कि अपने अगले कार्यकाल में उनकी प्राथमिकता ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा का जीर्णोद्धार कराना होगा।

उन्होने कहा कि ऐसा करने से अधिक से अधिक पर्यटक ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा के लिए लालायित होंगे तथा उनकी संख्या जितना बढ़ेगी ब्रजवासियों को उतने ही रोजगार के अवसर मिलेंगे। सांसद नेबताया कि उन्होंने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से अनुरोध कर ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा के लिए पांच हजार करोड़ की योजना स्वीकृत कराई थी लेकिन उसकी डीपीआर 11 हजार करोड़ की बन गई। इसलिए वे शेष धन राशि केन्द्र सरकार से स्वीकृत कराकर ब्रज चौरासी कोसी परिक्रमा का ऐसा जीर्णोद्धार कराएंगी कि प्राचीनता को अपने अन्दर समेटे वह आधुनिक सुविधाओं से युक्त हो। यदि वे अपनी योजना के अनुरूप ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा का सौदर्यीकरण करा सकीं तो मानेंगी कि ब्रज की गोपी को कान्हा का आशीर्वाद मिल गया है। मथुरा की सांसद ने सीएम योगी का आभार जताते हुये कहा कि उन्होंने उनके कहने पर वृन्दावन, गोवर्धन, मथुरा, नन्दगांव, बरसाना, गोकुल और बल्देव को तीर्थस्थल घोषित किया और अब इनका विकास तीर्थ की भावना के अनुरूप हो रहा है।

## दानापुर के कुछ मंदिरों से हटाए गए पीएम मोदी के पोस्टर, जांच के आदेश

एजेंसी, पटना। बिहार की राजधानी पटना के दानापुर अनुमंडल में शिकायत मिलने पर कुछ मंदिरों में चिपकाए गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पोस्टर हटा दिए गए। दानापुर की एएसपी दीक्षा ने गुरुवार को यहां बताया कि संज्ञान में आया है कि कुछ मंदिरों के बाहर और अंदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पोस्टर चिपकाये गये हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी पोस्टर हटा दिए गए हैं और जांच के आदेश दे दिए गए हैं। सुश्री दीक्षा ने कहा कि एक दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है और उनके नेतृत्व में अधिकारियों की एक टीम द्वारा जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद इस संबंध में कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि उन मंदिरों की सूची तैयार की जा रही है, जहां प्रधानमंत्री श्री मोदी के भगवान राम की पूजा करने वाले पोस्टर चिपकाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि देश में चल रहे लोकसभा चुनाव को देखते हुए आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। आदर्श आचार संहिता को सख्ती से लागू करने के लिए प्रशासन अलर्ट है।

# फीनिक्स यूनाइटेड लखनऊ में चल रहा है डेनिम फेस्ट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




> फैशन प्रेमियों के लिए उपलब्ध हैं ब्रांडेड डेनिम्स की बड़ी रेंज

लखनऊ के डेनिम प्रेमियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। फीनिक्स यूनाइटेड मॉल 13 से 28 अप्रैल 2024 तक एक बेहतरीन डेनिम फेस्ट का आयोजन रहा है। इस डेनिम फेस्ट के दौरान फैशन प्रेमियों के डेनिम फैशन का एक अनूठा संगम उपलब्ध होगा।

जो भी ग्राहक इस फेस्ट में हिस्सा लेने वाले ब्रांड्स से रु. 3999 या उससे अधिक की खरीदारी करेंगे, उन्हें शानदार गिफ्ट मिलेंगे। स्मार्ट बाज़ार, जुड़ियो, वैन हुसेन, वुडलैंड, पैंटालून्स, मुफ्ती, पीटर इंग्लैंड, एलन सोली, ली कूपर, मैक्स, ब्लैकबेरी और मोंटी कार्लो जैसे बेहतरीन ब्रांड इस फेस्ट में भाग ले रहे हैं, जिनसे हर किसी की डेनिम से जुड़ी चाहतें यहाँ पूरी हो सकती हैं।

इस मौके पर बोलते हुए, फीनिक्स मिल्स लिमिटेड के सीनियर सेंटर डायरेक्टर संजीव सरीन ने कहा कि डेनिम हमेशा से फैशन का हिस्सा रहा है। हम लखनऊ के लोगों के लिए डेनिम फेस्ट लेकर आए हैं, इस बात की हमें बेहद प्रसन्नता है। बेहतरीन ब्रांड और रोमांचक ऑफर के साथ, डेनिम फेस्ट में आप अपने लिए नए और स्टाइलिश डेनिम ड्रेसेज खरीद सकते हैं। हम सभी को इस डेनिम फैशन की दुनिया का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हैं।

# अधिकार के छीन लेने की जुगत पीएम मोदी : संजय सिंह

**एजेंसी, नई दिल्ल।**



आम आदमी पार्टी ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर के लिखे संविधान और जनता को मिले वोट के अधिकार को छीनने के लिए भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 400 सीटें मांग रहे हैं।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को कहा कि राजनीतिक दलों के नेताओं और देश की जनता के मन में लगातार यह बात मजबूत हो रही है कि 2024 का चुनाव अंतिम चुनाव है। अगर गलती से भी भाजपा की सरकार आ गई तो फिर ये लोग संविधान बदल देंगे, चुनाव और आरक्षण खत्म कर देंगे। किसानों, युवाओं और महिलाओं के अधिकार के छीन लेंगे। अब यह आशंका हर दिन और मजबूत होती जा रही है। इसके एक नहीं कई उदाहरण है जिससे लोगों में संविधान बदलने की धारणा और मजबूत कर रही है। श्री सिंह ने कहा कि देश के लोगों के लिए बाबा साहब अंबेडकर ने भारत का संविधान लिखा है लेकिन भाजपा के लिए आरएसएस के प्रमुख संविधान लिखते हैं। आरएसएस को देश के संविधान में आस्था नहीं है इसीलिए वह इसको बदलना चाहते हैं। आप नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के सांसद और नेता घूम-घूमकर 400 सीटें मांग रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इलेक्टोरल बॉन्ड और नोटबंदी के घोटाले, पूंजीपतियों का 15 लाख करोड़ रुपए माफ करने जैसे मुद्दे पर चर्चा नहीं नहीं करते हैं। वह 400 सीटें इसलिए मांग रहे हैं क्योंकि उनको देश का संविधान बदलना है। उन्होंने कहा कि अयोध्या के भाजपा सांसद लल्लू सिंह एक सभा में खुलेआम कहते हैं कि 400 सीट इसलिए चाहिए क्योंकि हमें संविधान बदलना है। भाजपा की ज्योति मिर्धा और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनंत हेगड़े भी कहते हैं कि 400 सीट दे दो, क्योंकि संविधान बदलना है। अभी हाल ही में मेरठ से भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल ने कहा है कि भाजपा को 400 सीट चाहिए क्योंकि हमें संविधान बदलना है। आप नेता ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के द्वारा लिखे गए देश के संविधान से अगर कोई छेड़छाड़ करेगा तो हम जान की बाजी लगाकर लड़ेंगे। हम आरक्षण खत्म नहीं करने देंगे, किसानों और युवाओं के हक नहीं मारने देंगे। 2019 से 2024 की सरकार में मोदी सरकार ने संविधान बदलने का ट्रेलर दिखाया है। 2024 का चुनाव जीतने के बाद आरएसएस और नागपुर का संविधान देश में लागू करेंगे। उन्होंने दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों के साथ-साथ देश के हर नागरिक से आग्रह करते हुए कि आप सावधान हो जाइए। अगर ये जीत गए तो आपसे वोट की ताकत छीन लेंगे।

## आप ने महेश खिची को महापौर और रविंद्र भारद्वाज को उपमहापौर का उम्मीदवार बनाया



आम आदमी पार्टी ने दिल्ली नगर निगम के महापौर के लिए महेश खिची और उपमहापौर पद के लिए रविंद्र भारद्वाज को उम्मीदवार बनाया हैं। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय और निगम के प्रभारी दुर्गेश पाठक ने महापौर उपमहापौर प्रत्याशी की घोषणा करते हुए आज कहा कि पहले भी दिल्ली के लोग लोकसभा, विधानसभा और निगम के चुनाव में वोट देकर अपना प्रतिनिधि चुनती रही है लेकिन अरविंद केजरीवाल के उदय के बाद पहली बार दिल्ली और देश में काम की राजनीति शुरू हुई है। वहीं, दूसरी तरफ लोग भाजपा की नकारात्मक राजनीति से धीरे-धीरे दूर होते गए। दिल्ली विधानसभा में दूसरी बार बुरी तरह हारने के बाद भाजपा यह समझ गई कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल को किसी भी तरह से हराया नहीं जा सकता है इसलिए षड़यंत्र करके आम आदमी पार्टी को खत्म करना पड़ेगा। श्री राय ने कहा कि भाजपा के षड़यंत्र की शुरूआत एमसीडी चुनाव से पहले पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी के साथ हुई। सारे षड़यंत्रों के बाद भी दिल्लीवालों ने दिल्ली विधानसभा की तरह निगम से भी भाजपा की विदाई कर दी। निगम में हारने के बाद भाजपा और बौखला गई। इसके बाद भाजपा ने मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कराया और अब अरविंद केजरीवाल को भी झूठे आरोपों में जेल में बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के काम को देखकर जैसे दिल्ली की जनता ने विधानसभा और निगम से भाजपा की विदाई की है और अब लोकसभा में भी उसे जवाब देगी। अरविंद केजरीवाल के काम को गिरफ्तार किया गया है, उनको अपमानित किया जा रहा है।जेल का जवाब लोकसभा चुनाव में भी जनता वोट से देगी। आप नेता ने कहा कि इस साल आरक्षित श्रेणी से महापौर का चुनाव होना है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने निर्णय लिया है कि इस बार पार्टी की तरफ से महापौर के प्रत्याशी महेश खिची होंगे। वह करोल बाग विधानसभा के देव नगर वार्ड 84 से आम आदमी पार्टी के पार्षद हैं। वहीं रविंद्र भारद्वाज को उपमहापौर का प्रत्याशी बनाया है। वह दूसरी बार किराड़ी विधानसभा के अमन विहार वार्ड 41 से पार्षद चुने गए हैं।

# शेयर बाजार में चौथे दिन गिरावट

**एजेंसी, मुंबई।**

विश्व बाजार की तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, एफएमसीजी, हेल्थकेयर, बैंकिंग और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स समेत अठारह समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार चौथे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 454.69 अंक का गोता लगाकर 72,488.99 अंक पर आ गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 152.05 अंक की गिरावट लेकर 22 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक अंक के नीचे 21,995.85 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों कि शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। मिडकैप 0.39 प्रतिशत उतरकर 40,159.66 अंक रह गया जबकि स्मॉलकैप 0.06 प्रतिशत बढ़कर 45,450.47 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3929 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1934 में बिकवाली जबकि 1863 में लिवाली हुई वहीं 132 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 36 कंपनियों में गिरावट जबकि शेष 14 में तेजी रही। बीएसई में टेक और दूरसंचार में 1.62 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर शेष 18 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.39, सीडी 0.54, ऊर्जा 1.28, एफएमसीजी 1.00, वित्तीय सेवाएं 0.62, हेल्थकेयर 1.23, इंडस्ट्रियल्स 0.03, आईटी 0.19, यूटिलिटीज 0.20, ऑटो 0.73, बैंकिंग 1.09, कैपिटल गुड्स 0.01, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.52, धातु 0.50, तेल एवं गैस 0.96, पावर 0.33, रियल्टी 0.70 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.24 प्रतिशत टूट गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी रही। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.21, जर्मनी का डैक्स 0.01, जापान का निक्केई 0.31, हांगकांग का हैंगसेंग 0.82, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.95 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.09 प्रतिशत मजबूत रहा। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 239 अंक की तेजी के साथ 73,183.10 अंक पर खुला और दोपहर तक 73,473.05 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा लेकिन भारी बिकवाली के दबाव में कारोबार के अंतिम चरण में 72,365.67 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 72,943.68 अंक के मुकाबले 0.62 प्रतिशत लुढ़ककर 72,488.99 अंक रह गया। इसी तरह निफ्टी 64 अंक उतरकर 22,212.35 अंक पर खुला और सत्र के 22,326.50 अंक के उच्चतम जबकि 21,961.70 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,147.90 अंक की तुलना में 0.69 प्रतिशत कमजोर रहकर 21,995.85 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की जिन कंपनियों ने नुकसान उठाया उनमें नेस्ले इंडिया 3.31, टाइटन 3.31, एक्सिस बैंक 2.72, एनटीपीसी 2.19, टाटा मोटर्स 2.12, आईटीसी 1.64, टेक महिंद्रा 1.35, बजाज फिन सर्व 1.30, आईसीआईसीआई बैंक 1.13, एचडीएफसी बैंक 0.98, विप्रो 0.96, एसबीआई 0.94, सन फार्मा 0.86, मारुति 0.80, टीसीएस 0.23, रिलायंस 0.21, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.07 और टाटा स्टील 0.03 प्रतिशत शामिल हैं। वहीं, भारती एयरटेल 4.15, पावरग्रिड 2.13, इंफ़ोसिस 0.41 और एलटी के शेयर 0.28 प्रतिशत के लाभ में रहे।

